सुप्रभात
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ
बाल दिवस की शुभकामनाएं
रांची, सोमवार 14.11.2022 * नगर संस्करण । पेज : 12
मार्गशीर्ष , कृष्ण पक्ष, षष्ठी, संवत 2079 , मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 121 epaper.khabarmantra.net




## न्यूज डायरी

### चक्रधरपुर में 144 जारी पुलिस ने भांजी लाठियां

**चक्रधरपुर।** हिंदूवादी नेता कमल देव गिरि की हत्या के बाद शहर की स्थिति शांतिपूर्ण लेकिन तनावपूर्ण बना हुई है। पूरा चक्रधरपुर पुलिस छावनी में तब्दील है। रविवार दोपहर 3 बजे उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। उपायुक्त के निर्देश पर मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में डॉक्टरों के पैनल ने शव का पोस्टमॉर्टम किया। दोपहर कमल देव गिरि के शव यात्रा में शामिल हजारों की भीड़ अचानक बेकाबू हो गयी और तोड़फोड़ पर उतर आयी।

### द्रौपदी मुर्मू जनजातीय गौरव दिवस में होंगी शामिल

**भोपाल।** राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू मध्यप्रदेश के शहड़ोल में 15 को होने वाले जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगी। सीएम शिवराज सिंह चौहान ने एक ट्वीट के माध्यम से यह जानकारी दी। श्री चौहान ने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि मध्यप्रदेश का निमंत्रण राष्ट्रपति ने स्वीकार किया है। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू का मध्यप्रदेश का प्रथम आगमन हमारे लिए गौरव का विषय है।

### समीर उरांव पर अगरतला में जानलेवा हमला

**रांची।** झारखंड से राज्यसभा सांसद और भाजपा के एसटी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव एक जानलेवा हमले में घायल हो गये हैं। उन पर बरमुरा से एक बैठक के बाद अगरतला लौट रहे थे। टिपरा मोथा समर्थकों पर हमले का आरोप है। समीर उरांव के साथ पार्टी नेता विकाश देववर्मा और विद्युत देववर्मा भी मौजूद थे। समीर उरांव इन दिनों त्रिपुरा में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव के लिये बूथ विजय अभियान में भाग लेने त्रिपुरा के दौरे पर हैं।

### राष्ट्रपति पर अभद्र टिप्पणी के खिलाफ केस दर्ज

**नयी दिल्ली।** भाजपा सांसद लॉकेट चटर्जी ने नयी दिल्ली में पश्चिम बंगाल के मंत्री और टीएमसी नेता अखिल गिरि के खिलाफ नॉर्थ एवेन्यू पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करायी है। अखिल गिरि ने शुक्रवार को नंदीग्राम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की थी। लॉकेट चटर्जी ने कहा, 'ममता बनर्जी को बयान देना चाहिए. अखिल गिरी उनकी सरकार में मंत्री हैं, उन्हें उन्हें तुरंत बर्खास्त कर देना चाहिए। उन्हें दिल्ली आना चाहिए और माफी मांगनी चाहिए।

### गोड्डा-कोलकाता सीधी रेल सेवा शुरू

**गोड्डा।** गोड्डा से कोलकाता सीधी रेल के रूप में झारखंड को एक और सौगात मिल गयी। सांसद निशिकांत दुबे ने गोड्डा –कोलकाता ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। गोड्डा रेलवे स्टेशन से खुलने वाली ये 9वीं ट्रेन है। गोड्डा अब सीधे राजधानी रांची, उपराजधानी दुमका, भागलपुर, दिल्ली से जुड़ चुकी है। अब गोड्डा से सीधे कोलकाता के लिए भी डेली रेल सेवा आरंभ हो गयी। इस मौके पर मालदा डिविजन डीआरएम अरुण अरोड़ा समेत कई अधिकारी भी मौजूद थे। गोड्डा कोलकाता ट्रेन हर दिन गोड्डा से सुबह 8.35 बजे स्टेशन से खुलेगी और उसी दिन शाम 6.35 बजे सियालदाह स्टेशन पहुंचेगी।

# झारखंड स्थापना दिवस समारोह में भाग नहीं लेंगी राष्ट्रपति मुर्मू

## देवघर दौरा भी टला, अब सीधे जबलपुर रवाना हो जायेंगी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**





**रांची।** 15 नवंबर को भगवान बिरसा जयंती और झारखंड का 22वां स्थापना दिवस समारोह की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। स्थापना दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को मुख्य समारोह में शामिल होना था, परंतु अब राष्ट्रपति का रांची के मोरहाबादी और देवघर जाने का कार्यक्रम रद्द हो गया है।

झारखंड स्थापना दिवस एवं जनजातीय गौरव दिवस पर आयोजित राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कार्यक्रम में बड़ा बदलाव हुआ है। रविवार को देर शाम राष्ट्रपति सचिवालय की ओर से जारी कार्यक्रम के मुताबिक, राष्ट्रपति न तो राजधानी रांची के मोरहाबादी में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हो रही हैं, न ही उलिहातू, खूंटी में आयोजित होनेवाले अन्य कार्यक्रमों में शिरकत करेंगी। राष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार द्रौपदी मुर्मू 6:15 बजे राष्ट्रपति भवन से रवाना होंगी और शाम 5: 25 बजे वह मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में राजभवन पहुंचेंगी। पहले के कार्यक्रम के अनुसार राष्ट्रपति 15 की सुबह 8.20 बजे रांची आनेवाली थीं। एयरपोर्ट से वह सीधा उलिहातू जातीं और कार्यक्रम में शामिल होने के बाद 10.10 बजे एयरपोर्ट लौट कर मध्यप्रदेश के जबलपुर रवाना हो जायेंगी। राष्ट्रपति के कार्यक्रम में हुए संशोधन से राजनीतिक हलकों में चर्चा का बाजार गर्म हो गया है। (शेष पेज 11 पर)

# सीएम देंगे कई योजनाओं की सौगात

## झारखंड का 22 वां स्थापना दिवस समारोह कल, सभी तैयारियां पूरी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** लंबे संघर्ष के बाद अलग राज्य के रूप में बना झारखंड 15 नवंबर को अपना 22वां वर्षगांठ मनाने जा रहा है। इसकी तैयारियां जोरों पर है। मुख्य कार्यक्रम ऐतिहासिक मोरहाबादी मैदान में होगा। सीएम हेमंत सोरेन, बिरसा जयंती और राज्य स्थापना दिवस पर सरकार की ओर से युवाओं को कई सौगात देने जा रही है। इनमें गुरुजी क्रेडिट कार्ड सहित 4 योजनाओं की शुरुआत की जायेगी। मोरहाबादी मैदान स्थित स्थापना दिवस समारोह स्थल को भव्य रूप से सजाया जा रहा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के अलावा ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम सहित कई गणमान्य अतिथि संबोधित करेंगे। झारखंड राज्य स्थापना दिवस समारोह में राष्ट्रपति मुख्य अतिथि थीं लेकिन, अंतिम समय में अपरिहार्य कारणों से उनका प्रोग्राम रद्द कर दिया गया है। इस दिन हेमंत सरकार झारखंडवासियों को कई योजनाओं की सौगात देगी। इसमें उच्च एवं तकनीकि शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, श्रम विभाग, उद्योग विभाग, नगर विकास विभाग सहित स्वास्थ्य विभाग की योजना शामिल हैं। इसके अलावा स्थापना दिवस पर सीएम करोड़ों रुपये की योजनाओं का शिलान्यास और उदघाटन करेंगे। लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण होगा।

**इन योजनाओं की मिलेगी सौगात** : सीएम मोराबादी मैदान में सूखाग्रस्त किसानों को राहत देने के लिए एप और पोर्टल होगा लॉच करेंगे। 29 दिसंबर को 30 लाख किसानों को एक मुश्त सहायता दी जायेगी। 22 जिलों के 226 प्रखंडों को घोषित किया गया है। किसानों की दशा सुधारने के लिए अन्य उपाय भी किये जा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार उच्च तकनीकि शिक्षा विभाग की तीन, श्रम विभाग की एक योजना की शुरूआत होगी। रांची सदर अस्पताल के नये भवन का उदघाटन होगा। उद्योग और नगर विकास की नीतियां लॉच हो सकती है। 15 नवंबर को रांची सदर अस्पताल के नये भवन का उदघाटन होगा। दरअसल,2007 में इस भवन निर्माण की आधारशिला रखी गयी थी। (शेष पेज 11 पर)

## पाक को हरा कर इंग्लैंड दूसरी बार बना टी-20 वर्ल्ड कप विजेता



# क्रिकेट को मिला पहला डबल चैंपियन

**एजेंसी**

**मेलबर्न।** इंग्लैंड क्रिकेट इतिहास का पहला डबल वर्ल्ड चैंपियन बन गया है। रविवार को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में खेले गये फाइनल में पाकिस्तान को 5 विकेट से हराकर दूसरी बार टी-20 वर्ल्ड कप का खिताब दूसरी बार जीत लिया है। इंग्लैंड के नाम इस समय वनडे वर्ल्ड कप खिताब भी है। पहली बार किसी टीम के पास एक साथ वनडे और टी-20 दोनों का वर्ल्ड टाइटल हैं। इंग्लैंड ने इससे पहले 2010 में टी-20 का विश्व कप जीता था। फाइनल में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान की टीम 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 137 रन ही बना सकी। जवाब में 138 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की टीम ने 19.0 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 138 रन बना कर खिताब अपने नाम कर लिया। इंग्लैंड के लिए सबसे ज्यादा 52 रन नाबाद बेन स्टोक्स ने बनाये। पाकिस्तान के लिए हारिस रउफ ने 2 विकेट लिये। इंग्लैंड के हरफनमौला खिलाड़ी सैम करन प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द टूनामेंट रहे। सैम करेन (12/3) की शानदार गेंदबाजी की मदद से पाकिस्तान को 137 रन पर रोक दिया था। करेन ने टूनामेंट के सुपर-12 चरण में सर्वाधिक 13 विकेट लिये।

### करेन बने प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट






## सस्पेंड चल रहे कांग्रेस के तीनों विधायक कांग्रेस पार्टी में चाहते हैं वापसी

# कैश कांड में फंसे कांग्रेस विधायक जायेंगे दिल्ली, आलाकमान के समक्ष रखेंगे पक्ष

### विधायकों के साथ आलमगीर आलम भी जायेंगे





**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** कैश कांड में फंसे झारखंड कांग्रेस के तीनों विधायक इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और नमन विक्सल कोंगाड़ी फिर से पार्टी में वापसी चाहते हैं। कोलकाता हाईकोर्ट से राहत मिलने के बाद तीनों विधायक 10 नवंबर को झारखंड वापस लौटे और 11 नवंबर को झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र में भाग लिया। वहां मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित कांग्रेस के प्रदेश नेतृत्व से मुलाकात की। फिर शनिवार को विधायक दल के नेता आलमगीर आलम से उनके आवास में मुलाकात की। मुलाकात के बाद इरफान ने कहा कि हम तीनों विधायकों ने अपने नेता के समक्ष अपना पक्ष रखा। बातचीत करीब डेढ़ घंटे तक चली। इरफान ने दावा किया कि 14 नवंबर के बाद तीनों विधायक के साथ आलमगीर आलम दिल्ली जाएंगे, और आलाकमान के समक्ष अपनी बातों को रखेंगे।

बता दें कि सरकार गिराने की साजिश के आरोप में 49 लाख रुपये कैश के साथ बीते 30 जुलाई को कोलकाता से कांग्रेस के विधायक गिरफ्तार हुए थे। मामले की जांच कोलकाता सीआइडी को ट्रांसफर कर दी गयी थी। विधायकों पर आरोप लगा कि उन्होंने झारखंड की मौजूदा हेमंत सरकार को गिराने के एवज में रुपये लिए थे। हालांकि विधायकों का तर्क था वे लोग विश्व आदिवासी दिवस पर वितरण के लिए साड़ी और फुटबॉल खरीदने जा रहे थे। बीते दिनों झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र में भाग लेने से पहले भी विधायकों ने कहा था कि उन पर विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह, शिल्पी नेहा तिर्की, भूषण बाड़ा ने जो आरोप लगाया था, उसका जवाब उन्हें देना पड़ेगा।

**तीनों विधायकों पर चल रहा है दलबदल का मामला :** तीनों विधायकों पर जैसे ही कैश कांड में फंसने का आरोप लगा, शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर तीनों को पार्टी से सस्पेंड किया गया था। उसके बाद आलमगीर आलम की ही शिकायत पर दसवीं अनुसूची के तहत स्पीकर न्यायाधिकरण में दलबदल का मामला दर्ज किया गया। मामला अभी भी न्यायाधिकरण में चल रहा है।

# ऊर्जा निगम ने मांगें नहीं मानी तो छह दिसंबर से बिजली विभाग के कर्मी करेंगे विरोध प्रदर्शन

### झारखंड पावर वर्कर्स यूनियन की केंद्रीय कार्यकारिणी की हुई

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड पावर वर्कर्स यूनियन के केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक रविवार को आहूत की गयी। इसमें सभी जोन एवं क्षेत्रीय परिषद के सदस्य पहुंचे। निगम प्रबंधन के द्वारा यूनियन से किए गए इकरारनामा पर चर्चा की हुई, जहां शामिल सभी सदस्यों ने प्रबंधन के विरुद्ध आवाज उठायी। सदस्यों ने कहा कि प्रबंधन द्वारा लगातार पदाधिकारियों को प्रोन्नति दी जा रही है। वहीं किसी भी कर्मचारी को आज तक कोई प्रोन्नति नहीं दी गई, बल्कि तृतीय संवर्ग के तकनीकी कर्मी को चतुर्थवर्गीय कर्मचारी बना दिया गया। प्रबंधन का आदेश के कारण सभी कर्मियों का प्रोन्नति कहीं-कहीं तो वार्षिक वेतन वृद्धि तक रोक दी गई है।

### अधिकारी यूनियन से सहमत भी हुए लेकिन अपने गलत आदेश को वापस नहीं लिया, जिससे कर्मियों में असंतोष

प्रबंधन के दो सितंबर के आदेश के कारण फील्ड में दुविधा की स्थिति बनी हुई है।

यूनियन के अध्यक्ष आशीष कुमार ने कहा कि इस संदर्भ में कई बार अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक से गुहार लगाई गई, लेकिन न्याय नहीं मिला। निदेशक मानव संसाधन से कई बार वार्ता हुई। अधिकारी यूनियन से सहमत भी हुए लेकिन अपने गलत आदेश को वापस नहीं लिया, जिससे सभी कर्मियों में भारी असंतोष हैं।

केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 6 दिसंबर को निगम मुख्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन और 7 दिसंबर से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल का निर्णय लिया गया है।

संघ के महामंत्री वरुण कुमार ने बताया कि तकनीकी कर्मी का प्रोन्नति बाधित है। वहीं, मुख्यालय में लेखा शाखा एवं सामान्य शाखा के कर्मियों को भी प्रोन्नति नहीं दी गई है, जो अति दुखद है। आशीष कुमार ने कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि हमारी मांगे नहीं मांगी गई तो आगामी 6 दिसंबर से बोर्ड मुख्यालय के समक्ष आंदोलन की जाएगी। इसकी सारी जवाबदेही बोर्ड प्रबंधन की होगी। बैठक में संघ के कोषाध्यक्ष अरुण कुमार विद्यार्थी के अलावा विनय कुमार उप महामंत्री, सुशील तुरी और अरुण कुमार समेत अन्य मौजूद थे।

# टेट सफल सहायक अध्यापकों का आंदोलन फिलहाल स्थगित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता मंत्री जगरनाथ महतो से वार्ता के टेट सफल सहायक अध्यापक संघ झारखण्ड प्रदेश ने अपने सभी तरह के प्रस्तावित आंदोलनों को फिलहाल स्थगित कर दिया है। बताते चलें कि समायोजन और विसंगति समाधान की मांग को लेकर संघ के आह्वान पर राज्य भर के टेट पास पारा शिक्षक आंदोलनरत थे। इसी क्रम में 13 नवंबर को राज्य भर में झामुमो, कांग्रेस और राजद जिला कार्यालयों का घेराव एवं 15 नवंबर को न्याय का गुहार मुख्यमंत्री से करेंगे प्रस्तावित था।

शिक्षा मंत्री से शनिवार को उनके भंडारीदह बोकारो स्थित पैतृक आवास पर हुई संघ के प्रतिनिधियों से हुई सकारात्मक वार्ता के पश्चात संघ ने तत्काल प्रभाव से सभी प्रकार के आंदोलन को स्थगित कर दिया है।

संघ के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद कुमार एवं महासचिव मोहन ने कहा कि मंत्री से अधिकारियों की मौजूदगी में वेतनमान और समायोजन को लेकर आधिकारिक वार्ता पर सहमति बनी है। इसके पश्चात आंदोलन को फिलहाल स्थगित रखा गया है। हमें हेमंत सोरेन सरकार और शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो जी के ऊपर भरोसा है। प्रस्तावित आधिकारिक वार्ता के बाद संघ आगे निर्णय लेगी। शनिवार को वार्ता में संघ के अध्यक्ष और महासचिव सहित वाताकार्र सदस्यों में से डोमन महतो, मीना कुमारी, संजय मेहता, सीमांत घोषाल, कुणाल दास, सुनील कुमार यादव, झरीलाल महतो आदि शामिल थे।

## लोकतांत्रिक तरीके से विरोध और जनांदोलन किया जायेगा, राज्यपाल के फैसले का इंतजार

# 1932 का खतियान आधारित स्थानीय नीति विधेयक पारित कर सरकार ने 70 फीसदी बहुसंख्यकों को रिफ्यूजी बनायाः कैलाश

### 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण मामले में 60 फीसदी पिछड़ों को बनाया गया बेवकूफ



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखण्ड नवनिर्माण मंच के केंद्रीय अध्यक्ष कैलाश यादव ने 1932 का खतियान आधारित स्थानीय नीति विधेयक पारित करने के फैसले का विरोध करते हुए उसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा कि ऐसा कर राज्य की हेमंत सोरेन सरकार ने करोड़ों बहुसंख्य आबादी को झारखंड में रिफ्यूजी बना दिया। श्री यादव ने कहा कि झारखंड गठन के पूर्व से वर्तमान तक राज्य के हर क्षेत्रों में विकसित बनाने एवं आपसी भाईचारे, सामाजिक संस्कृति को बढ़ावा देने एवं सामाजिक उत्थान में इस राज्य में रह रहे सभी लोगों का बहुमूल्य योगदान रहा है।

श्री यादव ने 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति विधेयक को गैर संवैधानिक बताया। किसी भी हाल में इस विधेयक को न्यायालय अनुमति नहीं दे सकती है क्योंकि देश के संविधान अनुसार कोई भी राज्य सरकार पूर्ण रूप से स्थानीय के नाम पर तृतीय, चतुर्थ श्रेणी की नौकरी को रिजर्व नहीं कर सकता। जबकि भारतीय संविधान और लोकतांत्रिक व्यवस्था के तहत देश में किसी भी राज्य के निवासी कही निवास कर सकते हैं, नौकरी, रोजी रोजगार कारोबार कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि देश के अधिकांश राज्यों की डोमिसाइल नीति के अनुसार 3 वर्ष या 15 वर्षों से रहने वाले लोग उस राज्य का स्थानीय माना जाएगा, लेकिन झारखंड देश का पहला राज्य है जहां 1932 में अंग्रेजी हुकूमत द्वारा किए गए लैंड सर्वे को आधार बनाकर 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति बनाने का विधेयक पारित किया गया है, जो पूरी तरह अनुचित है। यही कारण था कि पूर्व में वर्ष 2002 में तत्कालीन मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की सरकार द्वारा बनायी गयी 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति को झारखंड उच्च न्यायालय‚ी 5 जजों की खंडपीठ ने खारिज कर दिया था।

बैठक में सुनील पांडेय, उपेंद्र नारायण सिंह, अनिल तिवारी, रामकुमार यादव, प्रो. गोपाल प्रसाद, डॉ. सत्यनारायण सिंह, रबिंद्र भारती, सुबोध ठाकुर, सुरेश राय, संजय कुमार, कृष्ण कुमार पांडेय, संतोष मेहता, नलिन शर्मा, जैनेंद्र राय, चंदेश्वर प्रसाद, सीपी सिंह, डीके सिंह, देवबिहारी सिंह थे।

# राज्यभर में गठबंधन सरकार के खिलाफ भारी आक्रोश : दीपक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा है कि आक्रोश मार्च को पूरे राज्य में भारी समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि गठबंधन सरकार के खिलाफ पूरे राज्य में आक्रोश है। गठबंधन सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ 7 नवम्बर से लेकर 13 नंवबर तक चलाये गये जनआक्रोश प्रदर्शन की सफलता पर जनता व कार्यकर्ताओं का आभार जताया। राज्य की जनता को अब यह एहसास हो चुका है कि जितना दिन यह सरकार रहेगी, विकास बाधित रहेगा। राज्य में गिरती कानून ब्यवस्था,तुष्टीकरण जैसी कई समस्याओं से जनता त्रस्त है। राज्य की जनता इस सभी चीजों से छुटकारा पाना चाहती है। उन्होंने कहा कि राज्य के 24 जिलों के 253 प्रखंडो में आक्रोश जनसभा का आयोजन किया गया। राज्यभर से 2,17,309 लोग कार्यक्रम में शामिल हुये। उन्होंने उम्मीद जताते हुए कहा कि 19 नवम्बर से लेकर 21 नवम्बर तक जिला स्तरीय झारखंड बचाओ प्रदर्शन में भारी संख्या में जनता शामिल होगी। सात दिनों तक चले आक्रोश प्रदर्शन में दीपक प्रकाश, विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी, केंद्रीय कैबिनेट मंत्री अर्जुन मुंडा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास, सांसद आदित्य प्रसाद साहू आदि मुख्य रूप से शामिल थे।

# हाईकोर्ट के भवन निर्माण में गड़बड़ी करने वाले निलंबित अभियंता आरोप मुक्त हुए

### जांच दल ने कार्यपालक अभियंता को अनियमितता और लापरवाही मामले में दी क्लीन चीट



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के निमार्णाधीन भवन में गड़बड़ी करने के आरोप में निलंबित कार्यपालक अभियंता दीपक कुमार महतो को एक साल बाद पथ निर्माण विभाग ने आरोप मुक्त कर दिया। पथ निर्माण विभाग द्वारा जारी किए गए आदेश में कहा गया है कि प्रस्तावित हाईकोर्ट के निमार्णाधीन भवन निर्माण से संबंधित गठित तीन सदस्यीय जांच टीम का जवाब आरोप पत्र के साथ साक्ष्य के रूप में जमा किया गया है। जांच टीम के जवाब में आरोपित अधिकारी दीपक कुमार महतो के खिलाफ अनियमितता और लापरवाही का दोष सिद्ध नहीं किया गया। वर्णित तथ्यों के परिपेक्ष्य में दीपक कुमार के खिलाफ लगाए गए आरोप प्रमाणित नहीं होते हैं। इसलिए इन्हें आरोप मुक्त और निलंबन मुक्त करते हुए उनके खिलाफ संचालित विभागीय कार्रवाई को निस्तारित किया जाता है। दीपक कुमार पोस्टिंग के लिए पथ निर्माण विभाग में अपना योगदान देंगे।

#### 14 अभियंताओं के खिलाफ की गयी थी कार्रवाई

हाईकोर्ट के निमार्णाधीन भवन की योजना में अभियंताओं पर गड़बड़ी का आरोप था। मामले में भवन निर्माण विभाग ने निलंबित तत्कालीन अभियंता प्रमुख रास बिहारी सिंह व सेवानिवृत्त प्रभारी अभियंता प्रमुख अरविंद कुमार सिंह समेत कुल 14 अभियंताओं को अनियमितता का दोषी मानते हुए कार्रवाई की थी। इनमें आठ अभियंताओं को निलंबित किया गया था। दो पर विभागीय कार्रवाई आदेश दिया गया था। वहीं, सेवानिवृत्त हो चुके एक अभियंता पर पेंशन नियमावली के तहत विभागीय कार्रवायी की गयी है। इसके अलावा छह अभियंताओं को इसी नियमावली के तहत शो-कॉज किया गया है।

#### इतने अभियंता हुए थे निलंबित

राजीव कुमार (कार्यपालक अभियंता), दीपक महतो (सहायक अभियंता), राजू किसपोप्ता (प्रभारी सहायक अभियंता), कनीय अभियंता विजय कुमार बाखला, सुजय कुमार, सरकार सोरेन, मनीष पूरन व अशोक कुमार मंडल।

# बीआइटी मेसरा में होगा शिक्षाविदों का महाजुटान

### 16 नवंबर से आयोजित इंटरनेशनल कांफ्रेंस में 300 से अधिक प्रोफेसर व शोधकर्ता होंगे शामिल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** बीआईटी मेसरा के केमेस्ट्री डिपार्टमेंट में चार दिवसीय 27वां इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ 16 नवंबर से हो रहा है। इसका विषय रिसर्च एंड इन्नोवेशन इन केमिकल, फार्मास्यूटिकल एंड बायोलॉजिकल साइंस है। कांफ्रेंस केमेस्ट्री डिपार्टमेंट एवं इंडियन सोसायटी ऑफ केमिस्ट एंड बायोलॉजिस्ट के तत्वावधान में हो रहा है। कांफ्रेंस के मुख्य संरक्षक बीआईटी मेसरा के कुलपति प्रोफेसर इंद्रनील मन्ना एवं बीआईटी कोलकाता के निदेशक डॉ उदय बंद्योपाध्याय बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। रसायन विज्ञान के प्रो (डॉ) जेपी पांडेय ने बताया कि इस कॉन्फ्रेंस में देश-विदेश के विभिन्न जगहों से करीब 300 प्रोफेसर, वैज्ञानिक, शोधकर्ता एवं अन्य गणमान्य भी मौजूद होंगे। इस कार्यक्रम में कई सत्र एवं ले^र होंगे। वहीं, प्रतिभागियों के द्वारा मौखिक एवं पोस्टर का प्रस्तुतीकरण होगा। अलग-अलग दिनों में विभिन्न सत्रों के जूरी मेंबर होंगे जो विजेताओं को पुरस्कृत भी करेंगे। इस कॉन्फ्रेंस के संयोजक डॉ अशोक शरण रसायन विज्ञान के विभागाध्यक्ष एवं आईएससीबी के प्रेसिडेंट अनामिक शाह (पूर्व कुलपति गुजरात विद्यापीठ) और महासचिव डॉ पीएमएस चौहान, पूर्व मुख्य वैज्ञानिक, सीडीआरआई लखनऊ हैं।

कार्यक्रम को सफल बनाने में इनके साथ बीआईटी मेसरा, रसायन विज्ञान विभाग के प्राध्यापक एवं विद्यार्थी लगे हुए हैं।

# संघ प्रमुख मोहन भागवत ने स्वयं सेवकों को 3 घंटे तक सिखाया मंत्र

### बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से मोहन भागवत सीधे लोहरदगा पहुंचे

### सुरक्षा की थी चाक-चौबंद व्यवस्था



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** संघ प्रमुख मोहन भागवत रविवार को बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से सीधे लोहरदगा के लिए रवाना हो गये। इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये थे। श्री भागवत लोहरदगा में प्रशिक्षु स्वयं सेवकों को तीन घंटे तक पाठ पढ़ाया। लोहरदगा के समाजसेवी व संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता सच्चिदानंद अग्रवाल के यहां प्रशिक्षु स्वयं सेवकों को सफलता का मंत्र पढ़ाया। इस दौरान स्वयं सेवकों से एक-एक कर परिचय प्राप्त किया। इस दौरान मीडिया को दूर रखा गया था। इसके बाद सड़क मार्ग से छत्तीसगढ़ के जशपुर जाने का कार्यक्रम है।

इसके पहले मोहन भागवत रविवार की सुबह इंडिगो के सेवा विमान से रांची पहुंचे। इसके बाद वह सड़क मार्ग से लोहरदगा पहुंचे। लोहरदगा में झारखंड के प्रांत संघचालक सच्चिदानंद लाल अग्रवाल के आवास पर भोजन करने के बाद वे छत्तीसगढ़ के जशपुर के लिए रवाना हो गये। पिछले दो दिनों से लोहरदगा में चल रहे आरएसएस के प्रवासी कार्यकताओं के प्रशिक्षण वर्ग में शामिल सभी स्वयंसेवकों से मिले। संघ प्रमुख के आगमन को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के वरीय पदाधिकारी सुरक्षा व्यवस्था पर पैनी नजर रखे हुये हैं।

## सीएम हेमंत सोरेन ने नेतरहाट फील्ड फायरिंग रेंज को किया रद्द, 1932 खतियान आधारित स्थानीयता, ओबीसी को 27 % आरक्षण बिल पारित करने समेत कई योजनाएं चलायी

# झामुमो अपने चुनावी घोषणा पत्र में किये वादों को तेजी से कर रहा पूरा

**उदय चौहान**

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन तेजी से झामुमो के घोषणा पत्र को लागू करने सफल हो रहे हैं। सीएम ने नेतरहाट फील्ड फायरिंग रेंज को रद्द किया। 1932 खतियान आधारित स्थानीयता, ओबीसी आरक्षण को 27 प्रतिशत पारित करने के अलावा सोना-सोबरन धोती साड़ी योजना, पांच रुपये में पौष्टिक योजना, खिलाड़ियों की सीधी नियुक्ति, मदरसा को अनुदान आदि लागू करने में सफल रहे हैं। सीएम अपने पुराने फैसलों को फिर से लागू करने में भी सफल रहे हैं। इनमें 2014 की सोना-सोबरन धोती, साड़ी और लुंगी योजना, दाल-भात योजना, खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी में सीधी नियुक्ति व मदरसा को अनुदान देना शामिल है। सीएम ने अपने पिछले कार्यकाल में पंचायत सचिव पद पर दलपति की नियुक्ति का फैसला लिया था, जो अब फिर से लागू किया गया है। झारखंड में दलपति से पंचायत सेवक के पद पर बहाली प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है।

दरअसल, मुख्यमंत्री रहते हेमंत सोरेन ने अक्टूबर 2014 में पंचायत सचिव पद पर दलपति की नियुक्ति को लेकर फैसला किया था। उन्होंने पंचायत सचिव के स्वीकृत बल के 50 प्रतिशत पदों को दलपति कोटे से भर्ती करने का निर्देश दिया था। दिसंबर 2014 में सरकार बदल गयी। जुलाई 2015 को तत्कालीन सरकार ने पंचायत सचिव पद पर नियुक्ति के लिए झारखंड पंचायत सचिव नियुक्ति, सेवा शर्त एवं कर्तव्य नियमावली, संशोधित 2014 लागू की। संशोधित नियमावली में पंचायत सचिव पद की सभी रिक्तियों को झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) द्वारा संचालित प्रतियोगिता परीक्षा के आधार पर सीधी नियुक्ति से भरने का प्रावधान किया गया था लेकिन, बीते दिनों हेमंत सोरेन कैबिनेट में योग्य दलपतियों की पंचायत सचिव के पद पर नियुक्ति का फैसला हुआ है। हालांकि नियम में बदलाव केवल एक बार के लिए होगा।

### जुलाई 2013 से दिसंबर 2014 तक हेमंत सोरेन ने मुख्यमंत्री रहते कई फैसले लिये थे। इनमें से अब कई फैसलों को उनके इस कार्यकाल में भी लागू किया गया

जानकारी के मुताबिक झामुमो के घोषणा पत्र में कई चुनावी वादे किए गये थे। इन वादों में 2014 की यूपीए सरकार के लोकहितकारी फैसले को दोबारा लागू करना था। झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष और राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने वादों को पूरा कर जनता का दिल जीतने की पुरजोर कोशिश की है। इसमें 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति, ओबीसी आरक्षण को 27 प्रतिशत करने, नेतरहाट फील्ड फायरिंग रेंज को रद्द करना मुख्य रूप से शामिल है। घोषणा पत्र में धोती, साड़ी और लुंगी देने की योजना, दाल-भात योजना, खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी में सीधी नियुक्ति, स्वीकृत मदरसा को अनुदान देना शामिल हैं।

2019 में दोबारा सीएम बनने के बाद हेमंत सोरेन ने मदरसों के शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मियों को अनुदान देने के लिए तीन सदस्यीय कमेटी बनायी। कमेटी में संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम, शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो और विधायक सुदीप्त कुमार सोनू शामिल थे। सितंबर 2020 को कमेटी ने अनुदान देने पर सहमति जतायी। राज्य की 117 मदरसों के 425 शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मियों को अनुदान देने पर सहमति बनी। इस पर शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने 58 करोड़ रुपए जारी किये। मदरसों को अनुदान देने के साथ बीते दिनों कैबिनेट की बैठक में मदरसा और संस्कृत विद्यालयों के शिक्षकों को पेंशन देने का भी फैसला हुआ है। इसे हेमंत सरकार का बड़ा और दूरगामी फैसला बताया जा रहा है।

राज्य के कामकाजी, गरीब लोगों को पांच रुपये में न्यूनतम पौष्टिक भोजन देने की योजना फिर से लागू की गयी है। इसके लिए पूर्व में चल रही दाल भात योजना को दोबारा लागू करना था। बजट 2021 में इसे दोबारा चालू कराने का फैसला लिया गया। हालांकि दाल भात योजना का नाम बदलकर गुरुजी रसोई योजना कर दी गयी। गुरुजी रसोई योजना में सरकार गरीब लोगों को 5 रुपये में भोजन उपलब्ध करा रही है। वर्तमान में राज्य के 24 जिलों में 380 के करीब दाल भात केंद्र चल रहे हैं। लब्बोलुआब यह कि जैसे-जैसे हेमंत सरकार अपना कार्यकाल पूरा कर रही है, वह अपने वादों को धरातल पर उतारने में तेजी भी ला रही है। इसका असर आगामी 2024 के चुनाव में देखने को मिल सकता है।

### झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष और राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने वादों को पूरा कर जनता का दिल जीतने की पुरजोर कोशिश की



#### दोबारा लॉन्च की सोना सोबरन धोती साड़ी योजना

मालूम हो कि जुलाई 2013 से दिसंबर 2014 तक मुख्यमंत्री रहते हेमंत सोरेन ने सोना सोबरन धोती साड़ी योजना को लांच किया था। योजना के तहत 10 रुपये में धोती, साड़ी और लुंगी दी जा रही थी। इस योजना का ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक असर पड़ा था लेकिन, तत्कालीन रघुवर सरकार ने इस योजना को बंद कर दिया गया था। सितंबर 2021 को हेमंत सोरेन ने उप राजधानी दुमका से इस योजना को फिर से लॉन्च किया।

#### खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी में सीधी नियुक्ति दी

झामुमो का वादा था कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में शामिल होनेवाले खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी में सीधी नियुक्ति दी जायेगी। अब, सीएम की पहल पर अंतर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को सीधी नियुक्ति दी जा रही है। 29 दिसंबर 2020 को एक खिलाड़ी को रांची जिला खेल पदाधिकारी के कार्यालय में लोअर डिवीजन क्लर्क, 17 मार्च 2021 को 27 खिलाड़ियों को गृह विभाग में सिपाही के पद और 3 अगस्त 2021 को 10 अन्य खिलाड़ी को गृह विभाग में नियुक्ति पत्र दिया गया। इनमें भाग्यवती चानू, मधुमती कुमारी समेत 8 को सिपाही के पद पर नियुक्ति पत्र दिया गया है।

# 30 दिसंबर से गोपाल मैदान में चार दिवसीय वार्षिक पुष्प प्रदर्शनी



पुष्प प्रदर्शनी के मासकॉट को लांच करती बायें से सुनीता सिंह, चेयरमैन श्रीमती रुचि नरेंद्रन और सचिव अरविंद सिन्हा।

## इस बार प्रदर्शनी का थीम है, हरियाली से खुशहाली हमारी जिम्मेदारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर का बहुप्रतीक्षित वार्षिक पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन गोपाल मैदान में 30 दिसंबर से 2 जनवरी तक किया जाएगा। यह जानकारी जमशेदपुर हॉर्टिकल्चर सोसायटी के चेयरमैन रुचि नरेंद्रन और अध्यक्ष सुनीता सिंह ने एक संवाददाता सम्मेलन में दी। इस अवसर पर सोसायटी के सचिव अरविंद सिन्हा भी उपस्थित थे। सुनीता सिंह ने बताया कि वार्षिक पुष्प प्रदर्शनी की तैयारी जोरों पर है और प्रदर्शनी को सफल बनाने के लिए आयोजन समिति बनाई गई है जिसमें 13 कमेटियां काम कर रही हैं। सम्मेलन के लिए एक स्वागत समिति का भी गठन किया गया है। रुचि नरेंद्रन ने बताया कि इस बार मेले को प्लास्टिक फ्री आयोजन के रूप में लिया गया है और आयोजन समिति सभी शहर वासियों से आग्रह करती है कि वे पुष्प प्रदर्शनी देखने के वक्त अपने साथ थैला लेकर अवश्य आएं ताकि वह पसंद के फूल और बागवानी के उपकरण खरीद सकें। प्रदर्शनी स्थल पर 23 नर्सरी और बागवानी समान एवं खाद बेचने वाले स्टाल लगाए जा रहे हैं। मेले में इस बार हरियाली से खुशहाली हमारी जिम्मेदारी थीम रखा गया है। थीम आधारित एक सेल्फी कॉर्नर भी मेले में बनाया जाएगा जहां शहरवासी अपने परिवार एवं खुद की सेल्फी ले सकेंगे। हर शाम कल्चरल कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस बार वार्षिक पुष्प प्रदर्शनी में एक नयी प्रतियोगिता जोड़ी गयी है वह है कैंपस मोबाइल फोटोग्राफी कंपटीशन। मेले में आने वालों का रजिस्ट्रेशन करके उन्हें अपने मोबाइल से फोटो खींचकर जमा करने को कहा जाएगा औरजूरी बेस्ट फोटो को पुरस्कृत करेगी। अन्य वर्षों की तरह इस बार भी स्कूली बच्चों के लिए सीट एंड ड्रॉ का आयोजन किया जायेगा। इसके अलावा 31 दिसंबर और 1 जनवरी को टेक्निकल वर्कशॉप का आयोजन किया जाएगा। सुनीता सिंह ने बताया कि वार्षिक पुष्प प्रदर्शनी स्थल पर इस बार फूड स्टॉल भी लगाए जा रहे हैं जहां प्रदर्शनी घूमने के बाद लोग अपना मनपसंद खाना खा सकेंगे। प्रदर्शनी में इस बार प्रवेश शुल्क 10 रुपये प्रति व्यक्ति रखा गया है। लोगों को आराम से टिकट मिल सके इसके लिए टिकट मशीन गेट के समीप लगाया जाएगा। मेले में सुरक्षा एवं स्वच्छता का पूरा ध्यान रखा जाएगा मेले के अंतिम दिन यानी 2 जनवरी की शाम को पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया जाएगा।

### प्रदेश कार्य समिति से निवर्तमान महासचिव आरबी सहाय और हीरा अरकने का पत्ता साफ

# रांची के मनीष सिंह बनाये गये महासचिव, आरए सिंह वाइस चेयरमैन

## झारखंड प्रदेश बैंक इम्पलाइज एसो. का पांचवां सम्मेलन संपन्न



नवनिर्वाचित महासचिव मनीष सिंह अपनी टीम के साथ।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** आज झारखंड प्रदेश बैंक इम्प्लाइज एसोसिएशन के पांचवे सम्मेलन का दूसरा दिन प्रतिनिधि सत्र का दिन था। इस प्रतिनिधि सत्र में झारखंड राज्य के विभिन्न जिला से आए 140 प्रतिनिधि और 48 ऑब्जर्वर ने भाग लिया। प्रतिनिधि सत्र के पूर्व जनरल सेक्रेटरी आर बि सहाय ने सेक्रेटरी रिपोर्ट सदस्यों के समक्ष रखा जिसपर बैंक ऑफ इंडिया के प्रतिनिधि कॉम उमेश दास,कॉम एस एन दास, सेंट्रल बैंक के दो,केनरा बैंक के दो और पीएनबी के कॉम रोहित झा,कॉम राजकुमार मिश्रा ने महासचिव प्रिवेदन पर अपने विचार रखे। प्रतिनिधियों ने पूर्व महासचिव द्वारा विभिन्न जिलों में कमिटी न बनाने,नियमानुसार कार्यकारिणी की मीटिंग नही करने का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने स्टेटमेंट ऑफ अकाउंट पर अपत्ति दर्ज करते हुए इसे अन ऑडिटेड और अपूर्ण जानकारी वाला बताया। इसके पश्चात इसे प्रतिनिधियों द्वारा पास कर दिया गया। विभिन्न मुद्दों पर संकल्प(रेजोल्यूशन) लिया गया। इस प्रतिनिधि सत्र की अध्यक्षता कॉम वाई पी सिंह ने की। ए आई बी ई ए के राष्ट्रीय महासचिव सी एच वेंकटचलम भी इस सत्र में मौजूद रहे। झारखंड स्टेट बैंक इंप्लाइज एसोसिएशन के पांचवे सम्मेलन के अंतिम दिन आज नई प्रदेश कार्य समिति का चुनाव किया गया। नई कार्यसमिति में अध्यक्ष वाई पी सिंह को दुबारा अध्यक्ष और कॉमरेड राम अयोध्या सिंह को प्रदेश कमेटी का वाइस चेयरमैन बनाए रखा गया है जबकि पुरानी कमेटी के महासचिव आरबी सहाय की जगह केनरा बैंक रांची के कॉमरेड मनीष कुमार सिंह को नया महासचिव चुन लिया गया । चेयरमैन का पद रिक्त रखा गया है। उप-महासचिव हीरा अरकने की भी छुट्टी कर दी गई है जबकि संयुक्त सचिव के पद पर कामरेड एनके वर्मा राजेश ओझा ओ पी वर्मा नीरज कुमार नंदन सरकार मुकेश कुमार सिन्हा और को चुना गया है। चुनाव में कामरेड हीरा करने को प्रदेश कार्यसमिति और पद दोनों से ही बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। उनका बहुत दिनों से वाइस चेयरमैन कॉमरेड आरए सिंह से संबंध खराब चल रहे था और आरोप है कि वे समानांतर संगठन बनाने की कोशिश कर रहे थे।

# गार्डेन ऑफ द ईयर अवार्ड दो वर्ष बाद विजेताओं को हुआ नसीब

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** आज जमशेदपुर हॉर्टिकल्चर सोसाइटी के तत्वावधान में गार्डन ऑफ द ईयर 2020 का पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। 18 एवं 19 जनवरी 2020 को आयोजित प्रतियोगिता में जुरी के सामने 73 प्रतिभागियों ने 10 कैटेगरी में भाग लिया था। कोविड-19 के चलते पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित नहीं किया गया था जो 2 साल बाद आयोजित किया गया। इंडिविजुअल फ्लैट/टैरेस 100 स्क्वायर फीट संवर्ग में देवाशीष दे चैंपियन घोषित किए गए जबकि दूसरे स्थान पर श्रीमती रेणुका गुप्ता और सर्टिफिकेट ऑफ मेरिट अवार्ड गौतम कुमार चौधरी को दिया गया। इसी तरह इंडिविजुअल इंडिविजुअल फ्लैट/टैरेस जिनका दायरा 101 स्क्वायर फीट और उसके ऊपर है कि संवर्ग में तलवार बिल्डिंग निवासी विजय गंगवानी को चैंपियन घोषित किया गया दूसरे स्थान पर मुमताज रही जबकि सर्टिफिकेट ऑफ मेरिट अवार्ड श्रीमती पल्लवी गुप्ता को दिया गया।

500 स्क्वायर फीट से ऊपर इंडिविजुअल हाउस संवर्ग में के राघवन को चैंपियन घोषित किया गया जबकि दूसरे स्थान पर गुलाम सबीर और सर्टिफिकेट ऑफ मेरिट अवार्ड मोहम्मद मुस्तफा को प्रदान किया गया। इंडिविजुअल हाउस एंड बंगलो 500 स्क्वायर फीट से ज्यादा संवर्ग में श्रीमती चेतना बहुत चैंपियन रही जबकि दूसरे स्थान पर ब्रजराज और सर्टिफिकेट ऑफ मेरिट अवार्ड आशा रानी को दिया गया। 501 स्क्वायर फीट और उसके ऊपर वाले इंडिविजुअल हाउस एंड बंगलो वाले संवर्ग में मंजू भामरा को चैंपियन घोषित किया गया जबकि दूसरे स्थान पर वीके मेहता रहे और सर्टिफिकेट ऑफ मेरिट अवार्ड बी ने आहूजा को प्रदान किया गया। 1000 स्क्वायर फीट मीटर और उससे ऊपर वाले बंगलो जिनका मेंटेनेंस कंपनियां करती हैं उस संवर्ग में श्रीमती और अस्मिता नूपुर को चैंपियन घोषित किया गया जब दूसरे स्थान पर आई एसडब्ल्यूपीएल डायरेक्टर्स बंगलो रहा सर्टिफिकेट ऑफ मेरिट अवार्ड टाटा स्टील के बीपी अवनीश गुप्ता को प्रदान किया गया। 1000 स्क्वायर फीट मीटर से ज्यादा बड़े लोन वाले बंगले संवर्ग में डॉक्टर जेजे ईरानी के बंगले को चैम्पियन घोषित किया गया जबकि दूसरे स्थान पर श्री और सुधांशु पाठक का बंगला रहा और तीसरे स्थान पर सुरेश दास त्रिपाठी का बंगला रहा। स्कूल कॉलेज संवर्ग में डीबीएमएस कॉलेज ऑफ एजुकेशन को चैंपियन घोषित किया गया जबकि दूसरे स्थान पर डीबीएमएस कदमा को जगह मिला एकेडमी इंस्टिट्यूशन में एक्सएलआरआई जमशेदपुर को चैंपियन घोषित किया गया जबकि दूसरे स्थान पर सर्टिफिकेट ऑफ मेरिट श्री साई सेंटर को दिया गया। कॉपोरेट ऑफिस में टाटा स्टील के आरएंडी डिवीजन को चैंपियन घोषित किया गया जबकि दूसरे स्थान पर आई एसडब्ल्यूपीएल ऑफिस एरिया रहा सर्टिफिकेट ऑफ मेरिट अवार्ड टीआरएफ को दिया गय। मुख्य अतिथि एवं जमशेदपुर हॉर्टिकल्चर सोसायटी की चेयरमैन रुच नरेंद्र अध्यक्ष सुनीता सिंह ने पुस्कृत किया।



रुचि नरेंद्रन के साथ विजेतागण।

# डीसी और एसएसपी ने मानगो के अति संवेदनशील बूथों का किया निरीक्षण

**जमशेदपुर।** नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इसी क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी- सह- उपायुक्त विजया जाधव एवं वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने मानगो नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न अतिसंवेदनशील एवं संवेदनशील बूथों का निरीक्षण किया तथा मौके पर मौजूद पदाधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम धालभूम पियूष सिन्हा, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर नन्दकिशोर लाल, अपर उपायुक्त सौरभ सिन्हा, एलआरडीसी रविन्द्र गागराई, उप निर्वाचन पदाधिकारी कानू राम नाग, सीओ मानगो हरीश चंद्र मुंडा, डीएसपी पटमदा सुमित कुमार, संबंधित थाना क्षेत्रों के थाना प्रभारी मौजूद रहे।

निरीक्षण के क्रम में जिला के वरीय पदाधिकारियों ने आजादनगर, जाकिर नगर व डिमना क्षेत्र के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया जिसमें अमर ज्योति उच्च विद्यालय, बावनगोड़ा मध्य विद्यालय, जवाहरनगर उर्दू मध्य विद्यालय, बगानशाही प्राथमिक विद्यालय, रोड नंबर 13 मंग स्थित हनफीया उच्च विद्यालय, रोड नंबर 11 में सेंट्रल करीमिया बालिका उच्च विद्यालय तथा डिमना स्थित रिपिट कॉलोनी में सिद्धु कानु शिक्षा निकेतन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिले के वरीय पदाधिकारियों ने मतदान केन्द्रों तक पहुंच पथ का जायजा लिया। मानगो नगर निगम के सिटी मैनेजर को सड़क पर रखे गए निर्माण सामग्री को हटाने का निर्देश देते हुए संबंधित व्यक्ति द्वारा ऐसा नहीं किए जाने पर जुमार्ना वसूलने की बात कही गई वहीं साफ-सफाई को लेकर भी संवेदकों को सख्त चेतावनी दी गई। एसएसपी द्वारा मौके पर मौजूद डीएसपी पटमदा एवं सीओ मानगो को सभी बूथों का भौतिक सत्यापन करते हुए प्रतिवेदन 13 नवंबर को अनिवार्य रूप से समर्पित करने का निर्देश दिया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने अतिसंवेदनशील एवं संवेदनशील बूथों में सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति पर विमर्श करते हुए संबंधित थाना प्रभारी को भी अपनी ओर से प्रतिवेदन समर्पित करने के निदेश दिए। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि भयमुक्त वातावरण एवं निष्पक्ष रूप से चुनाव संपन्न कराने को लेकर प्रशासनिक दृष्टिकोण से जरूरी अभ्यास किए जा रहे।

### विश्व मधुमेह दिवस आज

## मधुमेह की 90% से अधिक देखभाल, स्वयं की देखभाल और अनुशासन है : डॉ. कल्याण कुमार



डॉ कल्याण कुमार।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** बीएनएमएच, तमोलिया में आयोजित जागरुकता कार्यक्रम में डायबिटीज रोग विशेषज्ञ डॉ कल्याण कुमार ने बताया कि 14 नवंबर 'वर्ल्ड डायबिटीज डे ?एक वैश्विक अवसर है, जिस पर मधुमेह, स्वास्थ्य पेशेवरों, मधुमेह अधिवक्ताओं, मीडिया, आम जनता और सरकारी संगठन वाले लोग मधुमेह के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एकजुट होते हैं और विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से आम लोगों को शिक्षित करते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार डायबिटीज यानी मधुमेह एशिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है, जिसका प्रभाव सबसे अधिक भारत में देखा गया है। अंतरराष्ट्रीय मधुमेह फेडरेशन के मुताबिक भारत में लगभग 6.5 करोड़ वयस्क डायबिटीज और 7.7 करोड़ लोग प्री डायबिटीज की समस्या से पीड़ित हैं। मौजूदा स्थिति को देखते हुए कई स्वास्थ्य संगठनों ने अनुमान लगाया है कि भारत में साल 2030 तक मधुमेह से पीड़ितों की संख्या लगभग 10 करोड और 2035 तक 10.9 करोड़ तक पहुंच सकती है। मधुमेह - स्वास्थ्य की जटिलताओं को जन्म देती है जैसे अंधापन, किडनी की बीमारी , हार्ट अटैक , ब्रेन स्ट्रोक इत्यादि। 2017 में 4 मिलियन मौतों के लिए केवल डायबिटीज जिम्मेदार था। डॉ कल्याण ने बताया कि मधुमेह की 90% से अधिक देखभाल, स्वयं की देखभाल और अनुशासन है क्योंकि ज्यादातर डायबिटीज के मरीज, खानपान में खुद को अनुशासित नहीं रखते, जिसके चलते उन्हें कई तरह के परेशानियों का सामना भी करना पड़ता है। स्वस्थ आहार का पालन करना, शारीरिक रूप से सक्रिय रहना, स्वस्थ वजन सुनिश्चित करना, धूम्रपान छोड़ना, नियमित स्वास्थ्य जांच करवाना आदि जैसे अच्छी जीवन शैली को अपनाकर मरीज डायबिटीज का नियंत्रण अच्छे तरीके से कर सकते हैं।

# हवलदार विनय यादव अध्यक्ष और हवलदार जितेंद्र सिंह महासचिव निर्वाचित

## अखिल भारतीय पूर्वसैनिक सेवा परिषद जमशेदपुर जिला प्रबंधन कार्यसमिति का पुनर्गठन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय पूर्वसैनिक सेवा परिषद, जमशेदपुर जिला इकाई कि प्रबंधन कार्यसमिति के पुनर्गठन हेतु, जिले के सभी पूर्व सैनिकों कि एक आम सभा का आयोजन किया गया। यह बैठक आज दिनांक 13 नवंबर 2022 को प्रातः 11 बजे, हिंदुस्तान मित्र मण्डल, सिदगोरा, जमशेदपुर के सभागार मे सम्पन्न हुई। इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष कर्नल अखौरी रंजन सिन्हा, प्रदेश उपाध्यक्ष कर्नल अजय कुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश पाण्डेय, प्रदेश महामंत्री सूबेदार अखिलेश मिश्रा, प्रदेश संगठन मंत्री सिद्धनाथ सिंह एवम प्रदेश सचिव चुन्नू कुमार बतौर पर्यवेक्षक मौजूद रहे। आमसभा बैठक का आरंभ भारत माता कि वंदना, माल्यार्पण, पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। बिमल ओझा को इस आम सभा का सभापति चुना गया एवं एवं लगभग 150 कि संख्या जिले के पूर्वसैनिक सदस्यों एवं सैन्य मातृशक्ति ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया द्वारा अपने जिले के अध्यक्ष, महामंत्री एवं कोषाध्यक्ष का निर्वाचन किया। सर्वप्रथम जिलाअध्यक्ष के दायित्व हेतु हवलदार बिनय यादव के नाम का प्रस्ताव कुंदन कुमार ने किया एवं हवलदार पंकज शर्मा ने उनके नाम का समर्थन किया । पूरी आमसभा ने जयहिन्द कि गर्जना से अपने अध्यक्ष का सर्वसम्मति से समर्थन किया एवं जोरदार तालियों से उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। जिला महामंत्री के दायित्व हेतु हवलदार जितेंद्र सिंह के नाम का प्रस्ताव नायब सूबेदार कृष्ण मोहन सिंह ने किया एवं हवलदार निर्मल कुमार ने उनका समर्थन किया। पूरी आमसभा ने जयहिन्द के जयघोष से अपने महामंत्री का सर्वसम्मति से समर्थन किया एवं जोरदार तालियों से उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। जिला कोषाध्यक्ष के दायित्व हेतु सार्जेंट दीपक शर्मा के नाम का प्रस्ताव हवलदार जसबीर सिंह ने किया एवं हवलदार गौतम लाल ने उनका समर्थन किया। पूरी आमसभा ने जयहिन्द के जयघोष से अपने महामंत्री का सर्वसम्मति से समर्थन, स्वागत एवं अभिनंदन किया। आमसभा ने सर्वसम्मति से हवलदार जसबीर सिंह को अपना संरक्षक नियुक्त किया। प्रदेश अध्यक्ष ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दिया एवं अखिल भारतीय पूर्वसैनिक सेवा परिषद, जमशेदपुर जिला इकाई कि प्रबंधन कार्यसमिति के गठन पर अपनी आधिकारिक मुहर लगाई। अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में अध्यक्ष महोदय ने आमसभा को सूचित किया कि आगमी 25 नवंबर से 28 नवंबर तक अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कि 44 वीं राष्ट्रीय बैठक ओडिसा के जगन्नाथ पूरी मे सम्पन्न होने जा रही है, जिसमे जिले के नवनिर्वाचित पदाधिकारीगणों के नेतृत्व मे एक प्रतिनिधि मण्डल एवं सैन्य मातृशक्ति भाग लेंगे। उन्होंने उपस्थित पूर्वसैनिक सदस्यों से आवाहन किया कि अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जमशेदपुर जिला इकाई के प्रत्येक सदस्य अपने एकत्रित प्रयास से राष्ट्रहित, समाजहित एवं सैन्यहीत के ध्येय पथ पर चलते हुए संगठन को परम वैभव पर ले जाने का सतत प्रयास करेंगे। साथ ही प्रदेश अध्यक्ष ने नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष से यह आग्रह भी किया कि जिले में सैन्य मातृशक्ति संगठन का शीघ्र गठन किया जाए। इस बैठक मे पेटी ऑफिसर वरुण कुमार को संगठन कि स्थापना काल से पूरे झारखंड राज्य मे संगठन के प्रचार प्रसार एवं विस्तार हेतु उनके द्वारा किए गए सतत प्रयासों के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। हवलदार माणिक वर्धा को भी अंगवस्त्र दे कर सम्मानित किया गया।



वरिष्ठ पदाधिकारियों संग नयी जिला कमेटी के पदाधिकारीगण।

### नगर निकाय चुनाव

# डिस्पैच सेंटर में किया गया बदलाव



बैठक करती डीसी विजया जाधव।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के तीन नगर निकायों यथा मानगो नगर निगम, जुगसलाई नगर परिषद एवं चाकुलिया नगर पंचायत में होने वाले निकाय चुनाव की तैयारियों को लेकर समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में जिला निर्वाचन पदाधिकारी- सह- उपायुक्त विजया जाधव ने गठित कोषांगों के नोडल पदाधिकारियों के साथ बैठक की। मौके पर सिटी एसपी श्री के. विजय शंकर, एसडीएम धालभूम श्री पियूष सिन्हा, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर नन्दकिशोर लाल, अपर उपायुक्त सौरभ सिन्हा, निदेशक एनईपी ज्योत्सना सिंह, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी कानू राम नाग, जिला पंचायत राज पदाधिकारी डॉ. रजनीकांत मिश्रा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार, डीआईओ किशोर प्रसाद, डीएसपी पटमदा सुमित कुमार, संबंधित थाना क्षेत्रों के थाना प्रभारी आदि उपस्थित थे।

बैठक में पूर्व में डिस्पैच व रिसिविंग सेंटर अलग-अलग बनाने के निर्णय को बदलते हुए अब बाजार समिति में ही डिस्पैच व रिसिविंग सेंटर तथा स्ट्रॉग रूम बनाने का निर्णय लिया गया। निकाय चुनाव के सफल संचालन को लेकर जिले में निर्वाचन कोषांग, कार्मिक कोषांग, वाहन कोषांग, सामग्री कोषांग, मतपत्र कोषांग, प्रशिक्षण कोषांग, ईवीएम कोषांग, विधि व्यवस्था सह आचार संहिता कोषांग, व्यय लेखा कोषांग, प्रेक्षक कोषांग, मीडिया कोषांग, सूचना तकनीकी कोषांग का गठन किया गया है।

# मजदूरों के अधिकारों पर हमलों के खिलाफ आंदोलन को तेज करने का आह्वान के साथ सीटू का राज्य सम्मेलन संपन्न

## पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरू शिबू सोरेन को सीटू का मुख्य संरक्षक बनाया गया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** देश की सार्वजनिक संपतियों का निजीकरण और मजदूरों के अधिकारों पर हो रहे हमलों के खिलाफ झारखंड में श्रमिक आंदोलन को तेज करने का आह्वान के साथ सेन्टर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन (सीटू) का दो दिवसीय सातवां राज्य सम्मेलन रविवार को लौह नगरी जमशेदपुर में संपन्न हो गया। सम्मेलन के अंतिम दिन 51 सदस्यीय नई राज्य कमिटी और 34 सदस्यीय पदाधिकारियों का चुनाव किया गया। जिसमें झाखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के अध्यक्ष और झारखंड के भूतपूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरू शिबू सोरेन को सीटू झारखंड का मुख्य संरक्षक बनाया गया।

इसके साथ मिथलेश सिंह अध्यक्ष, भवन सिंह कार्यकारी अध्यक्ष, विश्वजीत देव महासचिव, आर पी सिंह संयुक्त महासचिव और अनिर्वान बोस कोषाध्यक्ष चुने गए। इसके अलावा प्रकाश विप्लव, डी डी रामानन्द, के के त्रिपाठी, रामचंद्र ठाकुर, मो० इकबाल, बी डी प्रसाद, फागु बेसरा, अरूप चटर्जी, सुरेश प्रसाद गुप्ता, सुंदर लाल महतो, पुनम कुमारी उपाध्यक्ष, एस के घोष, अरुण कुमार सिंह, प्रदीप विश्वास, असीम कुमार हलधर, धनेश्वर तुरी, संजय पासवान, सैलेश कुमार, कार्तिक दत्ता, के एन सिंह, विजय कुमार भोई, समीर विश्वास, हरेंद्र यादव, जय नारायण महतो, भारत भूषण, राजेंद्र प्रसाद राजा, अमर उरांव, बलभद्र दास , मानस चटर्जी सचिव चुने गए।

**सम्मेलन में निम्न प्रस्ताव पारित किए गए :** सम्मेलन में 15 नवंबर को बिरसा मुंडा की जयंती पर कार्य स्थल मे लाल झंडा फहराने, 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाने, न्यूनतम मजदूरी पुनरीक्षण व श्रम विभाग की विभिन्न कमिटियों का पुनर्गठन की मांग, राज्य में बंद किए गए स्कूलों को पुनः खोलने, आंगनबाड़ी केन्द्रों की 10388 पोषण सखी को पुनः बहाल करने, सभी योजना कर्मियों को न्यूनतम मजदूरी के लाभ के दायरे में लाने तथा भयानक महंगाई, बेरोजगारी, सार्वजनिक क्षेत्रों का निजीकरण, मजदूर विरोधी लेबर कोड कानून के खिलाफ सहित अन्य किसान मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ संघर्ष का प्रस्ताव पारित किया गया। सम्मेलन में विभिन्न सेक्टरों के 54 यूनियनों से 34 महिलाओं सहित 361 प्रतिनिधि और दर्शक शामिल हुए।

### सीटू के नये प्रदेश अध्यक्ष चुने गये मिथिलेश सिंह, विश्वजीत देव महासचिव

### ठेका मजदूरों को संगठित करने पर फोकस करे सीटू

कॉमरेड तपन सेन सम्मेलन के प्रतिनिधि सत्र में सीटू के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ज्ञान शंकर मजुमदार ने संगठित क्षेत्र के मजदूरों पर सरकार प्रायोजित हमलों और अपने जीवन जीविका की रक्षा के लिए के मजदूरों की व्यापक एकता बनाकर आंदोलन पर जोर दिया। समापन भाषण करते हुए मुख्य वक्ता देश के प्रख्यात श्रमिक नेता पूर्व सांसद और सीटू के राष्ट्रीय महासचिव कॉमरेड तपन सेन ने झारखन्ड में संगठित असंगठित क्षेत्र के मजदूर कर्मचारियों को सीटू से जोड़ने और मोदी सरकार की मालिक पक्षीय जनविरोधी नीतियों से आगाह करने और राज्य में मजदूरों सबसे बड़ा संगठन सीटू को बनाने का आह्वान किया।

## स्पीड न्यूज

### बजरंग दल ने चलाया सदस्यता अभियान

**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** बजरंग दल की ओर से रविवार को नीलांबर पीतांबरपुर में हितचिंतन सदस्यता अभियान की शुरूआत की गई। कई लोगों ने संगठन का सदस्यता ग्रहण किया। अवसर पर मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री दामोदर मिश्रा ने बताया कि राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत हितचिन्तक अभियान के तहत रविवार को नीलांबर पीतांबर पुर में सदस्यता अभियान शुरू किया गया है। पुरे राज्य में पांच लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य है। जिसमें पलामू जिले को 21 हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य है। मौके पर बजरंग दल प्रखंड अध्यक्ष लाला प्रसाद यादव ने बताया कि हिंदू हितचिंतक सदस्यता अभियान हर तीन साल में आयोजित होती हैं। सिर्फ भारतवर्ष ही नहीं, बल्कि विश्व के कई देशों में ये अभियान चलाकर सदस्य को जोड़ने का काम किया जाता है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सनातन धर्मावलंबियों को विश्व हिंदू परिषद द्वारा देश भर में चल रहे कार्यक्रमों की जानकारी दी जाती है। मौके पर जिला संयोजक संदीप दास, नगर संयोजक विवेक दुबे ,आनंद चौरसिया, छोटे लाल सोनी, ओमप्रकाश दुबे, अमित कुमार यादव, धर्मेंद्र कुमार मेहता, अभय कुमार, सुमित कुमार गुप्ता, गोपाल यादव सहित दर्जनों लोग सदस्यता अभियान में शामिल थे।

### हर गांव, हर गली में भारत जोड़ो यात्रा पहुंचाएंगे : श्याम नारायण

**मेदिनीनगर।** हैदर नगर प्रखंड अंतर्गत ग्राम रानी देवा, अधौरा, कोसियारा होते हुए हैदरनगर तक पदयात्रा कार्यक्रम का आयोजन शिक्षा विभाग के प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद कलीमुद्दीन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम मे बतौर मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी शिक्षा विभाग के प्रदेश चैयरमैन पूर्व प्रदेश सचिव श्याम नारायण सिंह ने ग्राम अधौरा में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि राहुल गांधी जी देश में व्याप्त नफरत बेरोजगारी महंगाई और भ्रष्टाचार के खिलाफ लगातार संघर्ष कर रहे हैं । इस संघर्ष के दौरान उन्हें देश में व्यापक जनसमर्थन मिल रहा है । राहुल गांधी जी के संघर्ष के साथ कांग्रेसका हर कार्यकर्ता कांग्रेस पार्टी की विचारधारा को गांव-गांव, गली-गली, हर व्यक्ति तक पहुंचाने का काम करेंगे। कांग्रेस पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता उनके संघर्ष के साथ है। कार्यक्रम में अवधेश सिंह, अवध बिहारी सिंह ने कहा हर धर्म के लोग यात्रा में शामिल हैं और हमारी देश की खुबसूरती है । कार्यक्रम में परता पंचायत के पूर्व मुखिया दिनेश पासवान ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। मौके पर शिक्षा विभाग के पृथ्वी नाथ पांडे, मालती देवी, मीना देवी, रविंद्र चौबे, अंबिका सिंह, रामजी सिंह, बालमुकुंद सिंह उपस्थित थे । मंच संचालन अर्जुन सिंह ने किया।

### प्रत्येक हिंदू परिवार से संपर्क हित चिंतक अभियान का उद्देश्य : विहिप

**मेदिनीनगर।** विश्व हिंदू परिषद के हितचिंतक अभियान पूरे पलामू जिला में चलाया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य हिंदू परिवार से संपर्क करना है। जिला मंत्री, जिला अभियान संयोजक और सह संयोजक गण के साथ कई प्रखंडों में प्रवास कर के कार्यकताओं को महा अभियान के लिए प्रेरित किया। उन्होंने निलांबर पीतांबर पुर में कार्यकताओं को बताया कि हम लोग धन संग्रह नहीं जन संग्रह करने निकले हैं। जिला को 21, 000 हित चिंतक बनाने का लक्ष्य मिला है, अभी तक दस हजार से ज्यादा हित चिंतक बनाए जा चुके हैं। सतबरवा प्रखंड में जिला मंत्री की टीम ने घर वापसी के लिए तैयार कुछ परिवारों से भी मुलाकात कर उन्हें प्रेरित और सम्मानित किया। उन्हें बताया गया कि विश्व हिंदू परिषद में घर वापसी की एक निर्धारित प्रक्रिया है। अभियान के बाद समारोह आयोजित कर के उनकी घर वापसी कराई जाएगी। मौके पर जिला टीम में विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री दामोदर मिश्र, हित चिंतक अभियान के जिला संयोजक संदीप कुमार दास, सह संयोजक विवेक कुमार चौबे और चैनपुर प्रखंड अध्यक्ष आनंद कुमार चौरसिया आदि शामिल थे।

### बिश्रामपुर शिवघाट पर सूर्य मंदिर का निर्माण कार्य हुआ प्रारंभ

**बिश्रामपुर (पलामू) ।** बिश्रामपुर शिव घाट पर सूर्य मंदिर का निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया है। गणमान्य लोगों ने निर्माण स्थल का जायजा लिया। सभी के मौजूदगी में रास्ता को लेकर जो थोड़ा सा विवाद था,उसे भी आम सहमति से सुलझा लिया गया। यहां बताते चलें कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के संस्थापक सदस्यों में शुमार वयोवृद्ध समाजसेवी बिहारी लाल गुप्ता अपने निजी खर्च से शिवघाट पर 51 फीट ऊंचा भव्य सूर्य मंदिर का निर्माण करा रहे हैं। जिसकी सराहना सभी लोग कर रहे हैं। मौके पर विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव,सामाजिक सेवा समिति के अध्यक्ष संजय पांडेय,गांधी विचार मंच के अध्यक्ष रवींद्र उपाध्याय, नप के प्रथम उपाध्यक्ष अजय बक्स राय उर्फ बढकू सिंह,विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय,पंकज कुमार लाल,युवा समाजसेवी विजय कुमार रवि,निवर्तमान पार्षद सुनील कुमार चौधरी, डॉ चंदासी,विजय पेंटर,ललन सोनी, एएसआई अनंत कुमार सिंह, पनकुलिया कुंवर,विनोद विश्वकर्मा,प्रवेश मौर्या सहित कई लोग मौजूद थे।

### चेकडैम निर्माण से किसानों के खेतों तक पहुंचेगा पानी : पुष्पा

**पाटन पलामू।** प्रखंड के कोईरीयाडीह खामही रझारा ग्राम में जीजोई नदी में चेक डैम का शिलान्यास पाटन छतरपुर विधायक पुष्पा देवी एवं पुर्व सांसद मनोज कुमार के द्वारा किया गया । यह योजना लघु सिंचाई विभाग के द्वारा लगभग 86लाख के लागत से निर्मित किया जायेगा । मौके पर विधायक पुष्पा देवी ने कहा कि पाटन-छतरपुर विस क्षेत्र की समस्याओं के समाधान करने को लेकर संकल्पित हैं। उन्होंने कहा कि चेक डैम निर्माण हो जाने से किसानों के खेतों तक पानी पहुंचेगा और फसल उत्पादन अधिक होगा।

### ग्रामीणों से मिलकर जानी समस्या समाधान का दिलाया भरोसा

**बिश्रामपुर (पलामू) ।** वरीय समाजसेवी गोपाल राम ने रविवार को बिश्रामपुर नगर परिषद के वार्ड दो का भ्रमण किया। इस दौरान गोपाल राम ग्रामीणों से मिलकर उनकी समस्या जानी। समाधान हेतु सार्थक प्रयास करने का भरोसा भी ग्रामीणों को दिलाया। उन्होंने कहा कि नगर परिषद क्षेत्र का यथोचित विकास नहीं हो पाया है। इसके लिए अब तक के नप प्रतिनिधियों ने कभी पहल भी नहीं किया। गोपाल राम ने कहा कि जनता की सभी समस्याओं को सक्षम अधिकारी तक पहुंचाएंगे। मौके पर पूर्व वार्ड पार्षद भरदूल चौधरी,समाजसेवी राजकुमार चौधरी,धर्मेंद्र ठाकुर ललन राम,कैलाश चौधरी,अशोक चौधरी,कमलेश राम,समसूदीन अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।

## केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी आज करेंगे सोन नदी पर ब्रिज निर्माण का शिलान्यास

# पलामू और गढ़वा के लिए महत्वपूर्ण होगा यह पुल : सांसद

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पंडुका में सोन नदी पर श्रीनगर (झारखण्ड) एवं पंडुका (बिहार) के बीच ब्रीज निर्माण का शिलान्यास 14 नवम्बर को समय 11 बजे सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार के मंत्री नितिन गड़करी के द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर पलामू संसदीय क्षेत्र के सांसद बीडी राम भी गढ़वा एवं पलामू की जनता के साथ उपस्थित रहेंगे । इस संबंध में सांसद श्री राम ने बताया कि यह एक ऐतिहासिक अवसर होगा। यह पुल जितना बिहार के लिए महत्वपूर्ण है उससे भी कही अधिक पलामू एवं गढ़वा जिले सहित झारखण्ड वासियों के लिए है। विदित है कि उक्त ब्रीज निर्माण की मांग यहां की जनता के द्वारा वर्षों से थी, जिसकी स्वीकृति के लिए सांसद श्री राम वर्ष 2014 से ही प्रयासरत थे। उक्त मामले को श्री राम लोकसभा में शून्यकाल के दौरान एवं नियम 377 के अंतर्गत कई बार सदन में उठाते रही थे। साथ ही साथ पत्राचार के माध्यम से एवं व्यक्तिगत रूप से मंत्री नितिन गड़करी जी से भी मिलकर इस ब्रीज के निर्माण की स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध किया था। फलस्वरूप 15 मार्च 2021 को सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा ब्रीज निर्माण की स्वीकृति प्राप्त हुयी, जिसके अनुसार पहुँच पथ सहित 2-लेन उच्चस्तरीय आर.सी.सी. पुल (लंबाई 2.15 कि0मी0) के लिए 210.13 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गयी है। इसके कार्यान्वयन की अवधि 24 महीने की होगी। उक्त ब्रीज के निर्माण से न केवल गढ़वा से बिहार, उत्तर प्रदेश की दूरी कम होगी बल्कि यहाँ से लखनऊ पी.जी.आई. इलाज कराने हेतु जाने वाले को भी अत्यधिक आसानी होगी। शायद यह दूसरी जगहों के लोगों को यह पता नहीं होगा कि पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत दोनों जिले क्रमशः पलामू एवं गढ़वा से सैकड़ों की संख्या में मरीज इलाज हेतु प्रतिमाह पी.जी.आई. लखनऊ में जाते हैं। इस ब्रीज के निर्माण से न केवल पलामू एवं गढ़वा जिले को लाभ होगा बल्कि छतीसगढ़ के सीमावर्ती इलाके के लोग भी लाभान्वित होंगे। व्यापार बढ़ने के साथ-साथ रोजगार के नए-नए अवसर उत्पन्न होंगे। सांसद श्री राम ने पलामू संसदीय क्षेत्र की जनता की चिरप्रतिक्षित मांग को पूरा करने के लिए अपनी ओर से तथा गढ़वा एवं पलामू की समस्त जनता की ओर से देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मंत्री नितिन गड़करी का अभार प्रकट किया है। कहा कि इस पुनीत कार्य के लिए पलामू संसदीय क्षेत्र की जनता सदैव अभारी रहेगी।

# स्वामी प्रज्ञानंद हॉस्पिटल का किया गया शुभारंभ

## अस्पताल में गरीब, बेसहारों का कम खर्च में होगा इलाज : केएन त्रिपाठी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** जोरकट स्थित स्वामी प्रज्ञानंद मगध सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल का भव्य शुभारंभ किया गया। अब इस हॉस्पीटल में डिजिटल एक्सरे, अल्ट्रा साउंड, पैथोलॉजी,हाई टेक आई सीयू की सुविधा जिलेवासियों को मिलेगी। हॉस्पीटल में स्वास्थ्य सेवा का उदघाटन पलामू सिविल सर्जन डा विजय सिंह , झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री व अस्पताल के चेयरमैन के एन त्रिपाठी ने किया। मौके पर कई गणमान्य लोग शामिल थे। मुख्य अतिथि सीएस डा विजय सिंह ने कहा कि यह हॉस्पीटल जिलेवासियों के लिए स्वास्थ्य के क्षेत्र में वरदान साबित होगा। कहा कि अब स्थानीय लोगों को गंभीर बीमारियों की जांच व ईलाज कराने के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। मौके पर पूर्व मंत्री श्री त्रिपाठी ने कहा कि जब भी कोई दुर्घटना होती है तो पलामू के डॉक्टर उसे रांची रेफर कर देते हैं क्योंकि यहाँ वो विश्वास नहीं हो पाता कि डॉक्टर यहाँ उन्हें बचा पाएंगे। पलामू से रिम्स पहुँचते पहुँचते हजारों अपने साथियों को दम तोड़ते देखा है इसीलिए हम कहीं से भी आते हैं तो यहाँ देखने आते हैं कि यहाँ का प्रोग्रेस कैसा है। श्री त्रिपाठी ने कहा यहां के डॉक्टर ये सुनिश्चित कर ले कि यहीं जान बचाने का प्रयास करे। श्री त्रिपाठी ने कहा कि यहाँ के प्रबंधन समिति ये सुनिश्चित करे कि यह अस्पताल न प्रॉफिट न घाटे के मापदंड पर चल रहा जो रांची के बड़े बड़े अस्पताल है जो 20 से 30 हजार प्रतिदिन आईसीयू में देते हैं यहाँ 5000 में अपना उपचार करा सकेंगे। मौके पर कार्यक्रम का संचालन प्रबंधन समिति के सी एस दुबे,समाजसेवी धनंजय त्रिपाठी, इंटक प्रदेश सचिव विवेका त्रिपाठी, अरविंद पासवान,आशीष तिवारी,कौटिल्य द्विवेदी ने किया। मौके पर सिविल सर्जन डॉ विजय सिंह,गुरु टी रघु,डॉ राजीव रंजन,डॉ आर के सिंह,डॉ सतीश सिंह,डॉ सुधा कुमारी, डीपीएम दीपक गुप्ता, इंटक प्रदेश सचिव मनोज पांडेय, इंटक पलामू जिलाध्यक्ष रामप्रवेश सिंह समेत कई लोग शामिल थे।

## महापौर किसी के दबाव में आने वाली नहीं : चेंबर



**मेदिनीनगर।** पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की एक्सक्यूटिव बैठक चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर के अध्यक्षता में की गई । बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी व्यवसायियों को खासमहाल नवीनीकरण का दर दोगुना हो जाने के कारण नवीनीकरण कराना असंभव हो गया है। इसे लेकर सांसद बीडी राम , विधायक आलोक चौरसिया , महापौर अरुणा शंकर के साथ बैठक रखा जायेगा फिर सबों के सहमति से उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल की जाए । सभी सदस्यों ने महापौर अरुणा शंकर की तारीफ करते हुए कहा कि महापौर ने प्रशासनिक दबाव के बाद भी जनहित में नवीनीकरण हेतु दर बढ़ोतरी के दस्तावेज में हस्ताक्षर नहीं कर साबित कर दिया है कि महापौर किसी के दबाव में आने वाली नहीं है। बैठक में 142 लोगो का सदस्यता हेतु आवेदन प्राप्त हुआ जिसमें 50 लोगों को सदस्यता दी गई तथा बाकी लोगों की सदस्यता अगली बैठक में देने की सहमति बनी । आज जिन लोगों को सदस्यता दी गई उसमें मुख्य हैं नवीन पांडे, सुमित पाठक, शैलेश मिश्रा, संजीव कुमार मिश्रा, जितेंद्र पासवान, नागेंद्र शुक्ला, पंकज पांडे, अभिनव कुमार, सुधीर कुमार तिवारी, ऋषिकेश दुबे, अमित श्रीवास्तव, अनंतु भगत, संजय कुमार, अमित सुरेखा, रामनाथ शाह ,नीरज श्रीवास्तव ,राहुल मिश्रा, जितेंद्र कुमार, विपुल भूषण, बैठक का संचालन कृष्णा अग्रवाल ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन रंजीत मिश्रा ने की ।

## खासमहाल लीजधारकों को मालिकाना हक दिलाएगी समिति : केएन त्रिपाठी

**मेदिनीनगर।** खासमहाल समाधान समिति के लोगों ने झारखंड के पूर्व मंत्री के त्रिपाठी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर मेदिनीनगर खासमहाल से संबंधित बिंदुओं पर चर्चा किया। इसे समाप्त कर लीज धारकों को मालिकाना हक देने की मांग की। इस पर होटल जयश्री में समिति के लोगों ने बैठक कर प्रेस वार्ता किया। इसकी जानकारी देते हुए श्री त्रिपाठी ने कहा कि जब समिति के लोगों ने मुख्यमंत्री से लीज समाप्त कर मालिकाना हक देने का मांग किया तो मुख्यमंत्री द्वारा यह कहा गया कि सरकार किन किन नियमों एवं शर्तों पर खास महल समाप्त कर सकती है इसका प्रस्ताव तैयार कर मुझे समर्पित करें उसपर पहल किया जाएगा। श्री त्रिपाठी ने कहा कि झारखंड बनने के बाद से राज्य की जो जटिल से जटिल समस्या थी। उसे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा समाप्त किया गया है। चाहे वह खतियान का मामला हो या कई ऐसे जटिल समस्या थी। जिसे हेमंत की सरकार ने समाप्त किया है। उन्होंने कहा कि समाधान के लिए 15 सदस्यीय कमेटी बनाई गई है। जो मेदिनीनगर नगर निगम के अंतर्गत खासमहल में आने वाले 11वार्डो का आंकलन कर एक प्रस्ताव तैयार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस खासमहल के अंदर में दलित, पिछड़ा या अन्य वर्ग के लोगों की आर्थिक स्थिति क्या है। उस पर भी आकलन किया जाएगा। इसके अलावा अन्य लोगों को न्यूनतम मूल्य पर लीज नवीकरण कराने का प्रस्ताव रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि खास महल के अंदर बीपीएल धारक, प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ एवं अन्य गरीबों की स्थिति पर आंकलन कर प्रस्ताव को नवंबर माह के अंदर तैयार कर मुख्यमंत्री को समर्पित किया जाएगा। इसके लिए शहर के अन्य जानकारो से भी इस बिंदु पर विचार विमर्श किया जाएगा। समिति में केएन त्रिपाठी, ज्ञानचंद पांडे, श्रवण गुप्ता ,प्रभात अग्रवाल, अख्तर जामा ,नसीम खान मनोज जैन, सुभाष जैन, राजेंद्र अग्रवाल, मुन्नी ठाकुर समेंत 11 वार्ड के वार्ड पार्षद व अन्य शामिल थे।

# सोच बदलें युवा और ऊर्जा के साथ करें इनोवेटिव कार्य : आयुक्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** युवाओं को एकजुट होकर बेहतर कल के लिए मंथन करने की आवश्यकता है। एकजुटता ही बेहतर समाज निर्माण कर सकता है। समाज सुरक्षित, आत्मनिर्भर एवं विकास के पथ पर अग्रसर रहे, इसकी सोच विकसित करने की जरूरत है। जीवन में कोई भी सफल व्यक्ति के पीछे उस व्यक्ति की मेहनत, परिवार का सहयोग एवं समाज का योगदान होता है। इसलिए जीवन को सही रास्ते पर लाने के लिए सभी युवाओं को सोच बदलने एवं ऊर्जा के साथ इनोवेटिव कार्य करने की आवश्यकता है। यह बातें आयुक्त जटा शंकर चौधरी ने कही। वे स्थानीय टाउन हॉल में आयोजित युवा सम्मेलन में युवाओं को मोटिवेट कर रहे थे। वीजन फोर यूथ रीडिफाइनिंग, झारखंड के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में आयुक्त ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि युवा शक्ति समाज को अच्छी दिशा दे सकती है। उन्होंने कहा कि समाज में लीडरशिप उभारने और युवाओं को चेंज एजेंट बनने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में समाज में गलत प्रवृतियां पनप रही है और युवा वर्ग उसी प्रवृत्ति को लेकर आगे बढ़ते हैं। इससे नैतिक मूल्यों का ह्रास होता है, जो चिंता का विषय है। युवा अच्छे सोच के साथ आगे बढ़ेंगे, तो बेहतर समाज निर्माण संभव हो सकेगा। इसके लिए युवाओं को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहने की भी जरूरत है। इससे उनके मन में अच्छी सोच विकसित होगी। आयुक्त ने युवाओं से अपील किया कि वे अच्छी सोच रखें और आपस में चर्चा करते रहें।

इससे अच्छा करने की प्रवृत्ति आएगी। युवाओं के नजरिया बदलेंगे, तो बेहतर कल हो सकेगा। डॉ.अभिषेक सिंह ने समाज को निरोग होने के लिए शारीरिक रूप से सफल होने, ज्ञान अर्जन एवं बुद्धिमता बढ़ाने के लिए पुस्तकों से दोस्ती करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही अध्यात्म का ज्ञान दिया। उन्होंने कहा कि जीवन की ऊर्जा को समाज एवं राष्ट्र निर्माण के लिए लगाएं। उन्होंने पलामू के युवाओं को उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि यहां के युवाओं में अद्भुत ऊर्जा है। इस ऊर्जा को सही दिशा में लगाकर झारखंड को नई पहचान दिलाने में सहयोग करने की आवश्यकता है। सेवानिवृत्त डीआईजी राजीव रंजन ने सभी युवाओं को लक्ष्य निर्धारित करने एवं उस लक्ष्य के अनुरूप ईमानदारी पूर्वक मेहनत करते हुए उसे प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने स्वामी विवेकानंद की उक्ति का वर्णन करते हुए कहा-'उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक मत रुको। उन्होंने युवाओं को सेल्फ इंपावर करने की जरूरत बताई और युवाओं को अपने आपको ऐसेट में बदलने, लक्ष्य निर्धारित करने और उसे प्राप्त करने की सीख दी।

## दिवंगत भाजपा नेता सुमित की पहली पुण्यतिथि मनाई

**हरिहरगंज पलामू।** शहरी क्षेत्र के नदी रोड स्थित होटल अमृत में रविवार को दिवंगत भाजपा नेता सुमित श्रीवास्तव की पहली पुण्यतिथी मनाई गई। दिवंगत नेता के पिता अधिवक्ता विजय कुमार सिन्हा ,मां शिक्षिका अमृता सिन्हा सहित बड़ी संख्या में लोगों ने सुमित श्रीवास्तव के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर अपनी संवेदना व्यक्त की। इस मौके पर भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य अशोक कुमार सिंह ने कहा कि स्व. सुमित श्रीवास्तव के निधन से समाज में एक खालीपन आ गया है। काफी कम समय में ही उन्होंने अपनी जीवटता व जुझारूपन से राजनीति में एक मुकाम हासिल किया था। सुमित श्रीवास्तव के अधूरे कार्यों को उनके सपने को पूरा करना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर अखिल भारतीय कायस्थ समाज के जिला महामंत्री बिपिन बिहारी सिन्हा, भाजपा नेता सूर्यांशु सिंह, चंदन प्रजापति, समाजसेवी संतोष प्रजापति, कृष्णा प्रसाद लाल, ममता सिन्हा, अशोक सिन्हा, सुनीता देवी, किशन राज, दीपा सिन्हा, गोलू, नीरज आदि उपस्थित थे।

# सामाजिक अंकेक्षण स्रोत के व्यक्ति का बकाया वेतन भुगतान अबिलंब हो : सुधीर

**मेदिनीनगर।** भारत ज्ञान विज्ञान समिति के कार्यालय में सामाजिक अंकेक्षण श्रोत व्यक्ति संघ पलामू जिला इकाई के तत्वाधान में प्रेस वार्ता किया गया। जिसमे के जिला अध्यक्ष सुधीर कुमार सिंह ने पांच सूत्री मांगों को सरकार से समाधान करने की मांग किया।और बकाया वेतन भुगतान करने की मांग किया। उन्होंने कहा कि सामाजिक अंकेक्षण इकाई के राज्य समन्वयक की बहाली 15 दिनों के अंदर किया जाये।और सामाजिक अंकेक्षणं प्रक्रिया को प्रम्भम कर सभी जनकल्याणकारी योजनाओं में पारदर्शिता एवम जवाबदेही सुनिश्चित किया जाये।सामाजिक अंकेक्षण कार्य कर चुके पलामू जिला के बीआरपी ,वीआरपी, एसडी, डब्ल्यूडी एवं सहयोगी दल के पिछले दो वर्ष का कुल बकाया राशी का भुगतान एवं यात्रा भत्ता का भुगतान जल्द से जल्द किया जाए। बीआरपी और वीआरपी,एसडी को अंशकालिक की जगह पूर्णकालिक करने की प्रक्रिया प्रारंभ की जाए। सभी बीआरपी एसडी, वीआरपी , डब्ल्यूडी एवं सहयोगी दल को नियमित कार्य उपलब्ध कराते हुए मानदेय 550 प्रतिदिन की जगह 800 निर्धारित किया जाये।व निर्धारित यात्रा भत्ता भी दिया जाए। सामाजिक अंकेक्षण इकाई को स्वतंत्र इकाई के रूप में निबंधित कर सभी स्रोत व्यक्तियों की सुरक्षा,बीमा पॉलिसी एवं उनके लिए नीति बनाई जाए। सामाजिक अंकेक्षण दल द्वारा सत्यापित और ग्राम सभा द्वारा अनुमोदित मुद्दों पर स समय उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस मौके पर उंटरी रोड से धर्मेंद्र मेहता, सुनील कुमार कुशवाहा,पांडू से रमेश मेहता, नंदलाल महतो, हुसैनाबाद से रमेश पासवान , अरुण कुमार, मोहम्मदगंज से कृष्णा राम, हैदरननगर से रंजित पासवान,छतरपुर से गीता देवी, माया कुमारी ,हरिहरगंज से बादल कुमार ,पिपरा से ममता कुमारी शोभा देवी ,पड़वा, से मोहन कुमार, पाटन से रीना देवी ,किरण देवी, नवाबजार से सचिदानंद पासवान ,चंदन कुमार, बिसारामपुर से बबलू पासवान ,जय प्रकाश पासवान , नीलांबर पीतांबर पुर से सुधीर कुमार सिंह, उपेंद्र कुमार सिंह ,डाल्टनगंज से अनिल पासवान, सतबरवा से उषा देवी ,चंदन मेहता आदि लोग प्रेस कान्फ्रेस में शामिल थे।

## झरगड़ा में सुवर दह नदी पर बनेगा साढ़े तीन करोड़ की लागत से पुल : विधायक



**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद -हरिहरगंज के विधायक कमलेश कुमार सिंह की अनुसंशा पर हुसैनाबाद प्रखंड के झरगड़ा उतरी में सुवर दह नदी पर पुल निर्माण कार्य की निविदा निकाल दी गई है। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि दौरे के क्रम में ग्रामीणों ने पुल की मांग की थी। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की मांग पर उन्होंने ग्रामीण विकास विभाग को पुल निर्माण कराने की अनुशंसा की है। अनुशंसा के आलोक में ग्रामीण विकास विभाग ने पुल निर्माण कार्य की निविदा निकाल दी गई है। उन्होंने कहा कि पुल निर्माण हो जाने से बड़ी आबादी को आवागमन में काफी सहूलियत होगी। विधायक ने बताया कि ग्रामीणों को मांग पर क्षेत्र के अन्य कई स्थानों पर पुल निर्माण की अनुसंशा की गई है। जल्द ही अन्य पुलों के निर्माण के लिए भी निविदा निकाली जाएगी। पुल निर्माण कार्य की निविदा निकलने से ग्रामीणों में खुशी है। लोगों ने विधायक का आभार जताया है।

## अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा की बैठक

# सदस्यता अभियान चलाने और संगठन को मजबूत बनाने पर बल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय ब्रह्मण महासभा की बैठक रविवार को रेड़मा स्थित ठाकुरबाड़ी परिसर में हुई। महासभा के पदाधिकारियों ने मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद भगवान परशुराम के तस्वीर पर फूलमाला अर्पित किया। इसके बाद महासभा के संरक्षक सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता विजय कुमार तिवारी एवं अध्यक्ष अजय कुमार तिवारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उदघाटन किया। संरक्षक श्री तिवारी ने महासभा के उद्देश्यों को हासिल करने के लिए समन्वय बनाकर काम करने की जरूरत बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महासभा अध्यक्ष अजय कुमार तिवारी ने की। संचालन राजा पाठक एवं धन्यवाद ज्ञापन मनीष उपाध्याय ने किया। बैठक में शामिल ब्राह्मण महासभा के प्रबुद्ध लोगों को माला पहनाकर सम्मानित किया गया। बैठक में शामिल महासभा के सदस्यों ने एक नेशनल न्यूज चैनल के ब्राह्मण विरोधी गतिविधियों की कड़ी निन्दा किया। बैठक में महासभा के सांगठनिक ढांचा को सशक्त बनाने,सदस्यता अभियान की गति को तेज करने,सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित कराने,सभी प्रखंडों में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन करने,भगवान परशुराम की प्रतिमा स्थापित करने ,संस्कृत शिक्षा को बढ़ावा देने सहित अन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा किया गया। महासभा के जिला एवं प्रखंड स्तर के पदाधिकारियों और प्रबुद्ध लोगों ने उक्त विषयों पर अपना विचार व्यक्त किया। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि महासभा के द्वारा चलो गांव की ओर कार्यक्रम चलाया जाएगा। महासभा के अध्यक्ष अजय कुमार तिवारी ने कहा कि चलो गांव की ओर कार्यक्रम समाज हित में कारगर साबित होगा। इस कार्यक्रम के माध्यम से जिले के वैसे गांव जहां ब्राह्मण परिवार के लोग रहते हैं उनसे सीधा संपर्क होगा। इस तरह सभी ब्राह्मण परिवार तक महासभा के उद्देश्यों को आसानी से पहुंचाया जा सकता है। इस दौरान सदस्यता अभियान चलाने और संगठन को मजबूत बनाने में सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिवेश में सभी ब्राह्मण परिवारो को जागरूक एवं संगठित होने की आवश्यकता है। सबकी एकजुटता एवं सक्रिय भागीदारी से ही सांगठनिक ढांचा मजबूत होगा और महासभा का उद्देश्य पूरा होगा। कार्यक्रम में अभय कुमार झा,रामाशीष पांडेय,संत कुमार तिवारी,संतोष चौबे, मिथिलेश मिश्रा,धर्मराज तिवारी,अभिमन्यु ओझा,सुशील तिवारी,राकेश पाठक, दिवाकर भारद्वाज, दिनेश्वर तिवारी, संजय पांडेय, सत्यप्रकाश पांडेय,आरके पांडेय,रामजी पांडेय, प्रदीप पांडेय,राधेश्याम तिवारी, शंभूनाथ तिवारी,अजय दुबे, चंद्रदेव दूबे,श्याम बिहारी पांडेय, श्याम ओझा,अनिल पांडेय,बाल्मिकी तिवारी, मुखिया रोहित तिवारी, आलोक चौबे, अखिलेश तिवारी, रामानंद तिवारी, उदय तिवारी, मनोज तिवारी, मुरारी तिवारी,नवनीत पांडेय, नीलकंठ गिरी सहित कई लोगों ने सुझाव दिया।

स्पीड न्यूज

### सांप के डंसने से वनकर्मी घायल, रेस्क्यू के दौरान हुआ हादसा

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अन्तगर्त दूधिमाटी के समीप एक घर में सांप घुस जाने की सूचना पाकर वनकर्मी मौके पर पहुंचे और सांप निकालने का प्रयास करने लगे। इसी दौरान सांप ने वन कर्मी 40 वर्षीय अशोक कुमार पिता किशुन साव को डंस लिया। वहीं घायल कर्मी का इलाज सदर अस्पताल में किया गया।

### ढिबरा का अवैध उत्खनन वन विभाग ने छापामारी, एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**कोडरमा।** वन्य प्राणी प्रक्षेत्र ढोढाकोला के जंगली क्षेत्र टेकवा माइंस में वन विभाग और डोमचांच पुलिस ने संयुक्त रूप से छापामारी अभियान चला कर अवैध रूप से ढिबरा उत्खनन के आरोप में एक आरोपी ढोढाकोला निवासी मंसूर अंसारी पिता मकबूल अंसारी को गिरफ्तार किया, मौके से एक मोटरसाइकिल भी जप्त किया गया। इस सम्बंध में वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी रामबाबू कुमार ने बताया कि अवैध ढिबरा उत्खनन के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है, टेकवा माइंस में अवैध रूप से ढिबरा उत्खनन के आरोप में एक को गिरफ्तार किया गया है।

### लापता युवक रांची रेलवे स्टेशन से सकुशल बरामद

**मरकच्चो (कोडरमा)।** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत डोंगोडीह निवासी लापता शिवशंकर साव को शनिवार की रात लगभग 11 बजे रांची रेलवे स्टेशन से नवलशाही पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया है। वहीं नवलशाही थाना प्रभारी पंचम तिग्गा ने बताया कि उक्त युवक की दिल्ली में होने की खबर मिली थी, ततपश्चात् एसआई रंजीत कुमार लोकेशन के आधार पर दिल्ली पहुंच कर अगल बगल पूछताछ किये। वहीं पूछताछ के दौरान युवक रांची आने वाली ट्रेन में होने की सूचना मिली। वहीं 12 नवम्बर को रांची रेवले स्टेशन पर नवलशाही थाना प्रभारी पंचम तिग्गा एवं रांची रेलवे आरपीएफ पुलिस के सहयोग से उक्त युवक को बरामद किया गया। ज्ञात हो कि नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत देवीपुर पंचायत के डोंगोड़ीह निवासी अर्जुन साव ने थाना में गुमसुद्गी को लेकर शनहा दर्ज कराया था। वहीं नवलशाही थाना प्रभारी पंचम तिग्गा व एसआई रंजीत कुमार के प्रयास से लापता हुए युवक को सही सलामत बरामद कर नवलशाही थाना परिसर लाया गया, जहां युवक से पूछताछ के दौरान युवक ने बताया कि मुझे अनजान लोगों ने नौकरी देने की बात कहकर कोडरमा से साथ ले गए थे, सभी लोग अनजान थे, मैं किसी भी व्यक्ति को नही पहचानता हूं।

### हिंदू समाज के सभी वर्ग के लोगों को हित चिंतक बनाने के उद्देश्य से चला महाअभियान

**झुमरीतिलैया।** (कोडरमा) 6 नवंबर से प्रारंभ हुए हितचिंतक अभियान पखवाड़े में विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं के द्वारा रविवार को पूरे जिले की सभी प्रखंडों, पंचायतों एवं नगरों में हिंदू समुदाय के सभी वर्ग, पंथ संप्रदाय के लोगों को हित चिंतक अभियान के तहत जोड़ने का जोरदार अभियान चला। जिसमें विभिन्न प्रखंडों और झुमरीतिलैया नगर कोडरमा नगर मिलाकर करीबन 4000 हिंदू संप्रदाय के विभिन्न वर्ग के लोगों को जोड़ा गया। श्री दुबे ने बताया कि यह जन संग्रह हैस जो पूरे भारतवर्ष यह महा अभियान चल रहा है। जिले एवं प्रखंड के सभी दायित्ववान कार्यकर्ता भिन्न-भिन्न प्रखंड एवं नगर में प्रातः काल 7 से संध्या 5 तक महत्वपूर्ण समय देकर यह ईश्वरीय कार्य को कर रहे हैं। अभियान में धर्म प्रसार प्रांत प्रमुख अनूप यादव, अरविंद सिंह, सुषमा सुमन, मनोज चंद्रवंशी, अजय वर्मा, प्रवीण चंद्रा, संध्या आंचल, राजय वर्मा, पंकज दुबे, संजय तर्वे, राजू यादव, सुनील दास सत्येंद्र सिन्हा, आशुतोष भदानी अरविंद एकधरा, विजय पांडे, विनय सिन्हा, संतोष यादव, प्रदीप सिंह, आदि कार्यकर्ता उपस्थित होकर इस अभियान को सफल बनाने में अपनी भूमिका निभाया।

# बाजार बंद, चक्रधरपुर छावनी में तब्दील

## तीन डॉक्टरों के पैनल ने किया गिरि का पोस्टमार्टम





खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** हिंदूवादी नेता कमल देव गिरि की हत्या के बाद शहर की स्थिति शांतिपूर्ण बनी हुई है। सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये गये हैं। रविवार को मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में तीन डॉक्टरों के पैनल ने गिरिराज सेना प्रमुख कमलदेव गिरि के शव का पोस्टमॉर्टम किया । पश्चिमी सिंहभूम के उपायुक्त अनन्य मित्तल के आदेश पर पोस्टमॉर्टम के लिए मेडिकल टीम का गठन किया गया था। इसमें चाईबासा सदर अस्पताल के डॉ एन माझी, चक्रधरपुर अनुमंडल के चिकित्सा प्रभारी डॉ अंशुमन शर्मा और डॉक्टर नंदू शामिल थे। मजिस्ट्रेट के रूप में गुदड़ी के प्रखंड विकास पदाधिकारी महादेव महतो के उपस्थिति में डॉक्टरों की टीम ने पोस्टमॉर्टम किया। कड़ी सुरक्षा के बीच दोपहरबाद उनका अंतिम संस्कार किया गया।

**बाजार बंद, चक्रधरपुर छावनी में तब्दीलः** शनिवार की शाम गिरिराज सेना के संरक्षक हिंदूवादी युवा नेता कमल देव गिरि की हत्या के बाद चक्रधरपुर शहर में भारी तनाव है। इसके मद्देनजर पूरे शहर में धारा 144 लागू कर दी गयी है। अनुमंडल दंडाधिकारी ने 12 नवंबर की देर रात निषेधाज्ञा (धारा 144) लागू करने का आदेश जारी कर दिया। यह निषेधाज्ञा 13 नवंबर से लेकर 19 नवंबर तक जारी रहेगी। हत्या के विरोध में रविवार सुबह से ही चक्रधरपुर बाजार को दुकानदारों ने स्वेच्छा से बंद कर दिया। फिलहाल पूरा चक्रधरपुर शहर पुलिस छावनी में तब्दील है। घटना के बाद चक्रधरपुर में पोड़ाहाट एसडीओ रीना हांसदा, चाईबासा हेड क्वार्टर डीएसपी सुधीर कुमार, चौराहा डीएसपी कपिल चौधरी, प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार सिन्हा, अंचलाधिकारी बाल किशोर महतो हालात पर नजर बनाये हुए हैं. शहर में सीआरपीएफ, झारखंड पुलिस और रैफ के जवानों की तैनाती की गयी है।

बताया जाता है कि गिरिराज सेना प्रमुख कमल देवगिरि ने बहुत कम समय में अपनी पहचान बना ली थी। वह कट्टर हिंदूवादी माने जाते थे और वर्तमान में नगर परिषद चुनाव में अध्यक्ष पद पर दावेदारी भी पेश कर चुके थे। यही कारण है कि उनके कई दुश्मन भी बन गये थे। इसके बावजूद वह किसी समय कहीं भी अकेले ही निकल पड़ते थे। शनिवार को भी किसी ने उन्हें स्टेशन बुलाया था। कमलदेव अपने साथी शंकर सिंह के साथ मोटरसाइकिल से उससे मिलने निकल पड़े। वहां से वापस आने के दौरान भारत भवन के पास उन पर बोतल बम से हमला कर दिया गया, जिसमें उनकी मौत हो गयी, जिस तरह से कमलदेव गिरि की हत्या की गयी है, उससे स्पष्ट है कि उनकी रेकी की जा रही थी।

**राजनीति से प्रेरित हो सकती है हत्याः** युवा वर्ग में खास पकड़ रखने वाले कमल देव गिरि की पहचान फायर ब्रांड हिंदूवादी नेता की रही है। वह पिछले कुछ सालों से नगर परिषद अध्यक्ष पद की तैयारी कर रहे थे। हत्या के दिन सुबह में उन्होंने भाजपा में शामिल होने की घोषणा की थी। खास बात यह है कि नगर भाजपा के अधिकतर नेता कमल देव गिरि को नापसंद करते हैं। भाजपा में शामिल होने को लेकर कई बार विरोध भी हो चुका है। कमल गिरि की छवि सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में भी रही है। इसके बावजूद उनकी शहर के कई लोगों से अदावत रही है। फिलहाल मामले में किसी के खिलाफ अभी तक प्राथमिकी दर्ज नहीं की गयी है।

**पोस्टमॉर्टम नहीं करना चाहते थे परिजनः** कमलदेव गिरि की हत्या के बाद परिजन उनके पोस्टमॉर्टम करने को लेकर राजी नहीं थे। चक्रधरपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार सिन्हा, अंचल अधिकारी बाल किशोर महतो, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी ललन कुमार के बीच कमलदेव गिरि के बड़े भाई फूलन देव गिरि से घंटों समझाया। इसके बाद परिवार वाले पोस्टमॉर्टम के लिए राजी हुए उसके बाद भारी सुरक्षा के बीच पोस्टमॉर्टम के लिए शव को अनुमंडल अस्पताल ले जाया गया। जहां उनका पोस्टमॉर्टम किया गया।

**भाजपा नेताओं ने सरकार पर साधा निशानाः** भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी ने इस हत्याकांड को लेकर सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा, सरकार की तुष्टिकरण एवं विध्वंसकारी राजनीति से झारखंड के लोगों में जबरदस्त गुस्सा है। कमल देव गिरि का पोस्टमॉर्टम होने के बाद भाजपा नेता जेबी तुबिद, पूर्व मंत्री बडकुंवर गागराई, संजय पांडे सहित कई नेताओं ने उनके घर जाकर परिजनों को सांत्वना दी।

# हमारी लोकप्रियता देख कर फंसाया गया

## 105 दिन बाद वापस लौटे विधायक राजेश कच्छप, स्वागत



खबर मन्त्र संवाददाता

**नामकुम।** खिजरी विधायक राजेष कच्छप रविवार को पूरे 105 दिनों के बाद नामकुम के लुपुंगटोली स्थित अपने आवास लौटे।इस दौरान बडी संख्या में समर्थकों और कार्यकत्राओं ने विधायक का स्वागत किया। धुर्वा स्थित सरकारी आवास से बडी संख्या में बाईक और चार पहिया में कार्यकत्रा गाजे बाजे के साथ लेकर निकले। विधायक श्री, कच्छप सबसे पहले जगरन्नाथपुर मंदिर पंहुचे पूजा अर्चना की फिर धुर्वा स्थित विस्थापित कालोनी, रिसालदार बाबा के मजार होते हुए नामकुम पंहुचे। नामकुम सदाबहार चैक बजरंगबली मंदिर पंहुचते ही बम और पटाखों से उनका स्वागत किया गया। क्षेत्र में जगह जगह लोगों ने काफिला रोक कर उउनका स्वागत करते हुए माला पहनाया। मौके पर विधायक श्री, कच्छप ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी लोकप्रियता देखकर उन्हे उनके सहयोगियों के साथ फंसाया गया और उनकी जनता से दुर रखा गया ताकि वे आमजन से कट जाएं पर हुआ इसका उलटा वे जितने दिन दुर रहे लोगों का प्यार उनके लिए और बढ गया। विधायक श्री कच्छप ने कहा कि अपने खिलाफ हुई साजिश का वे लोग भंडाफोड करेंगे और सच का उजागर करेंगें। मौके पर विधायक प्रतिनिधि सतीश पंडा, शंकर गोप, अरूण गोप, माधो कच्छप, विमल घोष, मुरलीधर,अनु बेक,शोभा देवी, विकास कुमार, फिरोज खान, दिनेश प्रमाणिक, प्रदीप मेहता, विजय टोप्पो सहित बडी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## मिट्टी-मोरम पथ निर्माण का शिलान्यास

**सिल्ली।** प्रखंड के लोवादाग पंचायत के सिटकाडीह गांव में रविवार को मिट्टी मुरम पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक प्रतिनिधि जयपाल सिंह, जीप उपाध्यक्ष वीणा देवी, पुर्व जिप सदस्य गौतम कृष्ण साहू व प्रमुख जितेन्द्र बड़ाइक ने संयुक्त रूप से किया। सिटकाडीह से डोमनडीह श्मशानघाट तक 600 मीटर इस पथ का निर्माण कार्य विधायक मद की राशि से किया जाना है। शिलान्यास सभा को संबोधित करते हुए जयपाल सिंह ने कहा कि सड़क विकास की प्राथमिक जरूरत होती है। लोगों को आवागमन की जितनी सुविधाएं मिलेंगी, विकास की रफ्तार उतनी ही तेज होगी। इस पथ की मांग वर्षों से लोग कर रहे थे। इसके बन जाने पर सिटकाडीह, डोमनडीह, मइसुडीह, पाटका लोवादाग आदि गांवों के ग्रामीणों के आवागमन की कठिनाई दूर होगी। वीणा चैधरी ने कहा कि विधायक मद से क्षेत्र में कई विकास के कार्यक्रम संचालित हैं। शिक्षा, सड़क, पेयजल व खेल को बढ़ावा के लिए क्षेत्र में प्रथमिकता के तहत कार्य हो रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन जितेन्द्र बड़ाइक ने धन्यवाद ज्ञापन गौतम कृष्ण साहू ने किया ने किया। मौके पर मुखिया लाल सिंह मुंडा, उप मुखिया मुरली धर महतो, आत्मा राम प्रवीण, दुर्गेश कुमार सिन्हा, घनेनाथ महतो, निखिल महतो, उमाकांत महतो, जनार्दन महतो, मधुसूदन महतो, सोहराई महतो, घासी राम महतो, सुलेखा देवी, सोनाक्षी देवी, मोहरी देवी मौजूद थे।



एक नजर में

### देवघर में जमीन विवाद में एक की हत्या, एक घायल

**देवघर।** देवघर में रविवार शाम जमीन विवाद में एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई। वारदात नगर थाना क्षेत्र के सलौनाटांड़ मोहल्ला की। इसमें जटाही मोहल्ला निवासी गणेश महथा उर्फ मंगरू की मौत हो गई जबकि मोहल्ला के ही विजय महथा व 13 वर्षीय किशोर राजीव कुमार भी बम का छींटा लगने से जख्मी हो गये। सूचना पर एसपी सुभाष चंद्र जाट, एसडीपीओ पवन कुमार, नगर थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी सदर अस्पताल पहुंचे। एसपी ने दोनों पदाधिकारियों से घटना के संबंध में जानकारी प्राप्त कर जल्द से जल्द मामले में दोषियों को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया। घटना के संबंध में पीड़ित के परिजनों का कहना है कि जमीन विवाद को सुलझाने के लिए बातचीत हो रही थी। इसी दौरान पांच से छह की संख्या में आए लोगों ने बम से हमला कर दिया। इसमें मंगरू गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि पास में खेल रहा राजीव भी घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां मंगरू की मौत हो गई। पुलिस घटना की जांच-पड़ताल कर रही है।

### दुमका में किशोरी से गैंगरेप और हत्या के छह माह बाद मामला दर्ज

**दुमका।** जिले के हंसडीहा थाना क्षेत्र के एक गांव में दो किशोरियों के साथ मई में गैंगरेप की वारदात हुई थी, जिसमें एक किशोरी की मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले को रफा-दफा कराने की पूरी कोशिश की लेकिन मृत किशोरी के पिता के अथक प्रयास पर आखिरकार छह माह बाद अब मामला दर्ज हुआ है। जानकारी के अनुसार हंसडीहा थाना क्षेत्र में दो किशोरियों को मई माह में दो युवक बहला-फुसला कर बाइक पर बैठाकर उठा ले गए और रात भर दुष्कर्म किया। फिर अहले सुबह दोनों को हंसडीहा भागलपुर मुख्य मार्ग पर महादेवगढ़ के समीप सड़क पर किसी चार पहिया वाहन से दोनों को कुचलकर छोड़ दिया। पुलिस ने गंभीर अवस्था में दोनों को अस्पताल पहुंचाया। देवघर अस्पताल में इलाज के दौरान 15 वर्षीय किशोरी की मौत हो गई। देवघर में ही उसका पोस्टमार्टम कराया गया। दूसरी पीड़ित 16 वर्षीय किशोरी जिंदगी की जंग जीत कर घर लौट आई। तत्कालीन हंसडीहा थाना प्रभारी आकृष्ट अमन ने मामले में मामला दर्ज करने के बजाय इसे रफा-दफा कराने की कोशिश की लेकिन मृतक बच्ची के पिता ने इससे इनकार कर दिया। अब छह माह बाद पुलिस उसे न्याय दिलाने की बात कह रही है।

### भारत जोड़ो पदयात्रा आयोजित कर कांग्रेस पार्टी जुटा रहे समर्थन : पिंकू सहाय

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिले के विभिन्न प्रखंड के हर पंचायत में जिला अध्यक्ष मनोज सहाय पिंकू के नेतृत्व में भारत जोड़ो पदयात्रा आयोजित कर कांग्रेस पार्टी एवं राहुल गांधी के लिए समर्थन जुटा रहे हैं। वहीं रविवार को मरकच्चो प्रखंड कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष केदार राणा की अध्यक्षता एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नूर आलम व कार्यकारी प्रखंड अध्यक्ष यासीन अंसारी की अगवाई में कांग्रेस जनों ने दशारोखुर्द के दशारो, सिमरिया पंचायत के डूमरडीहा, खैरोन, सिमरिया सहित जामू पंचायत के बिंडा, हरलाडीह आदि मुख्य मार्ग का भ्रमण कर भारत जोड़ो पदयात्रा आयोजित किया। जिसमें मुख्य रुप से कोडरमा विधानसभा भारत जोड़ो पदयात्रा प्रभारी रवि शंकर यादव सहित अनुसूचित प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष दशरथ पासवान जिला प्रवक्ता संजय कुमार शर्मा उपस्थित हुए। पदयात्रा में जिला महासचिव संजय सेठ ने भारत जोड़ों पदयात्रा जिंदाबाद, नफरत छोड़ो भारत जोड़ो के जोरदार नारे लगाते हुए कांग्रेस जनों एवं आम जनों को जागरूक करने का काम किया। वहीं जिलाध्यक्ष सहाय ने कहा की राहुल गांधी देश में एकजुटता बढ़ाने एवं नफरत मिटाने हेतु 3750 किलोमीटर की लंबी कन्याकुमारी से कश्मीर तक की पदयात्रा पर चल रहे हैं। वहीं युवाओं एवं आमजन का उन्हें भरपूर समर्थन मिल रहा है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मिसबाहुद्दीन, भोला दास, उपेंद्र सिंह, महेश मोदी, अनवर हुसैन, गुलाब लाल, सुखदेव गोस्वामी, कयूम अंसारी, मो. सुलेमान, साजिद हुसैन, चंदन शर्मा, अभिषेक राणा, राहुल कुमार, लक्ष्मण विश्वकर्मा, संजय कुमार, मुबारक अली, महमूद अंसारी, इम्तियाज अंसारी सहित दर्जनों कांग्रेसी पदयात्रा में शामिल थे।

## पुलिस ने आश्रित परिवार को दिया खाद्यान्न



**मैक्लुस्कीगंज।** मैक्लुस्कीगंज पुलिस ने आश्रित परिवार को खाद्यान्न सहयोग किया। ज्ञात हो कि 29 अक्तूबर को लपरा चट्टीनदी नदी में तालाब में डूबने से एक साथ दो बच्चों की मौत हो गयी थीण इस घटना में लपरा चट्टी नदी गांव के रिंकू उरांव की दस वर्षीय बेटी सुमन कुमारी व आठ वर्षीय बेटा सचिन की गहरे पानी में चले जाने से मौके पर ही मौत हो गयी थी वहीं छोटी बेटी को राहगीरों ने बचा लिया था। घटना के बाद मजदूर परिवार में मातम छा गया थाण रिंकू उरांव व उसकी पत्नी मजदूर है और बनारस में रहकर मजदूरी करते हैण उधर मैक्लुस्कीगंज थाना प्रभारी राणा जंग बहादुर सिंह ने शोकाकुल परिवार को खाद्यान्न सहयोग किया है।

### अखिल झारखंड श्रमिक कोयला संघ की बैठक

**खलारी।** अखिल झारखण्ड श्रमिक कोयला संघ की बैठक क्षेत्रिय सचिव हरेंद्र सिंह के आवासीय कार्यालय में की गई।
इस बैठक की अध्यक्षता हरेंद्र सिंह व संचालन कन्हाई पासी ने किया गया। बैठक में आगामी 20 नवम्बर को होने वालेअधिवेसन की रूप रेखा और रणनीति पर चर्चा की।

## रातू में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का समापन आज

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** प्रखंड में सरकार आपके द्वार का सोमवार को आखिरी दिन है। अंतिम चरण में सुंडील से इसका समापन होगा। कार्यक्रम का आयोजन पंचायत सचिवालय सभागार में किया जायेगा। इसकी तैयारी पूरी कर ली गयी है। यह जानकारी बीडीओ हरिशंकर बारीक ने रविवार की शाम दी। उन्होंने बताया कि पहले और दूसरे चरण के दौरान 19 पंचायतों में कार्यक्रम आयोजित किये गये। इसमें ग्रामीणों का भरपूर सहयोग मिला। मौलिक सुविधाओं की मांग को लेकर हजारों मामले आये।

**दिलों में जगह बनायी :** श्री बारिक ने कहा कि कर्मियों ने अपनी क्षमता के मुताबिकए योजना को क्रियान्वित कर आम लोगों की दिलों में जगह बनाने में सफलता पायी है।

बीडीओ ने प्रखंड की जनता के प्रति भी आभार प्रकट किया है। उन्होंने आने वाले दिनों में भी सरकार और जिला प्रशासन के आदेशों का अक्षरशरू अनुपालन की प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुये नागरिकों से अधिकार के लिये जागरूक होने का आह्वान किया है।

# ख्रीस्त राजाओं का राजा हैः फादर ब्रिसीयूस मिंज



## बेड़ो के दिघिया में मसीहियों ने ख्रीस्त राजा पर्व पर निकाली भव्य शोभायात्रा और झांकी

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के दिघिया गाँव स्थित रोमन कैथलिक चर्च परिसर से रविवार को मसीहियों ने खीस्त राजा पर्व के अवसर पर भव्य शोभायात्रा यात्रा व झांकी निकाली। खीस्त राजा शोभायात्रा में बतौर मुख्य अनुष्ठानकर्ता फादर भिमसेंट मिंज थे। फादर ब्रिसीयूस मिंज अपने संबोधन में कहा कि राज राजेश्वर हमारा येसु शांति प्रिय न्यायकर्ता है। वहीं खीस्त राजा राजाओ का राजा है। इसका राज कभी समाप्त नहीं होगा। येसु का राज समर्पित राज है। हम लोग इसी राजा ईश्वर की चुनी ही प्रजा है। जहां मसीह की ज्योति से पूरा विश्व दिव्यमान व प्रकाशमय है। हमे अन्यायए शोषण के विरुद्ध प्रेम शांति व भाईचारा का बीज बोना चाहिए। वहीं शोभायात्रा में शामिल मसीहियों ने अपनी पारम्परिक वेशभूषाए ढ़ोलए नगाड़ेए गाजे बाजे झंडा बैनर के साथ कुल 32 युनिट के मसिहीयो ने झांकी निकली। मौके पर फादर अजय मिंज, माता प्रर्बला केरेक्रेटा, सिस्टर प्रतिमा लकड़ा, सिस्टर दिव्या, सिस्टर निलिमा, सिस्टर मार्गरेट, दिलीप कुजुर, देवनिश तिग्गा, किशोर भुषण तिर्की व रवि मिंज सहित कई लोग मौजूद थे।

भजन व गायन के गायक मंडली ग्राम करांजी व दिघीया द्वारा भजन प्रस्तुत किया। समारोह में उद्घोषणा पल्ली के अध्यक्ष देवनिश तिग्गा व जूलिया ने किया। शोभायात्रा में शामिल झांकी की काफी लोगों ने सराहना की।

# गुजरात का मूड

गुजरात में पिछले 27 सालों से भाजपा की ही सरकार रही है, क्या इस बार कांग्रेस का बरसो पुराना इंतजार खत्म होने वाला है। चुनाव के बीच यह सबसे बड़ा सवाल है। जिसका सटीक जवाब 8 दिसंबर को रिजल्ट के साथ मिलेगा। हालांकि, वोटिंग से पहले सर्वे एजेंसियां जनता का मूड जानने की कोशिश में जुटी है। ज्यादातर ने दावा किया है कि एक बार फिर भाजपा की सरकार बन सकती है। साथ ही आम आदमी पार्टी भी जड़ जमाती दिखाई दे रही है। साल 2017 में विधानसभा चुनाव में भाजपा को मुकाबले की टक्कर देने वाली कांग्रेस को इस बार 'आप' पार्टी की एंट्री से बड़ा नुकसान होता दिख रहा है। इसपर राजनीतिक जानकारों का कहना है कि भाजपा विरोधी मतों में बटवारें से कांग्रेस को नुकसान और भाजपा को काफी ज्यादा फायदा हो सकता है। भारत और पी मार्क के ओपिनियन पोल का अनुमान है कि भाजपा को 46.2 फीसदी वोट मिल सकते है। कांग्रेस 28.4 फीसदी वोट पर कब्जा कर सकती है। साथ ही आप पार्टी को 20.6 फीसदी वोट मिलने का अनुमान लगाया जा रहा है।अन्य को 4.8 फीसदी वोट मिल सकते है।आम आदमी पार्टी और कांग्रेस को वोट शेयर को जोड़ दिया जाए तो भाजपा को अनुमानित वोट से अधिक हो जाता है। लेकिन जिस गुजरात में कांग्रेस मजबूत स्थिति में हैं वहां कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी का अब तक न जाना और पदयात्रा में व्यस्त रहना क्या संकेत देता है? कहीं कांग्रेस मानसिक रुप से हारी हुई महसूस तो नहीं करती है? हिमाचल में जहां कांग्रेस के लिये बड़ा अवसर इंतजार कर रहा था वहां भी कांग्रेस ने कमान प्रियंका गांधी को सौंप दिया है। गुजरात और हिमाचल के परिणाम से जहां भाजपा का आत्मविश्वास 2024 के लिये बढ़ेगा वहीं कांग्रेस से पलायन और भगदड़ की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है।

# रेल का विकास

रेल मंत्रालय ने कहा कि 31 अक्टूबर तक की स्थिति के अनुसार, कुल 65,142 रेल मार्ग किलोमीटर बॉड गेज नेटवर्क के अंतर्गत हैं। इसमें से 53,470 किलोमीटर यानी 82.08 प्रतिशत रेल मार्ग का विद्युतीकरण किया जा चुका है। भारतीय रेल देशवासियों के लिये एक मात्र अतंरराज्य परिवहन सेवा है जिससे पूरा देश जुड़ा है। रेल के विकास का अर्थ देश का विकास है। भारतीय रेल दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा रेल नेटवर्क है। भारतीय रेलवे ने अपने पूरे ब्रॉड गेज नेटवर्क के विद्युतीकरण के लिये महत्वाकांक्षी योजना शुरू की है। इसके परिणामस्वरूप न केवल बेहतर तरीके से ईंधन ऊर्जा का उपयोग होगा, बल्कि दक्षता बढ़ने के साथ ईंधन खर्च में कमी आएगी और फलतः कीमती विदेशी मुद्रा की बचत होगी। इससे पहले, 2020-21 में सबसे अधिक 6,015 किलोमीटर रेल मार्ग का विद्युतीकरण किया गया था।

मंत्रालय के अनुसार 31 अक्टूबर तक की स्थिति के अनुसार कुल 65,142 रेल मार्ग किलोमीटर बॉड गेज नेटवर्क (कोंकण रेलवे समेत) के अंतर्गत है। इसमें से 53,470 किलोमीटर यानी 82.08 प्रतिशत रेल मार्ग का विद्युतीकरण किया जा चुका है। यही नहीं बंदे भारत जैसी विकसित ट्रेन का संचालन के साथ सभी यात्री एवं मालगाड़ियों की गति और सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। रेल की पटरियों के रख रखाव पर विशेष ध्यान देने का परिणाम है कि रेल दुधर्टना पर नियंत्रण हो सका है और रेलगाड़ियों की गति भी बढ़ायी जा रही है। लेकिन झारखंड में रेल परियोजनाओं की धीमी गति से उम्मीद के अनुसार लाभ नहीं मिल सकता है जबकि रेल मंत्रालय को झारखंड राज्य के धनबाद और रांची मंडल से रिकार्ड आर्थिक लाभ होता है। शत प्रतिशत विद्युतिकरण से जहां रेल की गति बढ़ेगी वहीं विदेशी मुद्रा की बचत होगी।

# झारखंड: कोख में छिपी अमीरी, गोद में गरीबी




**बिहार** राज्य से झारखंड को अलग हुए 22 वर्ष हो गये लेकिन झारखंड का विकास जिस गति से होना चाहिए था वह नहीं हो पाया। यदि वन, खनिज संपदा से आच्छादित झारखंड का विकास किया जाता तो यह एक आदर्श राज्य के रूप में भारत में स्थापित होता। जहां पर बाहर के लोग आकर काम करते लेकिन ऐसा नहीं हुआ। यह एक अभागिन मां की तरह है झारखंड, जिसके कोख में अमीरी छिपा हुआ है लेकिन गोद में गरीबी है। उक्त बातें झारखंड के प्रथम विधानसभा अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी ने एक साक्षात्कार में कही। उन्होंने कहा कि झारखंड की शुरूआत ही आदिवासी, गैर आदिवासी को लेकर हुआ जो आज उसी राह पर झारखंड को ले जाया जा रहा है जो एक विडंबना है। उन्होंने कहा कि 1932 का खतियान झारखंड के बहुत से लोगों के पास नहीं है, इससे राज्य का भला होनेवाला नहीं है। उन्होंने कहा कि अलग झारखंड राज्य का श्रेय लेनेवाले को यह शर्म आनी चाहिए कि जो लोग बिहार, बंगाल , मध्य प्रदेश एवं उड़ीसा को लेकर बृहत प्रांत बनाने का सपना देख रहे थे, जो कतई संभव नहीं था। इसी बीच मैं व समरेश सिंह वनांचल राज्य को लेकर एक बृहत आंदोलन एकीकृत बिहार में चलाया, जिसमें दक्षिणी छोटानागपुर के भूभाग को ही शामिल कर अलग वनांचल राज्य अलग करो के साथ आंदोलन खड़ा किया। जो अंतिम रूप लेता चला गया।

जब मैं 1988 में भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष बना तो उस समय दक्षिणी छोटानागपुर का एकलौता नेता हुए जो कि अध्यक्ष बनने के बाद मैं सबसे पहले शिबू सोरेन, शैलेंद्र महतो और सूरज मंडल से मिला और यह कहा कि दक्षिणी छोटानागपुर के भूभाग को लेकर ही आंदोलन किया जाये तो भाजपा इसमें साथ रहेगी लेकिन इनलोगों ने मध्य प्रदेश, बंगाल, बिहार व उड़ीसा के कुछ हिस्से को लेकर अलग झाखंड राज्य बनाने को लेकर अड़े रहे। तब मजदूर नेता समरेश सिंह के साथ वनांचल रैली का आयोजन किया गया जिसमें लालकृष्ण आडवाणी आये और उन्होंने यह घोषणा किया के केंद्र में जब भाजपा की सरकार बनेगी तो मध्य प्रदेश से कटकर छतीसगढ़, उप्र से कटकर उतराखंड व बिहार से कटकर अलग वनांचल राज्य निर्माण की स्थापना किया जायेगा।

वर्ष 1998 में केंद्र में भाजपा की सरकार बनी और उतराखंड , छतीसगढ़ राज्य गठन



- इंदरसिंह नामधारी

> जब अलग झारखंड हुआ था तब प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी से कहा कि कुछ कर जाईए, उस समय पथ निर्माण मंत्री सुदेश महतो से भी कहा कि राज्य की सड़कों की बदहाली को दूर किया जाये लेकिन ऐन वक्त पर झारखंड आदिवासी/गैर आदिवासी के आग में जलने लगा। यहां के लोग रोजगार के अभाव में पलायन कर रहे हैं , लोग गरीबी का दंश झेल रहे हैं।

का प्रस्ताव राष्ट्रपति के द्वारा मप्र व उप्र विधानसभा को भेजी गयी। तब मैं भाजपा के राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक में अलग वनांचल राज्य निर्माण का मुद्दा उठाया। जिस पर राष्ट्रीय कार्यसमिति द्वारा निर्णय लेते हुए राष्ट्रपति के द्वारा वनांचल राज्य निर्माण को लेकर बिहार विधानसभा को एक प्रस्ताव भेजा गया उस समय बिहार के मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव थे। जिन्हें अलग राज्य के विरोधी होने के नाते भी उनके अंदर उस प्रस्ताव का विरोध करने की क्षमता नहीं थी। कारण कि वे चारा घोटाला में फंस गये थे । जब दक्षिणी छोटानागपुर के कुछ संगठनों एवं शिबू सोरेन की पार्टी को यह पता चला कि राष्ट्रपति भवन से अलग वनांचल राज्य स्थापना का प्रस्ताव आया है तब ये सभी मिलकर दक्षिणी छोटानागपुर में उग्र आंदोलन को खड़ा किया, उस वक्त भी मैं भाजपा की बैठक में यह कहा कि अलग वनांचल आंदोलन का नाम दिया गया था जो कि अलग झारखंड नाम से राज्य का गठन हो जाता है तो इससे क्या फर्क पड़ता है हो जाने दीजिये।

तब केंद्र की वाजपेयी सरकार ने वर्ष 2000 में बिहार से दक्षिणी छोटानागपुर को अलग करते हुए झारखंड के नाम से अलग राज्य का गठन किया गया। लेकिन आज अलग राज्य का श्रेय लेनेवालों की भूमिका क्या रही है इसे देखकर दिल में जो तड़प होती है उसे व्यक्त नहीं किया जा सकता है। मैं अपने आप मंथन में पूरी वृतांत को लिख रहा हूँ। झारखंड युवा अवस्था से गुजर रहा है लेकिन यहां एक भी रोजगार परक उद्योग धंधे स्थापित नहीं किये गये। उन्होंने कहा कि

**अमृतधारा बह रही, पास न वाको जाये, गंगा तट पर खड़ा होइके, प्यास प्यास चिल्लाये।**

चूंकि झारखण्ड के मूल निवासी जनजाति हैं एवं जनजातियों की जनसंख्या व संकेंद्र्ण वाले क्षेत्रों की संख्या भी इतना पर्याप्त है कि इनके विकास के लिए सरकारी, गैर सरकारी एवं स्वयं- सेवी संस्थानों की संख्या भी इस क्षेत्र में अन्य राज्यों के अपेक्षा ज्यादा है। अतएव स्वरोजगार करने के ले लोगों को प्रशिक्षित करने के माध्यम की उपलब्धता भी काफी हद तक बेहतर है। इसका ज्वलंत उदाहरण है बिसुनपुर क्षेत्र, खूँटी क्षेत्र, गुमला के आसपास का क्षेत्र इत्यादि। विकास का एक मापदंड व्यक्ति की कार्य क्षमता भी है। स्वरोजगार के संदर्भ में व्यक्ति को अपने रोजगार के प्रति अत्याधिक अपनत्व एवं एवं ममत्व उत्पन्न होत्ता है व लाभ का पूरा हिस्सा अपना हो जाने के कारण रोजगार को उन्नत करने की लालसा से हर कोई स्वेच्छा से अपनी कार्यक्षमता का अधिकतम प्रयोग करता है, जिससे व्यक्ति की कार्य क्षमता में भी अभिवृद्धि होगी। कुछ व्यक्ति उसकी लगभग समान है किन्तु वह बांस, लाख के कीड़े इत्यादि का अपना रोजगार करते हैं। वे मासिक लगभग 3- 7 हजार कमा लेते हैं। इस तरह उन्हें परिश्रम एवं मेहनत भी अपेक्षाकृत कम करने के बावजूद अधिक आय की प्राप्ति होती है। साथ-ही- साथ उनमें सृजनात्मक क्षमता एवं दृष्टिकोण में काफी विकसित हो रही हैं।

ये है झारखंड की स्थिति। जब अलग झारखंड हुआ था तब प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी से कहा कि कुछ कर जाईए, उस समय पथ निर्माण मंत्री सुदेश महतो से भी कहा कि राज्य की सड़कों की बदहाली को दूर किया जाये लेकिन ऐन वक्त पर झारखंड आदिवासी/गैर आदिवासी के आग में जलने लगा। जिसका नतीजा यह हुआ कि झारखंड आज भी अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। यहां के लोग रोजगार के अभाव में पलायन कर रहे हैं , सिंचाईयुक्त भूमि नहीं बन पा रही है, इस कारण लोग गरीबी का दंश झेल रहे हैं।

**(यह आलेख सत्येन्द्र मिश्रा, ब्यूरो प्रमुख पलामू से बातचीत पर आधारित है।)**

## खास बात

# शिक्षा की दुर्दशा

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

**75** साल की आजादी के बावजूद एशिया के छोटे-मोटे देशों के मुकाबले भारत क्यों पिछड़ा हुआ है, इसका मूल कारण यह है कि हमारी सरकारों ने शिक्षा और चिकित्सा पर कभी समुचित ध्यान दिया ही नहीं। इसीलिए देश के मुट्ठीभर लोग अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूलों में पढ़ाते हैं और निजी अस्पतालों में अपना इलाज करवाते हैं। देश के 100 करोड़ से भी ज्यादा लोगों के बच्चे उचित शिक्षा-दीक्षा से और वे लोग पर्याप्त चिकित्सा से वंचित रहते हैं। यूनेस्को ने भारत में खोज-पड़ताल करके बताया है कि देश के 73 प्रतिशत माता-पिता अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में पढ़ाना पसंद नहीं करते हैं, क्योंकि वहां पढ़ाई का स्तर घटिया होता है। वहां से पढ़े हुए बच्चों को ऊंची नौकरियां नहीं मिलती हैं, क्योंकि उनका अंग्रेजी ज्ञान कमजोर होता है।

हमारी सरकारों के निकम्मेपन के कारण आज तक सरकारी नौकरियों में अंग्रेजी अनिवार्य है। अंग्रेजी माध्यम से पढ़े हुए बच्चे बड़े होकर या तो सरकारी नौकरियां हथियाने या फिर अमेरिका और कनाडा भागने के लिए आतुर रहते हैं। गैरसरकारी स्कूलों, कालेजों और विश्वविद्यालयों की फीस 50-50 हजार रुपेय महीना तक है। आजकल अस्पताल और ये शिक्षा-संस्थाएं देश में ठगी के सबसे क्रूर ठिकाने बन गए हैं। देश के गरीब, ग्रामीण, पिछड़े और आदिवासी लोग समुचित शिक्षा और चिकित्सा के बिना ही अपना जीवन गुजारते रहते हैं। सरकारी स्कूल और अस्पताल भी उनकी सेवा सरल भाव से नहीं करते।

देश के 90 प्रतिशत स्कूल फीस वसूली के दम पर जिन्दा रहते हैं। देश में 29600 स्कूल ऐसे हैं, जिन्हें मान्यता प्राप्त नहीं है। 4 हजार से ज्यादा मदरसे भी इसी श्रेणी में आते हैं। इन स्कूलों से निकलने वाले छात्र क्या नए भारत के निर्माण में कोई उल्लेखनीय योगदान कर सकते हैं? यदि हम शिक्षा के मामले में भारत की तुलना दक्षेस के हमारे पड़ोसी सातों देशों से करें तो उक्त पैमाने पर वह अफगानिस्तान के सबसे करीब है लेकिन वह श्रीलंका, भूटान और पाकिस्तान से भी बहुत पिछड़ा हुआ है। दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा राष्ट्र भारत है।

# जीवन मूल्य

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यांनदजी परमहंस**

**एक** गणिका का प्रस्ताव राजा रोमपाद को पसंद आया। गणिका ने एक योजना पर काम किया। कई बड़ें नौका को मिलाकर उस पर मिट्टी भरवाकर उसे उद्यान का रुप दिया। उस पर फूल-पौधे लगवा दिया। इसके बार गंगा के उस तट पर पहुंची जहां विभांडक और श्रंगी ऋषि रहते थे। गणिका ने पता किया कि कब विभांडक ऋषि आश्रम से बाहर रहते हैं। वह ऋषि कुमार का भेष बनाकर श्रंगी ऋषि से मिली और उन्हें फल और मिठाई भेंट की। उनसे बातचीत के क्रम में मित्रता करने के उपरांत उनसे अपने आश्रम में चलने का आमंत्रण दिया। यह आश्रम उसी नाव पर बने बागीचा में था। श्रंगी ऋषि ने उनका आमंत्रण स्वीकार कर नाव जोड़कर बनाये गये उद्यान में स्थित आश्रम में पहुंचे। गणिकाओं ने जो वेश बदल रखा था नाविकों को इशारा किया और नाव पर स्थित बागीचा गंगा के दूसरे तट पर लग गयी। ऋषि पुत्र श्रंगी को पता ही नहीं चला और जैसे ही उन्होंने अंग देश की धरती पर पैर रखा बारिश होने लगी। बारह वर्ष से जो अकाल और अनावृष्टि थी वह समाप्त हो गयी।

जब विभांडक ऋषि आश्रम लौटे तो अपने पुत्र श्रंगी को आश्रम में न पाकर यह देखा की उनके पुत्र के साथ छल किया गया है। वे क्रोधित हो गये। वे बोले मैं राजा और उसके राज्य को जला डालूंगा। राजा को पता चला तो वह अपने मंत्रियों पुरोहितो और अपनी बेटी शांता के साथ विभांडक ऋषि के आश्रम में आये। पुरोहितों ने विभांडक को समझाया।

(ब्रम्ह विद्यालय सह आश्रम)

विश्व जन परिवहन दिवस नौ नवंबर के अवसर पर हमारे लोकसभा क्षेत्र गोड़डा में विश्वस्तरीय वायु, सड़क और रेल सेवा उपलब्ध कराने के लिये आदरणीय प्रधानमंत्री मोदी जी को सादर धन्यवाद।

**-निशिकांत दूब, सांसद गोड्डा**

## आपके ट्वीट

चीन -महंगाई - नोटबन्दी - अग्निपथ - बेरोजगारी - माईक ऑफ ऐसी कर दी है हमारे संसद की हालत! प्रधानमंत्री जी, ध्यान से सुन लो - आप जनता की आवाज दबा नहीं सकते, इसकी गूंज आपके अहंकार को तोड़ेगी।

**- राहुल गांधी**





राज्य में घरों को रेगुलराइज करने की अच्छी पहल। पर पहले की तरह अव्यावहारिक शर्तें न हो, उदार व्यवस्था बनाई जाए। साथ ही साथ भविष्य में नक्शा पास कराने और अवैध कहलाने के मकड़जाल से बचने हेतु, सरल व्यवस्था बनाई जाए। मकान निर्माण एक जरूरत है, इसमें दिशा निर्देश भले हो, नियंत्रण नहीं।

**- महेश पोद्दार**

# भारतीय जनमानस के बीच लोकदेव माने जाते थे नेहरू

## सामयिक

**एफ एन निलेष**

**लोकतंत्र के जनक नेहरू**

आजादी के बाद भारत में 1952 में पहली बार आम चुनाव हुए। आम चुनाव 1957 और 1962 में लगातार जीत के बाद भी उन्होंने विपक्ष को पूरा सम्मान दिया था। संसद में नेहरू जी विपक्षी नेताओं की बातों को ध्यान से सुनते थे?, उनसे विचार विमर्श भी करते थे। 1963 में कांग्रेस पार्टी के सदस्यों के विरोध के बावजूद भी उन्होंने सरकार के खिलाफ विपक्ष की ओर से लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा कराना मंजूर किया था। अटल जी ने पंडित नेहरू से कहा था कि उनके अंदर चर्चिल भी है और चैंबरलिन भी है। अटल जी का यह वीडियो आज भी वायरल है। लेकिन नेहरू उनकी बात का बुरा नहीं माने। उसी दिन शाम को दोनों की मुलाकात हुई तो नेहरू ने अटल की तारीफ की और कहा कि आज का भाषण बड़ा जबरदस्त था। नेहरू विपक्ष के नेताओं द्वारा की गई आलोचना का बुरा नहीं मानते थे और उनका पूरा सम्मान करते थे।

नेहरू की विदेश नीति

नेहरू जी हमेशा चाहते थे कि भारत किसी भी देश के दबाव में न आए और विश्व में भारत की स्वतंत्र पहचान हो। पंचशील का सिद्धांत नेहरू जी के विदेश नीति का एक मुख्य उद्देश्य था

जवाहरलाल नेहरू की लिखी किताबें

पंडित नेहरू एक अच्छे नेता और वक्ता ही नहीं थे बल्कि वे एक अच्छे लेखक भी थे। उन्होंने अंग्रेजी में द डिस्कवरी ऑफ इंडिया ग्लिमप्स ऑफ वर्ल्ड हिस्टरी और बायोग्राफी टुवर्ड फ्रीडम जैसेकई किताबें लिखी।

वसीयत की कुछ खास बातें

मैं चाहता हूं कि मरणोपरांत मेरी मुट्ठीभर राख प्रयागराज के संगम में बहा दी जाए जो हिन्दुस्तान के दामन को चूमते हुए समंदर में जा मिले, लेकिन मेरी राख का ज्यादातर हिस्सा जहाज से ऊपर ले जाकर खेतों में बिखरा दिया जाए, वो खेत जहां हजारों मेहनतकश इंसान काम में लगे हैं, ताकि मेरे वजूद का हर जर्रा वतन की खाक में मिलकर एक हो जाए।

देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने ही रामधारी सिंह दिनकर को राज्यसभा के लिए चुना था, लेकिन उन्होंने नेहरू की नीतियों के खिलाफ भरी संसद में ऐसी पंक्तियां सुनाईं कि पूरे देश में भूचाल-सा मच गया-

देखने में देवता सदृश्य लगता है
बंद कमरे में बैठकर
गलत हुक्म लिखता है

एक बार हिंदी भाषा को लेकर उन्होंने ऐसी टिप्पणी की जिसे सुनकर पूरा सदन सन्न रह गया। इस टिप्पणी में उन्होंने साफ शब्दों में पंडित नेहरू पर निशाना साधा. यह घटना 20 जून, 1962 की है। उस दिन रामधारी सिंह दिनकर ने राज्यसभा में हिंदी के अपमान को लेकर बहुत सख्त स्वर कहा-देश में जब भी हिंदी को लेकर कोई बात होती है, तो देश के नेतागण ही नहीं बल्कि कथित बुद्धिजीवी भी हिंदी वालों को अपशब्द कहे बिना आगे नहीं बढ़ते। पता नहीं इस परिपाटी का आरम्भ किसने किया है, इस परिपाटी को प्रेरणा प्रधानमंत्री से मिली है। रामधारी सिंह दिनकर पंडित नेहरू के व्यक्तित्व से बहुत प्रभावित थे. इस बात का जिक्र उन्होंने अपने कई संबोधनों और किताबों में किया है। 1965 में दिनकर जी ने नेहरू जी के व्यक्तित्व पर एक पुस्तक भी लिखी थी- लोकदेव नेहरू लोकदेव नेहरू पुस्तक में रामधारी सिंह दिनकर ने पंडित नेहरू के राजनीतिक और अन्तरंग जीवन के कई अनछुए पहलुओं को काफी निकटता से प्रस्तुत किया है। दिनकर जी ने लोकदेव शब्द विनोबा भावे जी से लिया था जिसे उन्होंने नेहरू जी की श्रद्धांजलि के अवसर पर व्यक्त किया था।

## कॉर्टून वर्ल्ड

महिलाओं पर तालिबानी अत्याचार...



साभारः कॉर्टून मूवमेंट डॉटकॉम

## लेटर टू एडीटर

### आनलाइन शिक्षा

**संयुक्त** राष्ट्र के महासचिव के अनुसार कोविड-19 की अवधि में शिक्षा को बचाना इस समय सबसे मूल्यवान है। इस अवधि के दौरान शिक्षा बहुत अधिक प्रभावित हुई है। ऑनलाइन शिक्षा ही शिक्षा प्रदान करने का विकल्प बन गई है। शिक्षकों और छात्रों के बीच प्रत्यक्ष संपर्क समाप्त हो गया है। वर्तमान में देश ऐसी शिक्षा के लिए तैयार नहीं है।

**-नरेंद्र शर्मा, रांची**

### शीघ्र पलायन रोकें

**कोरोना** संक्रमण में बढ़ोतरी से व्यापार, व्यवसाय और औद्योगिक क्षेत्रों में भय का माहौल है। इस बार फिर महानगरों से मजदूरों का पलायन शुरू हो गया है। ऐसी स्थिति में मजदूरों को अपने कार्यस्थल पर रोकने की योजना बनाए जाने की महती जरूरत है, जिससे तालाबंदी में भी उत्पादन प्रभावित न हो। सरकार को जल्द ही पहल करनी होगी।

**-अमृतलाल मारू हजारीबाग**

# ईरानी ने टाटा स्टील के माध्यम से झारखंड का विकास किया

## व्यक्तित्व

**आर.के. सिन्हा**

**जेजे ईरानी** का कॉरपोरेट व्यक्तित्व विराट था। उनका भारत के स्टील इंड्रस्टी के विकास में योगदान उल्लेखनीय रहा था। उन्होंने लगभग चार दशकों तक कंपनी में अपनी सेवा दी थी और जून 2011 में टाटा स्टील के बोर्ड से रिटायर हुए थे। वर्ष 1992 में जब उन्होंने टाटा स्टील के एमडी के रूप में कार्यभार संभाला था, तब उदारीकरण के दौर की शुरूआत हुई थी और स्टील उद्योग नई चुनौतियों का सामना कर रहा था। जेजे अपने काम में इतने दक्ष थे कि टाटा स्टील को दुनिया में सबसे कम लागत में स्टील उत्पादन करने वाली कंपनी के तौर पर विकसित किया।उन्होंने 1958 में नागपुर यूनिवर्सिटी से जियोलॉजी में मास्टर्स किया था। उसके बाद उन्होंने 1960 में यूके की शेफील्ड यूनिवर्सिटी से मेटलर्जी में भी मास्टर्स किया। 1963 में उन्होंने पीएचडी की और टाटा स्टील में बतौर असिस्टेंट अपने करियर की शुरूआत की थी। वे 1981 में टाटा स्टील के बोर्ड में शामिल हुए थे। वे कंपनी में 2001 तक नॉन एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर रहे। जमशेद ईरानी ने साल 1963 में शेफील्ड में ब्रिटिश आयरन एंड स्टील रिसर्च एसोसिएशन के साथ अपने पेशेवर करियर की शुरूआत की। लेकिन वे हमेशा देश के विकास में योगदान देना चाहते थे। वे भारत वापस लौटे। यहां आकर उन्होंने साल 1968 में टाटा आयरन एंड स्टील कंपनी (वर्तमान में टाटा स्टील) जॉइन की। उन्होंने रिसर्च एंड डेवलपमेंट के डायरेक्टर इन-चार्ज के सहायक के रूप में जॉइन किया था। वे इस बात की मिसाल थे कि इंसान मेहनत के बल पर शिखर को छू सकता है।

वे जनरल सुपरिटेंडेंट, जनरल मैनेजर, प्रेसिडेंट, जॉइंट एमडी और एमडी बने। टाटा स्टील और टाटा संस के अलावा जेजे ईरानी ने टाटा मोटर्स और टाटा टेलीसर्विसेज सहित टाटा समूह की कई कंपनियों के निदेशक के रूप में भी काम किया। जिधर भी रहे वहां पर अपनी छाप छोड़ी। बेशक, जेजे ईरानी जैसी तेजतर्रार शख्सियत बार-बार पैदा नहीं होती। जेजे ईरानी को साल 2004 में भारत सरकार ने भारत के नए कंपनी अधिनियम के गठन के लिए विशेषज्ञ समिति के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया। धातु विज्ञान के क्षेत्र में उनकी सेवाओं के लिए उन्हें 2008 में भारत सरकार द्वारा लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया था। जेजे ईरानी को एक दूरदर्शी नेता के रूप में याद किया जाएगा। अब टाटा स्टील लिमिटेड तथा टाटा समूह को इस बिन्दु पर भी विचार करना होगा कि जिंदल साउथ वेस्ट (जेएसडब्ल्यू) ने भारत की स्टील के उत्पादन में पहला स्थान कैसे हासिल कर लिया। जेजे ईरानी को यह अच्छा नहीं लगता होगा कि टाटा स्टील अब देश के स्टील सेक्टर की सिरमौर नहीं रही। बहरहाल, जेजे ईरानी के दिवंगत होने से देश के स्टील उद्योग ने अपना एक संरक्षक खो दिया है।

मैं 1986 से जमशेद ईरानी जी के संपर्क में तब आया जब रूसी मोदी ने अपने आवास पर पार्टी में उनसे मेरा परिचय कराया। तब से लेकर मृत्युपर्यंत हमारा मधुर मित्रवत संबंध बना रहा। अफसोस इस बात का है कि मैं उनके आखिरी दिनों में चाहकर भी मिलने जमशेदपुर नहीं जा सका, जहां वे टाटा मेन अस्पताल में भर्ती थे।

(लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# 90% अनुदानित दर पर बीज वितरण का अंबा प्रसाद ने किया शुभारंभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बड़कागांव।** प्रखंड क्षेत्र के होरम मोड़ मे आत्मनिर्भर बड़कागांव फार्मर सर्विसेज प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के केंद्र में 90% अनुदानित दर पर बीज वितरण का शुभारंभ स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा किया गया। इस दौरान बीज केंद्र का विधायक अंबा प्रसाद ने फीता काटकर उद्घाटन किया तथा किसानों के बीच अंबा प्रसाद ने गेहूं,सरसों,चना इत्यादि के बीज का वितरण किया। इस अवसर पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि किसानों को हितों में ध्यान में रखते हुए बीज अनुदान योजना के तहत किसानों को राबी सीजन की फसलों के बीज पर सब्सिडी दे रही है। राज्य में फसलों का उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाने के लिए किसानों को सरकार द्वारा उन्नत किस्मों के प्रमाणित बीज उपलब्ध कराए जाते हैं ताकि अधिक से अधिक किसान इन बीजों का प्रयोग कर पैदावार बढ़ा सकें। इसके लिए सरकार द्वारा इन बीजों की खरीद पर सब्सिडी उपलब्ध कराई जाती है। मौके पर मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी, प्रमुख फुलवा देवी, प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, सुरेश महतो, प्रवीण कुमार, सनीत महतो,रमेश सिंह भोक्ता, प्रभाकर कुमार,काशिफ महतो समेत कई किसान मौजूद थे।


अंबा प्रसाद व अन्य

## स्पीड न्यूज

### गौसुल वारा कॉन्फ्रेंस कार्यक्रम आज

रजरप्पा। गौसुल वारा कॉन्फ्रेंस कुंदरू कला में 14 नवंबर दिन सोमवार 7:00 बजे शाम से एक अजीम ओ शान जलसे का कार्यक्रम रखा गया है. जिसमें नकीब, नात खा, मुकरीर ओलमा तशरीफ ला रहे हैं. साथ ही पीरे तरीकत रहबर रे, शरीयत उमर राजा खा बरेली, शरीफ जनाब कारी निसार, कोलकाता, अजमत रजा भागलपुरी, जमजम फतेहपुरी, शाहनवाज हसन उड़ीसा, जनाब मनोवर सैफी साहब मुख्य रूप से मौजूद होंगे।

### बिरहोरों के बीच विधायक ने कंबल का किया वितरण



बरही। क्षेत्र में अचानक ठंड की स्थिति में बढ़ोतरी को देखते हुए राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त 130 कंबल विधायक उमाशंकर अकेला द्वारा प्रखंड के खोंडाहार पंचायत के बिरहोर समुदाय के बीच वितरण किया। इस मौके पर बरही बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार, कांग्रेस पार्टी के जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी, सामाजिक कार्यकर्ता अशोक सिंह, मुखिया अनिता देवी, पंचायत सेवक रामवृक्ष कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि हमारी सरकार गरीब, असहाय, किसानों एवं मजदूरों की सरकार है, हमारी सरकार को पता है कि ठंड चालू होने वाला है। इससे पहले क्षेत्र के जरूरतमंदों के लिए गर्म कपड़ों का प्रबंध हो गया है। आज इस बिरहोर टोला से यह गर्म कपड़ों का वितरण कार्यक्रम प्रारंभ हुआ है, यह कार्यक्रम विधानसभा के सभी पंचायतों में चलाया जाएगा एवं सभी जरूरतमंदों को इसका लाभ मिलेगा। लाभुको में योगनी देवी, शांति देवी, संजू देवी, रंजीत बिरहोर, फागू बिरहोर, अर्जुन बिरहोर, लाखो बिरहोर, लक्ष्मी देवी, बिशुन बिरहोर, शनिचरी देवी आदि शामिल थे।

### रैयत-विस्थापित संघ के अध्यक्ष झरी मुंडा व सचिव बने संतोष कुमार

भुरकुंडा (रामगढ़)। बलकुदरा पंचायतवासियों की बैठक रविवार कों बलकुदरा ओवरब्रीज के नीचे हुई। इसकी अध्यक्षता समाजसेवी नंदकिशोर मुंडा ने की। बैठक में पीएलआर कंपनी द्वारा बलकुदरा खुली खदान के सीसीएल कार्यो में बलकुदरा के ग्रामीणों को लाभ दिलाने एवं बलकुदरा पंचायत के विकास पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से संगठन का नामकरण किया गया। इसमें संगठन का नाम आदिवासी-मूलवासी रैयत-विस्थापित संघ रखा गया। साथ ही सबों की सहमति से संगठन का विस्तार किया गया। जिसमें झरी मुंडा को अध्यक्ष, नन्दकिशोर मुन्डा व अरुण साहू को उपाध्यक्ष, विनय प्रसाद को महासचिव, देवानन्द प्रसाद को संयोजक संतोष कुमार उर्फ भोला को सचिव, मनोज मुंडा को उपसचिव, करण साहू व सूरज बाड़ा को संगठन सचिव, बजरंग यादव व मुन्ना मुंडा को उप संगठन सचिव, पारसनाथ साहू उर्फ प्रेम को कोषाध्यक्ष, प्रेम मुंडा को उप कोषाध्यक्ष चुना गया।

## प्रशिक्षण के माध्यम से दी गई कार्य करने की विभिन्न जानकारियां



**रजरप्पा।** वैष्णवी लेबर एंड वेलफेयर एसोसिएशन के दंगल सरदारों द्वारा साप्ताहिक प्रशिक्षण का तीसरा दिन वैष्णवी लेबर एंड वेलफेयर एसोसिएशन चितरपुर प्रखंड मायल गावादेवती स्थित कार्यालय में संपन्न हुई। जिसमें प्रशिक्षण के माध्यम से विभिन्न जानकारियां दी गई। इस दौरान वैष्णवी लेबर एंड वेलफेयर एसोसिएशन के दंगल सदस्य लाभान्वित हुए। मौके पर मीला देवी, सिमोती देवी, मालती देवी, सविता देवी, बीना देवी, विमला देवी, चिना देवी, दर्शनी देवी, शकुंतला देवी, ओमवती देवी, उर्मिला देवी, सुमित्रा देवी, कुंती देवी, अंजू देवी, सुदन देवी, सुमित्रा देवी, आरती देवी, यशोदा देवी, रिंकी देवी, नवमी देवी, रीना देवी, झालो देवी, शांति देवी, लालो देवी, उर्मिला देवी आदि उपस्थित थे।

### भारत जोड़ो पदयात्रा को लेकर कांग्रेस ने की बैठक,प्रखंड अध्यक्ष बोले

## कांग्रेस पार्टी के लिए मील का पत्थर साबित होगी भारत जोड़ो पदयात्रा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पदमा।** कांग्रेस के राष्ट्रव्यापी भारत जोड़ो पदयात्रा कार्यक्रम को लेकर दिन रविवार को पदमा प्रखंड अंतर्गत रोमी पंचायत भवन में कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष गौतम कुमार मेहता के अध्यक्षता में बैठक आयोजित किया गया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह एवं डॉक्टर आरसी प्रसाद मेहता शामिल हुए। भारत जोड़ो यात्रा सफलतापूर्वक प्रखंड में हो जिसको लेकर आवश्यक विचार विमर्श करते हुए सभी कार्यकताओं की जिम्मेवारी सौंपी गई। प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी जी के द्वारा भारत जोड़ो कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसे लेकर प्रखंडों में भी कार्यक्रम किया जा रहा है आने वाले समय में भारत जोड़ो पदयात्रा कांग्रेस पार्टी के लिए मील का पत्थर साबित होगा। जिला अध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से देश में कॉन्ग्रेस पार्टी का ग्राफ काफी बढ़ रहा है। कांग्रेस पार्टी देश की जनता से जुड़ रही है। झारखंड सरकार द्वारा 1932 खतियान लागू किए जाने पर लोग एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की। मौके पर जिला महामंत्री विनोद यादव, जिला उपाध्यक्ष डॉक्टर निजामुद्दीन अंसारी, जिला अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष अंसारी, जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष संजय यादव, कुलदीप रविदास, पंकज कुमार मेहता, नागेश्वर कुमार सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एक नजर में

### रंगरेलियां मनाता पुलिस का जवान धराया,पिटा

**चरही।** चुरचू थाना से लाईन हाजिर हुए एक पुलिस बल का जवान चुरचू थाना के समीप एक घर से रंगरेलियां मनाते ग्रामीणों ने धर दबोचा। उसकी जमकर धुनाई हुई। मामला शनिवार रात करीब 8 की है। बताया जाता है कि जिला पुलिस बल का जवान नीलकमल सिंह को दो माह पूर्व चुरचू थाना से जिला भेजा गया था। जिसका इश्क पूर्व से थाना के समीप एक स्वजातीय घर में विधवा महिला के साथ अनैतिक संबंध चल रहा था। देर शनिवार की रात जवान को उसी घर में पहुंचकर महिला के साथ गलत हरकत करते देख ग्रामीणों ने रंगे हाथों पकड़ा। जिसकी जमकर धुनाई कर दी गई। मामला बढ़ते देख चुरचू थाना प्रभारी दल-बल के साथ पहुंचकर उस जवान को अपने कब्जे में लेकर थाना ले आई। जहां से उस जवान को हजारीबाग भेज दिया गया। इस मामले को लेकर देर रात तक हंगामा होती रही। ग्रामीणों ने थाना की पुलिस के ऊपर आरोप लगाते हुए कहा कि जवान की इस हरकत से क्षेत्र में माहौल खराब हो रहा है। महिला के परिजन हंगामा को देखते हुए घर में ताला बंद कर अन्यत्र चले गए हैं। सूत्र बताते हैं कि उक्त पुलिस बल के जवान दस फीट दिवार को फांदकर अपनी प्रेमिका के घर में घुस गया था। जिसकी भनक स्थानीय ग्रामीणों की लगी। पूरा गांव एकजुट होकर उक्त जवान को कुकर्म करते हुए धर दबोचा था।घायल जवान को उपचार के सदर अस्पताल में भर्ती करवाया गया। उक्त जवान चुरचू थाना में अपना सेवा दे चुका है। चुरचू थाना प्रभारी इन्द्रदेव रजवार ने उस जवान के हरकत को देखते हुए सात अक्टूबर 2022 को लाइन हाजिर कर दिया।

### मांगें पूरी नहीं हुई तो होगा आंदोलन : कुलदीप यादव

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बासल थाना क्षेत्र के लबगा में रविवार को स्थानीय विस्थापित मोर्चा की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता कोंग्रेस इंटक जिला सचिव कुलदीप यादव और संचालन हरिनाथ गंझु ने किया। बैठक में पिछले 3 नवंबर को बलकुदरा खदान मामले पर सीसीएल प्रबंधन और पीएलआर कंपनी को सौंपे गए 6 सूत्री मांगों पर चर्चा की गई। कहा गया की अभी तक हमारी मांगों पर पहल नहीं की गई है। जिससे विस्थापितों में आक्रोश है। मौके पर कुलदीप यादव ने कहा झारखंड समृद्ध राज्य है और पतरातू प्रखंड कोयला से भरा हुआ है। लेकिन स्थानीय विस्थापित ग्रामीण बेरोजगारी का दंश झेल रहे हैं। लोग भुखमरी के साथ-साथ पलायन को भी मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों की जगह बाहरी लोग कार्य संचालित करें यह हमसभी बर्दाश्त नहीं करेंगे। श्री यादव ने कहा कि यहां के विस्थापितों का हक-अधिकार नहीं मिला तो चरणबद्ध आंदोलन किया जायेगा। जिसकी सारी जवाबदेही प्रबंधन की होगी। मौके पर राजेश मुंडा, राजू मुंडा, देवनाथ यादव, लालू यादव, रंजीत गंझु, ष्णा मुंडा, प्रकाश यादव, बीरेंद्र मुंडा, मो. क्यूम अंसारी, मोहित मुंडा, दसमी देवी, मुनको देवी, अनिता देवी, सुनीता देवी, पूनम देवी, बुधनी देवी सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

### लक्ष्मी नारायण महायज्ञ 21 फरवरी से करने कर लिया गया निर्णय

**रामगढ़।** फुलसराय उप स्वास्थ्य केंद्र के समीप रविवार को मां लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता सुनील कुमार व संचालन कपिल देव साव ने की। बैठक में ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि आगामी वर्ष 21 फरवरी से 27 फरवरी तक सात दिवसीय मां लक्ष्मी नारायण महायज्ञ सभी मिलकर सफल व ऐतिहासिक बनाएंगे। साथ ही महायज्ञ के एक माह पूर्व गांव के प्रत्येक घर में स्वच्छ खानपान की व्यवस्था लागू होगी। महायज्ञ को लेकर रामगढ़ दामोदर नदी तक कलश यात्रा का आयोजन होगा। जिसमें श्रद्धालु 1001 कलशों के साथ शामिल होंगे। यह अनुष्ठान शालिग्राम फरहवा बाबा के सानिध्य में होगा। जबकि यज्ञ प्रवचन रामलीला भंडारा, यज्ञ आचार्य अयोध्या और बनारस से शामिल होंगे।

### विद्यार्थियों की सफलता ही संस्था का एक मात्र उद्देश्य : रत्नेश कुमार




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रिवर साइड व पटेलनगर भुरकुंडा स्थित एस्पायर कोचिंग सेंटर के 12 विद्यार्थियों ने प्रतियोगी परीक्षा में सफलता का परचम लहराया है। विद्यार्थियों की सफलता पर रविवार को कोचिंग प्रांगण में सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। इस दौरान संस्था के निदेशक रत्नेश कुमार ने सफल छात्र-छात्राओं को उपहार देकर सम्मानित करते हुए बताया की कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा में 12 विद्यार्थियों ने विभिन्न पदों पर सफलता अर्जित कर अपने माता-पिता, संस्था व पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इसमें निकिता कुमारी पिता नरेंद्र कुमार, सोनू उरांव पिता अशोक उरांव, चंदन चौबे पिता दिनेश चौबे, प्रवीण उरांव पिता दिलकेश्वर उरांव, अश्विनी सिंह पिता नकुल सिंह और दीपक जयसवाल पिता किशोर जयसवाल का सीआईएसएफ में चयन हुआ है। वहीं टोनी कुमार पिता जगदेव बेदिया, हर्ष कुमार पिता सुरेंद्र सिंह व नारायण प्रजापति पिता जितेंद्र पंडित का एसएसबी में और ममता कुमारी पिता मनोज सिंह का बीएसएफ में चयन हुआ है। निदेशक श्री कुमार ने कहा कि परिश्रम ही सफलता की कुंजी होती है।

## गंदी लत को छुड़ाने के लिए हर सार्थक कदम उठाया जायेगा : विजय मुंडा

बैठक कर कहा- नशा व जुआ की लत से दर्जनों घर हो रहे हैं बर्बाद, नहीं चेते तो लगेगा जुर्माना

शराब एवं जुआ पर रोक लगाने का बलकुदरा पंचायत के ग्रामीणों ने लिया सामूहिक संकल्प


बैठक में उपस्थित बलकुदरा पंचायत के लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बलकुदरा (रामगढ़)।** बलकुदरा पंचायत भवन में रविवार को बड़काटोला के ग्रामीणों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता मुखिया विजय मुंडा व संचालन पंसस राजू कुमार मुंडा ने किया। बैठक में नौजवानों के नशा, जुआ चोरी आदि गंदी लत से छुटकारा दिलाने पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। साथ ही ग्रामीणों ने शराब एवं जुआ पर शत प्रतिशत रोक लगाने का सामुहिक रूप से संकल्प लिया। गांव में घोषणा करते हुए कहा गया कि कोई भी नौजवान नशा, जुआ व चोरी करते हुए पकड़ा गया तो उनपर 5000 का जुर्माना लगाया जायेगा। बात न मामने पर कानूनी कार्रवाई भी कराई जायेगी। बैठक के दौरान शराब बेचने वाले ग्रामीणों ने भी उपस्थित लोगों को पूरा भरोसा दिलाते हुए कहा कि गांव की बेहतरी व उत्थान के लिए हमलोग न तो शराब बेचेंगे और न ही किसी को पीने देंगे। मौके पर मुखिया विजय मुंडा ने कहा कि नशा व जुआ के कारण दर्जनों घर बर्बाद हो गए हैं। उन्होंने कहा कि नशा, चोरी व जुआ को रोकने के लिए हर सार्थक कदम उठाया जायेगा। श्री मुंडा ने कहा कि इस नेक कार्य में पंचायत के लोगों को एकजुट होकर जागरूकता फैलानी होगी, तभी हमें अभियान में सफलता मिलेगी। मौके पर पूर्व पार्षद झरी मुंडा, पूर्व मुखिया लीला देवी, दिनेश मुंडा, बढ़न साव, सुरेश साव, दुर्गा साव, नारायण साव, खेदन मुंडा, नवल प्रसाद, अरूण साव, संदीप मुंडा, गुलचंद मुंडा, जितेंद्र मुडा, रमेश मुंडा, सन्नी प्रसाद, खीविया देवी, सोमरी देवी, राधा देवी, लक्ष्मी देवी, आशा देवी, वीणा देवी, एतवरिया देवी, फुदा देवी, जयंती देवी, मनीता देवी आदि मौजूद थें।

## अवैध शराब के विरुद्ध चलाया गया जांच अभियान


नष्ट किया गया जावा महुआ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** रामगढ़ जिले में अवैध शराब पर रोक लगाने के उद्देश्य से उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर सहायक आयुक्त उत्पाद अजय कुमार गोंड द्वारा टीम गठित कर नियमित रूप से जिले के विभिन्न क्षेत्रो में अवैध शराब के विरुद्ध सघन छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में रविवार की सुबह सहायक अवर निरीक्षक मंजूर आलम द्वारा रामगढ़ थाना अंतर्गत गड़बांध क्षेत्र में पानी टंकी व दामोदर नदी के समीप जंगल झाड़ इलाके में छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान 30 मिट्टी के घड़ों में लगभग 600 किलोग्राम जावा महुआ जब्त कर नष्ट किया गया। वहीं, इस संबंध में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### राष्ट्रीय सेवा मंच ने गरीबों को कराया भोजन

भुरकुंडा (रामगढ़)। समाजसेवी संस्था राष्ट्रीय सेवा मंच द्वारा प्रत्येक सप्ताह की भांति इस रविवार को भी साप्ताहिक बाजार भुरकुंडा में दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुन-पत्तल बेचने आये गरीबों को भोजन कराया गया। इस दौरान मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, जेएम कॉलेज के पूर्व प्रो. रामानुज सिंह ने दर्जनों जरूरतमंद महिला-पुरूषों व बच्चों के बीच भोजन का वितरण करते हुए कहा कि गरीबों की सेवा सबसे बड़ा पूण्य का कार्य है। और यह सर्वोपरि भी है। उन्होंने कहा कि सबों के सहयोग से पिछले 7 वर्षों से मंच द्वारा गरीबों को भोजन कराया जाता रहा है, जो आगे भी निरंतर जारी रहेगा। श्री सिंह ने कहा कि मंच का उद्देश्य ही गरीबों की सेवा व समाजहित में कार्य करना है।

## कल हमारा है : अब्दुल मनान वारसी

### कांग्रेस पार्टी 2024 के चुनाव को लेकर कर रही तैयारी

**खबर मंत्र संवाददाता**



**बरही।** बरही कांग्रेस इकाई ने 2024 के चुनाव को ध्यान में रखते हुए कमर कस कर मैदान में आने की पूरी तैयारी कर रही है। इस बाबत उन्होंने प्रखंड कमिटी का विस्तार करते हुए कई दिग्गज लोगो को विशेष ओहदा देते हुए प्रखंड में स्वयं के पकड़ को मजबूत बनाने की कवायद कर रही है। इस बात का खुलासा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने बताते हुए कहा कि कल हमारा है। प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने अपने प्रखंड कमिटी का विस्तार करते हुए प्रखंड के दर्जन कार्यकताओं को प्रखंड कमिटी में जगह दी है। कमिटी विस्तार के बाद अब नए प्रखंड कमिटी में प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, धीरेंद्र कुमार रविदास, यमुना यादव, देवलाल कुशवाहा, मो वारिस, वीना उरांव को उपाध्यक्ष, देवचन्द यादव, अशोक सिंह, मो तौकीर रजा, मनोज मंडल को महासचिव, जगदीश यादव, नंदकिशोर यादव, सुनील पांडेय, अशोक ठाकुर, सुनील चंद्रवंशी, मिथिलेश उपाध्याय, मनोज यादव, पप्पू खान को सचिव, सुरेश पांडेय को आमंत्रित सदस्य, उमाशंकर अकेला यादव, केदार पासवान, तोखन रविदास, मो निजामुद्दीन, बिनोद यादव, इकबाल रजा, मनोज रजक को वि.आ. सदस्य, गाजो यादव, रघुनंदन गोप, बासुदेव गोप, छट्ठू गोप, कुणाल कतरियार, हरी गुप्ता, मुकेश निषाद को आमंत्रित सदस्य के रूप में रखा गया। वहीं सुनील साव को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। वही प्रखंड को तीन मंडलों के लिए अध्यक्ष मनोनित करते हुए बरही पश्चिमी मंडल अध्यक्ष सिकंदर राणा, बरही मध्य मंडल अध्यक्ष रघुवीर यादव, बरही पूर्वी मंडल अध्यक्ष राजेंद्र यादव को मनोनित किया गया है। इस दौरान प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने सभी नवमनोनित पदाधिकारियों एवं पार्टी के समर्पित कार्यकताओं से अपील किया है की वे सभी आज से ही विधानसभा चुनाव 2024 की तैयारियो में जुट जाए।

## दुर्घटना ग्रसित प्रतिनिधि से मिलने अस्पताल पहुंची अंबा प्रसाद


विधायक प्रतिनिधि राजकिशोर पांडेय का हालचाल लेती विधायक अंबा प्रसाद

कहा- कांग्रेस के सच्चे सिपाही राजकिशोर पांडेय को जल्द स्वस्थ करेंगे भगवान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद भुरकुंडा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि राजकिशोर पांडेय उर्फ राजू पांडेय से भुरकुंडा मेन रोड स्थित अस्पताल पहुंच उनका हालचाल जाना। साथ ही उनके परिजनो से मुलाकात कर उन्हें ढ़ाढस बंधाते हुए राजू पांडेय के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। ज्ञात हो कि 11 नवंबर को राजू पांडेय रजरप्पा से लौटने के क्रम में सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे। जिसके बाद उन्हें भुरकुंडा ट्रेकर स्टैंड स्थित राज नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया था। जहां उनका अब भी इलाज चल रहा है। मुलाकात के दौरान अंबा प्रसाद ने अस्पताल के चिकित्सकों को बेहतर इलाज एवं सही देखभाल को ले आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि राजकिशोर पांडेय कांग्रेस के सच्चे सिपाही हैं, भगवान इन्हें जल्द स्वास्थ्य लाभ देकर जनता की सेवा के लिए भेजेंगे। मौके पर युवा कांग्रेस के बड़कागांव विधानसभा अध्यक्ष जयंत तुरी, बितका बाउरी, डब्लू सिंह, चंदन साव सहित कई कांग्रेसी मौजूद थें।

## 1 करोड़ 22 लाख की 05 विकास योजनाओं का हुआ शिलान्यास

**खबर मन्त्र संवाददाता**


सदर विधायक व अन्य

**हजारीबाग।** हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या 17 में रविवार को हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल, महापौर रोशनी तिर्की एवं स्थानीय वार्ड पार्षद काजल चौरसिया के संयुक्त रूप से 1 करोड़ 22 लाख की 05 विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया गया। जिसमें 82 लाख की लागत से तैयार हुआ नाली एवं फेवर ब्लॉक का उद्घाटन किया गया तो वहीं 40 लाख की लागत से बनकर तैयार होगा पीसीसी पथ एवं अन्य योजनाओं का विधिवत नारियल फोड़कर और शिलापट्ट का अनावरण कर शिलान्यास किया गया।

इन पांच योजनाओं में बड़ा बाजार सुभाष मार्ग चौक मॉडर्न जनरल स्टोर से मुख्य नाला तक दोनों तरफ एवं सुभाष मार्ग चौक से सरदार चौक तक आरसीसी नाली का निर्माण एवं पेवर ब्लॉक पथ का निर्माण कार्य का उद्घाटन किया गया जिसमें कुल 40 लाख रुपए की लागत लगी। बंशीलाल चौक से बुढ़वा महादेव मंदिर होते हुए अनन्दा चौक तक,के बी वोमेनस कॉलेज के पास एवं रामप्रकाश के घर के पीछे आरसीसी नाली का निर्माण कार्य का उद्घाटन किया गया, जिसमें कुल 42 लाख रुपए का खर्च आया। वहीं जैन मंदिर गली जैन धर्मशाला से सरदार रोड तक,अपार्टमेंट के बगल गली एवं धोबी गली- नाला गली अशोक चौरसिया के घर के पास पीसीसी पथ मरम्मती कार्य का शिलान्यास किया गया जिसमें 10 लाख रुपए की खर्च आएगी। काली बाड़ी रोड काली बाड़ी चौक से कांग्रेस ऑफिस रोड तक एवं काली बाड़ी चौक से पिपलेश्वर महादेव मंदिर बैंक ऑफ बड़ौदा तक पीसीसी पथ मरम्मती कार्य का शिलान्यास किया गया जिसमें 20 लाख रुपए का खर्च आएगा, जैन मंदिर गली इमामबाड़ा के पास एवं सुभाष मार्ग नाला रोड में पुलिया निर्माण,विनोद केशरी के घर के पीछे नाली निर्माण स्लैब के साथ, विष्णु जयसवाल के घर के पास नाली मरम्मती स्लैब के साथ, अपार्टमेंट के बगल गली से कृष्णा चौरसिया के घर होते हुवे रूपचन्द्र अग्रवाल के घर तक नली मरम्मती स्लैब के साथ, विभिन्न जगह स्लैब निर्माण,सरदार रोड अनिल प्रसाद- दिलीप जायसवाल-रमाकान्त प्रसाद के घर के पीछे नाली निर्माण स्लैब के साथ,धोबी गली-नाला गली में नाली मरम्मती स्लैब के साथ कार्य का शिलान्यास किया गया जिसमें कुल 10 लाख रुपए की खर्च आएगा। मौके पर हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में विकास के कई कार्य हुए हैं और वार्ड संख्या 17 में 5 योजनाओं से जनता को बड़ी सहूलियत होगी।

स्पीड न्यूज

## जारी में मानव तस्करी का अभियुक्त गिरफ्तार

जारी। जारी पुलिस ने मानव तस्करी के अभियुक्त खेतली गाँव निवासी राजकुमार घांसी को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया। साथ ही गिरफ्तार अभियुक्त के निशानदेही पर छत्तीसगढ़ के जशपुर जिला के मनोरा गोड़ियो टोंगरी से तीन नबालिग लड़कियों को पुलिस ने सकुशल बरामद किया। इस संबंध में सर्किल इंस्पेक्टर बैजू उराँव ने प्रेस कान्फ्रेंस कर बताया कि ग्राम हुटार के तीन नाबालिक लड़कियों को डुमरी थाना क्षेत्र के खेतली गांव निवासी राजकुमार घांसी पिता महिपाल घांसी द्वारा तीन नाबालिग युवतियों को बहला-फुसलाकर बेच देने की नियत से अपने साथ भगा ले गया था। प्रखंड के हुटार निवासी रमेश लोहरा न इस संबंध में थाना मामले के अनुसंधान को एसपी के निर्देश पर एक छापामारी दल गठित किया गया। छापामारी दल के द्वारा 24 घंटे के अंदर कांड का उदभेदन करते हुए कांड के प्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्त की स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर छापामारी कर तीनों नबालिग लड़कियों को ग्राम गोड़ियो टोगरी थाना मनोरा जिला जसपुर से बरामद कर लिया गया। पूछताछ में यह बात प्रकाश में आई है कि तीनों नाबालिग लड़कियों के मजदूरी कराने के नियत से जसपुर होते हुए रायपुर के रास्ते दिल्ली ले जाया जा रहा था। पुलिस की तत्परता की वजह से घटना को अंजाम देने में असफल रहा। छापामारी दल में जारी थाना प्रभारी अनंत कुमार शर्मा, डुमरी थाना प्रभारी मनीष कुमार, पुअनि उज्जवल कुमार गौरव, पुअनि देवानन्द राणा सहित जारी और थाना के रिजर्व गार्ड शामिल थे।

## गुमला में नालियों की नहीं हो रही है सफाई

गुमला। गुमला शहर के कई मुहल्लों में साफ-सफाई व्यवस्था चरमरा गयी है। वहीं कई मुहल्लों में कचड़ा लेने के लिए नगर परिषद का रिक्सा भी नहीं पहुंच रहा है। शहर के घाटो बगीचा में नालियां बजबजा रही है। नाली का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। जिसे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गंदगी का उठाव समय पर नहीं होने से भी लोग परेशान हैं।

## शौर्य संचालन दिवस 11 दिसंबर को

गुमला। विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के संयुक्त तत्वाधान में 11 दिसंबर को शौर्य संचालन दिवस का आयोजन किया गया है। जिसकी तैयारी जिले में चल रही है। 11 दिसंबर को परमवीर अलर्बट एक्का स्टेडियम पार्ट टू से भव्य रैली निकाली जाएगी। जिसमें भारी संख्या में विहिप व बजरंग दल के कार्यकर्ता शामिल होंगे। शौर्य दिवस पर जिले के विभिन्न प्रखंडों से कार्यकर्ता गुमला में आयोजित रैली में भाग लेंगे। यह जानकारी मुकेश सिंह ने दी है।

## कन्वेंशन की तैयारी पूरी

गुमला। झारखंड नवनिर्माण दल द्वारा महानायक वीर बिरसा मुंडा के जयंती 15 नवंबर को रांची में आयोजित केंद्रीय कैडर कन्वेंशन की तैयारी पूरी कर ली है। कन्वेंशन में भारी संख्या में गुमला जिला से कैडर भाग लेने के लिए 15 नवंबर को रांची जाएंगे। जागो अभियान की समीक्षा तथा रांची में झारखंड नवनिर्माण दल द्वारा आगामी होनेवाली महापंचायत की तिथि और स्थान भी तय किया जाना है। यह जानकारी शंकर उरांव ने दी है।

# फालकंस ने जीता गेट टूगेदर क्रिकेट टूर्नामेंट

## रिषभ सिंह बने मैन ऑफ दी सीरीज व बेस्ट बैट्समैन

- समलेश सिंह बेस्ट फील्डर व रोहित उरांव बेस्ट बॉलर बने
- खेल के क्षेत्र में गुमला रहा है अग्रणी जिला : सांसद

खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। गेट टू गेदर क्रिकेट प्रतियोगता का फाइनल मैच रविवार को परमवीर अलर्बट एक्का स्टेडियम में फालकंस व ग्लेडिएटर के टीम के बीच खेला गया।

रोमाचंक मुकाबले में 18 रनों से फालकंस की टीम ने मैच जीत लिया। टॉस जीतकर ग्लेडिएटर की टीम ने फालकंस की टीम को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। निर्धारित 12 ओवरों के मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए फालकंस की टीम ने 5 विकेट खोकर 98 रन बनाये। जवाबी पारी खेलने उत्तरी ग्लेडिएटर की टीम ने 12 ओवर में 9 विकेट खोकर 80 रन बनकार मैच गंवा दिया। फालकंस की ओर से बेहतर प्रदर्शन करने वाले शेखर को मैन ऑफ दी मैच चुना गया। वहीं पूरे प्रतियोगिता में बेस्ट प्रदर्शन करने वाले रिषभ सिंह को मैन आफ द सीरीज व बेस्ट बैटसमैन का आवार्ड दिया गया। जबकि समलेश सिंह को प्रतियोगिता का बेस्ट फील्डर एवं दस विकेट लेने वाले रोहित उरांव को बेस्ट बोलर का पुरस्कार दिया गया। वहीं आयोजन समिति के द्वारा मैच से पहले दोनों टीमों के साथ शील्ड का प्रदर्शन किया गया।

वहीं इससे पूर्व अतिथियों के द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि सांसद सुदर्शन भगत, जिप उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी व नगर परिषद अध्यक्ष दीपनारायण उरांव के द्वारा विजेता व उप विजेता टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। मौके पर सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि प्रारंभ से ही खेल के क्षेत्र में गुमला अग्रणी जिला रहा है। हॉकी, फुटबाल व एथलेटिक्स के क्षेत्र में गुमला के खिलाड़ी हमेशा आगे रहे हैं। क्रिकेट के प्रति भी युवाओं में काफी लगाव है। हॉकी व एथलेटिक्स की तरह जिले के युवा क्रिकेट में भी पूरे देश में गुमला जिला में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे।

श्री भगत ने क्रिकेट कों बेहतर फार्मेट के आयोजित करने पर आयोजन समिति को बधाई दी। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष अनूप चंद्र अधिकारी, मुनेश्वर साहु, आयोजन समिति के सौरभ विश्वकर्मा, ओम सिंह, ज्ञान कुमार, शशि प्रिया बंटी, मनोज कुमार, लाल चंद्रशेखकर नाथ शाहदेव, मनीष कुमार, आकाश आनंद, अजय कुमार, सुनिल कुमार, अमित एक्का आदि उपस्थित थे।



विजेता टीम को ट्राफी करते सांसद सुदर्शन भगत।

# बैडमिंटन में भी राष्ट्रीय स्तर पर परचम लहरायें खिलाड़ी

- झारखंड स्थापना दिवस पर जिला स्तरीय बैडमिंटन टूर्नामेंट का आगाज
- खेल को बढ़ावा देने के लिए खेल बैंक का उपायुक्त ने किया उद्घाटन
- बैडमिंटन, एथलेटिक, फुटबॉल और अन्य खेल के लिए आवश्यक सामग्री इस बैंक में है उपलब्ध

खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। उपायुक्त गुमला सुशांत गौरव ने जिले को खेल के क्षेत्र में दोहरा तोहफा दिया। जहां एक तरफ उपायुक्त ने खेल बैंक का उदघाटन किया वहीं दूसरी ओर राज्य स्थापना दिवस पर जिला स्तरीय बैडमिंटन टूनार्मेंट 2022 का आगाज हुआ।

उपायुक्त ने बैडमिंटन टूर्नामेंट के उदघाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि जिले में हर क्षेत्र के खिलाड़ी उभर कर सामने आये इसके लिए जिला प्रशासन लगातार प्रयास कर रहा है। इन दिनों गुमला जिले में फुटबॉल, हॉकी, एथलेटिक्स के खिलाड़ियों ने राष्ट्र भर में अपना और जिले के नाम का परचम लहराया है। उसी प्रकार जिले के बैडमिंटन खिलाड़ी भी आगे बढ़ें। उसके लिए इंडोर स्टेडियम में बैडमिंटन टूनार्मेंट आयोजित किया जा रहा है। इसके साथ ही इंडोर स्टेडियम में खेल बैंक का भी उदघाटन किया गया है ताकि जो भी बच्चे स्पोर्ट्स के सामग्री नहीं खरीद पाने के कारण प्रैक्टिस नहीं कर पाते थे उनके लिए ये सहयोगी साबित हो सके। जिला स्पोर्ट्स बैंक का मूल उद्देश्य है कि खिलाड़ी बिना किसी संकोच और बिना किसी खर्च के अपने खेल की प्रतिभा को एक ऊंची उड़ान दे सके। स्पोर्ट्स बैंक में हर तरह की खेल की सामग्री उपलब्ध है।

बैडमिंटन रैकेट , स्पोर्ट्स शूज, हॉकी , फुटबॉल आदि जैसे सारे आवश्यक खेल सामग्री उपलब्ध है। जिसका उपयोग करने के पश्चात सभी सामग्रियों को वापस स्पोर्ट्स बैंक में जमा कर सकते है। उपायुक्त ने कहा कि इंडोर स्टेडियम में बैडमिंटन के अलावा वॉलीबॉल तथा बास्केटबॉल जैसे खेल की भी शुरआत की जाएगी। जिला स्तरीय बैडमिंटन टूनार्मेंट में लगभग 150 खिलाड़ी भाग ले रहें हैं। 13 नवंबर से 15 नवंबर तक एकल और युगल बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें अलग अलग आयुवर्ग 14-30, 31-50, 51-65 के अलावा ओपन कोटि तथा जिले के अधिकारी और कर्मचारी भी अपनी उपस्थिति दर्ज करेंगे। यह टूनार्मेंट अब प्रतिवर्ष 13 नवंबर से 15 नवंबर को आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त हेमंत सती, एसडीओ सदर रवि जैन, सहायक समाहर्ता आशीष कुमार, डीसी एलआर सुषमा नीलम सोरेंग, डीपीआरओ सह कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार , जिला योजना सह परिवहन पदाधिकारी सहित सभी वरीय पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे ।



गुमला में जिलास्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का उद्घाटन करते डीसी सुशांत गौरव।

## पालकोट में कांग्रेस ने निकाली पदयात्रा




पालकोट । पालकोट प्रखंड में भारत जोड़ो यात्रा के तहत प्रखंड अध्यक्ष विकास कुमार गुप्ता के नेतृत्व में पदयात्रा निकाला गया। जिसमें सिमडेगा के विधायक भूषण बाड़ा, पूर्व सांसद कालीचरण मुंडा, जिप सदस्य सीमा खाखा सहित भारी संख्या में कांग्रेसी और आम जनता शामिल हुए। भूषण बाड़ा ने कहा कि कांग्रेस ने भारत जोड़ो यात्रा देश को एकजुट करने, लोगों को एक साथ लाने और देश को मजबूत करने के उद्देश्य शुरू की है। यह पदयात्रा में पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने जनता की समस्या जानने और देश को एकजुट करने के लिए 150 दिन पैदल चलकर शुरू की है। इस पदयात्रा में न सिर्फ कांग्रेस के नेता व कार्यकर्ता शामिल हो रहे हैं बल्कि देशभर के अलग-अलग क्षेत्रों में जुड़ी हस्तियां भी हिस्सा ले रहे है। उन्होंने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन के शासन काल में राज्य के हर वर्ग के लोगों के चेहरे पर मुस्कान है। इस अवसर पर पालकोट प्रखंड अध्यक्ष विकास कुमार गुप्ता, पूर्व सांसद प्रत्याशी कालीचरण मुंडा, रमेश चीनी, चैतू उरांव, बसंत गुप्ता, बसंत सिंह, 20 सूत्री उपाध्यक्ष मनोज जयसवाल, जिला प्रवक्ता रणधीर रंजन, विधायक प्रतिनिधि अख्तर खान, गुड्डू खान, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अजीत लकड़ा, डेविड तिर्की आदि उपस्थित थे।

# डालसा देगा कानूनी सहायता : घोष



घाघरा। विधिक सेवा प्राधिकार गुमला व प्रखंड प्रशासन के द्वारा रविवार को घाघरा प्रखंड कार्यालय परिसर में विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला के सचिव पार्थ सारथी घोष, स्थाई लोक अदालत गुमला के सदस्य शंभू सिंह, बीडीओ विष्णु देव कच्छप,अधिवक्ता बुंद्धेश्वर गोप ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम में कानूनी सलाह सहित डायन कुप्रथा अंधविश्वास जैसे कई मुद्दों पर जानकारी दी गई। साथ ही सरकार के द्वारा चल रहे कई महत्वकांक्षी योजना व परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। जिसमें 9 लोगो को केसीसी ऋण, 5 लोगों को नया जॉब कार्ड, 9 लोगो को प्रधानमंत्री आवास का ताला चाभी, 38 लोगों को वृद्धा विधवा व विकलांगता पेंशन स्वीकृति पत्र, सावित्रीबाई फुले समृद्धि योजना के तहत 14 किशोरियों को स्वीकृति पत्र, 4 दिव्यांग को व्हीलचेयर, प्रधानमंत्री आवास और बाबा अंबेडकर आवास के 14 लाभुकों को स्वीकृति पत्र के साथ-साथ जेएसएलपीएस के द्वारा 4 महिला मंडल समूह को छह लाख रुपए का सीसीएल और सैकड़ों लोगों के बीच कंबल का वितरण अतिथियों द्वारा किया गया। वहीं 5 महिला की गोद भराई कार्यक्रम भी बाल विकास परियोजना कार्यालय घाघरा द्वारा कराई गई। सचिव पार्थ सारथी घोष ने कहा कि यह कार्यक्रम झालसा के द्वारा किया जा रहा है जो लोगो में जागरूकता को लेकर आयोजित की जाती है। उन्होंने कहा कि वैसे लोग जो कोर्ट में अपना वकील भी खड़ा नहीं कर पाते हैं उन्हें विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा सहयोग कर वकील भी मुहैया कराया जाता है। इस अवसर पर सीडीपीओ अनुपमा मिंज, सुपरवाइजर राजेश्वरी देवी, आवास कोर्डिनेटर अशोक कुमार, समेत कई लोग उपस्थित थे।

# प्रतियोगिता से बच्चों का मानसिक व शारीरिक विकास होगा : थाना प्रभारी

चिल्ड्रेन एकेडमी स्कूल रन्हे व न्यू स्टार घाघरा द्वारा तीन दिवसीय अंतर विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता शुरू



गुमला। घाघरा प्रखंड के रन्हे खेल स्टेडियम में चिल्ड्रेन एकेडमी स्कूल रन्हे एवं न्यू स्टार घाघरा के संयुक्त तत्वाधान में तीन दिवसीय अंतर विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता रविवार को थाना प्रभारी अमित कुमार चौधरी ने मशाल जलाकर किया उद्घाटन। प्रतियोगिता में 6 विद्यालय के विद्यार्थी शामिल हुए। प्रतियोगिता के सौ मीटर दौड़ के बालक वर्ग में जटया स्कूल के जीवन उरांव प्रथम ,स्वामी विवेकानंद आदर के सुनील टोपनो द्वितीय व जटया स्कूल के दीपू उरांव तृतीय स्थान पर रहा। वहीं 200 व 800 मीटर दौड़ प्रतियोगिता बालक - बालिकाओं के बीच कराया गया। थाना प्रभारी अमित कुमार चौधरी ने कहा कि अंतर विद्यालय स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता से बच्चों का मानसिक के साथ-साथ शारीरिक विकास होगा। ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कमी नहीं है बस उसे तराशने एवं निखारने की जरूरत है। उन्होंने प्रतिभागियों को खेल की भावना एवं अनुशासन बनाए रखने की बात कही।उन्होंने कहा कि बच्चे खेलकूद के साथ-साथ पढ़ाई पर भी विशेष ध्यान दें ताकि आप बेहतर करके भविष्य सुधार सकते हैं। डायन बिसाही अंधविश्वास जैसी कुप्रथा को दूर करने में आप सभी आस-पड़ोस के लोगों को भी जागरूक करें। कल्याणकारी मानव विकास संस्थान के सचिव अनिरुद्ध चौबे ने भी प्रतिभागियों को अनुशासन में रहकर प्रतियोगिता में शामिल होने की बात कही। साथ ही उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी नशा पान के शिकार हो रहे हैं। आप सभी लोग लोगो को जागरूक करें ताकि एक बेहतर समाज की कल्पना सभी के सहयोग से मिलजुल कर पूरा किया जा सके। चिल्ड्रन एकेडमी स्कूल रन्हे घाघरा के डायरेक्टर विजय कुमार साहू ने कहा कि इस तरह का आयोजन का मुख्य उद्देश्य सभी विद्यालयों के छात्रों के बीच एक प्रतियोगिता कराने से बच्चों में छुपी प्रतिभा बाहर निकालने का प्रयास किया जा रहा है और उनका समग्र विकास हो सके।

# विधिक शिविर में 13 करोड़ से अधिक की परिसंपत्ति वितरित

आपके द्वार शिविर से लोहरदगा जिले के हजारों लोगों को मिला सीधा लाभ : उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता

लोहरदगा।जिला विधिक सेवा प्राधिकार एवं जिला प्रशासन के विभिन्न इकाइयों के संयुक्त प्रयत्न से रविवार को जिले के सभी सातों प्रखंडों में मेगा विधिक सेवा सशक्तिकरण सह किसान मेला का आयोजन किया गया। लोहरदगा के विभिन्न प्रखंडों में इस निमित्त न्यायिक पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई थी। कुडू प्रखंड में प्रथम जिला न्यायाधीश अखिलेश कुमार तिवारी, भंडरा प्रखंड में तृतीय जिला न्यायाधीश अरविन्द कुमार, पेशरार प्रखंड के लिए मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट चंदन, किस्को प्रखंड में वरीय कोटी सिविल जज अर्चना कुमारी एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट शुचिता निधि तिग्गा, सेन्हा प्रखंड में न्यायिक मजिस्ट्रेट पूजा कुमारी लाल जबकि कैरो प्रखंड में सिविल कोर्ट निबंधक सह न्यायिक मजिस्ट्रेट राज कल्याण की प्रतिनियुक्ति की गई थी। टाउन हॉल में कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश -सह- अध्यक्ष डालसा राजेंद्र बहादुर पाल, जिले के उपायुक्त सह उपाध्यक्ष डालसा डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, उप विकास आयुक्त गरिमा सिंह, आरक्षी अधीक्षक सह सदस्य डालसा आर रामकुमार, डालसा सचिव राजेश कुमार एवं अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इससे पूर्व अतिथियों का स्वागत एक-एक पौधा देकर किया गया। कार्यक्रम का संचालन डालसा सचिव राजेश कुमार एवं पीएलवी दिलीप कुमार के द्वारा किया गया। इस अवसर पर डालसा अध्यक्ष ने कहा कि सरकार एवं न्यायपालिका का हमेशा से यह प्रयत्न रहा है कि कानूनों एवं विभिन्न योजनाओं का लाभ देश के प्रत्येक नागरिकों को मिले। इसी उद्देश्य से लोहरदगा जिला विधिक सेवा प्राधिकार समय-समय पर विद्यालयों में, हाट बाजार में एवं गांव गांव जाकर ना सिर्फ उनके समस्याओं को सुनती है। अपितु उन्हें जागरूक करते हुए समस्या समाधान करने का प्रयास भी कराती है। डालसा के उपाध्यक्ष सह उपायुक्त ने कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम से लोहरदगा जिले के हजारों लोगों को इसका सीधा लाभ मिला है और उसी कड़ी में आज विधिक सेवा सशक्तिकरण का आयोजन किया गया है। जिसमें 5000 से ज्यादा लोगों के बीच 13 करोड़ से भी ज्यादा का योजना एवं परिसंपत्ति का वितरण किया जा रहा है। वहीं डालसा सदस्य सह पुलिस अधीक्षक श्री आर रामकुमार ने कहा कि ऐसे आयोजनों से लोगों को सीधा लाभ मिलता है।



एक नजर में

## छत्तीसगढ़ जाने के लिए लोहरदगा पहुंचे भागवत



लोहरदगा। हिंदू संगठन के सबसे बड़ा चेहरा आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत रांची हवाई अड्डे से सड़क मार्ग द्वारा रविवार को छत्तीसगढ़ जाने के क्रम में लोहरदगा पहुंचे। उनके आगमन की सूचना पर सुरक्षा को लेकर लोहरदगा जिला पुलिस के साथ सेंट्रल फोर्स अलर्ट नजर आए, जिले के सभी चौक चौराहों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। बताया गया की लोहरदगा में संघ द्वारा आयोजित तीन दिवसीय वर्ग में शामिल होकर आरएसएस कार्यकर्ताओ से संवाद किया।साथ ही समाज और देश की बेहतरी को लेकर उन्होंने कार्य करने की बात कही। संघ के द्वारा आयोजित इस वर्ग में सिर्फ आरएसएस कार्यकर्ताओ को पास के जरिए जाने की थी इजाजत।इससे पूर्व सुरक्षा के कड़े इंतजाम के बीच मोहन भागवत रांची से सड़क मार्ग से होते हुए सुबह 11 बजे के लगभग लोहरदगा पहुंचे।जहा संघ द्वारा आयोजित वर्ग में शामिल हो कर दोपहर में छत्तीसगढ़ के जसपुर और अंबिकापुर में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के लिए रवाना हो गए।संघ द्वारा आयोजित वर्ग कार्यक्रम में मीडिया सहित किसी भी बाहरी लोगो का प्रवेश पर लगी थी रोक।इधर मोहन भागवत के लोहरदगा पहुंचने की सूचना पर सीआईएसएफ और स्थानीय पुलिस द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे।

## भंडरा में लगा विधिक सशक्तिकरण शिविर




भंडरा । प्रखंड कार्यालय परिसर में रविवार को विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा के तत्वावधान में एक दिवसीय मेगा लीगल एंपायरनमेंट शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन एडीजे श्री शशांक शेखर, बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा, सीओ दिनेश प्रसाद गुप्ता व भंडरा थाना प्रभारी गौतम कुमार ने संयुक्त रुप से दीप जलाकर किया। मौके पर एडीजे श्री शशांक शेखर ने कहा कि शिविर का उद्देश्य आम जनता को सरकार द्वारा संचालित योजना की जानकारी देना है। साथ ही कानूनी परामर्श से अवगत कराना है। उन्होंने लोगों को डायन-बिसाही, बाल विवाह, नशापान से समाज में फैल रहे दुष्प्रभाव, दहेज प्रताड़ना सहित कई बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी दिया। बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि विधिक सेवा प्राधिकार के तहत शिविर का उद्देश्य आम लोगों को सरकार द्वारा संचालित योजना से जोड़ते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। इस दौरान उन्होंने असहाय व जरूरत मंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। इसके अलावे किसानों के बीच खेती के लिए चना, मटर, गेंहू बीज का वितरण किया।

## सरना धर्म महासम्मेलन को लेकर बैठक



लोहरदगा। राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा जिला समिति के तत्वधान में एमजी रोड झखरा कुम्बा लोहरदगा मे 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा जयंती सह रास्ट्रीय सरना धरम महाम्मलेन को तैयारी को लेकर बैठक आयोजित की गई।बैठक में जिला अध्यक्ष एतवा उराव और सुधीर उरांव ने कार्यक्रम की तैयारी को लेकर बैठक में मौजूद लोगो से चर्चा किया। राष्ट्रीय सरना धरम महासम्मेलन में मुख्य रूप से मुख्य अतिथि राजेश लिंडा, विशिष्ट अतिथि डॉ रामेश्वर उरांव लोहरदगा विधायक सह वित्त मंत्री झारखण्ड सरकार ,विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज मुंडा, सरना प्रार्थना सभा भारत राष्ट्रीय महासचिव डॉ प्रवीण उरांव सरना प्रार्थना सभा भारत, विशिष्ट अतिथि प्रेम कुमार गेडाम मुख्यसंयोजक राष्ट्रीयआदिवासी एकता परिषद नई दिल्ली भारत, वित्त मंत्री के सुपुत्र रोहित उरांव, पूर्व बिधायक सुखदेव भगत ,पूर्व बिधायक स्व कमल किशोर भगत के धरम पत्नि निरुशांति भगत लोहरदगा,समाज कार्यकर्त्ता अरबिंद उरांव , महेंद्र छोटन उरांव अंचल अधिकारी राहे रांची, जिलापरिषद अध्यक्ष रीना कुमारी भगत लोहरदगा,इंडन बगान पश्चिम बंगाल से बनमाली उरांव अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल होंगे।बैठक में एतवा उरांव, हरीशफूलदेव उरांव , जलेश्वर उरांव, संदीप उरांव ,रामलाल उरांव, सोमदेव उरांव, सोमे उरांव , सुरेंद्र उरांव ,अरुणा उरांव ,आशीष उरांव, भीख उरांव, इदर्जित उरांव, अरबिंद उरांव ,तुलसी उरांव, शिव कार्तिक उरांव, राजमुनी उरांव, सुमति उरांव ,बसंती उरांव,सुधा उरांव ,सुलेखा उरांव, नीलम उरांव, जनकी उरांव, वीणा उरांव, सुशील उरांव, बिसनी उरांव, जयंती उरांव, बसंती उरांव, बसंती उरांव, नीलम उरांव , सुलेखा उरांव, निकिता उरांव, कौशली उरांव, अंजलमेरी उरांव उरांव ,रणिता उरांव, कंचन उरांव, जसमुनी उरांव, बिना उरांव, ममता उरांव व सालमी उरांव मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक घायल

सेन्हा-लोहरदगा। सेन्हा थाना क्षेत्र के जोगना पुल के समीप देर शाम सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक घायल हो गया। जिसे सेन्हा थाना प्रभारी को सूचना मिलते ही थाना प्रभारी ऋषिकान्त ने एएस आई राजेश शर्मा के साथ मिलकर मानवता का परिचय देते हुए घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेन्हा में भर्ती कराया। जहाँ डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिये सदर अस्पताल लोहरदगा रेफर कर दिया गया। युवक अपना बाइक जे एच 07 के 6697 पर सवार हो लोहरदगा से घाघरा की ओर जा रहा था। इसी क्रम में बाइक से गिरने के कारण युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक शराब के नशे में धुत होने के कारण सड़क दुर्घटना हुआ है। जिससे माथे में चोट होने की बात कही जा रही है।

स्पीड न्यूज

## ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत

**रमना।** थाना क्षेत्र के बुलका निवासी 40 वर्षीय मनी उरांव की मौत तेलंगाना के खम्माम रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के चपेट मे आने से हो गई। घटना शुक्रवार की बताई जा रही है। इधर मृतक के पत्नी शिवबरती देवी झामुमो नेता ताहिर अंसारी के माध्यम से उपायुक्त रमेश घोलप को आवेदन देकर मृतक पति मनि उरांव का शव घर मंगवाने का आग्रह किया है। डीसी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए श्रम अधीक्षक गढ़वा के माध्यम से झारखंड राज्य प्रवासी श्रमिक नियंत्रण कक्ष डोरंडा रांची को सूचना देते हुए शव बुलका लाने का प्रयास आरंभ कर दिया है। स्वजनों के मुताबिक मनि उरांव पेशे से ड्राईबर था। वह रोजगार की तलास मे मंगलवार को हैदराबाद के लिए निकला था। लेकिन हैदराबाद पहुंचने से पहले ही खम्माम रेलवे स्टेशन के निकट किसी दूसरे ट्रेन के चमेट मे आने से मौत हो गई।

## 45 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**रमना।** प्रखंड के मड़वनिया पंचायत सचिवालय के प्रांगण में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत राजमिस्त्री का 45 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुखिया स्वीटी वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर मुखिया ने उपस्थित लाभुको से ससमय आवास निर्माण कार्य पूर्ण करने की अपील की। वहीं पीपल ट्री वेंचर्स प्राईवेट लिमिटेड के अभय कुमार की ओर से पीएम आवास योजना को आठ घंटे प्रतिदिन के हिसाब से 45 दिनों में आवास पूर्ण करने से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही आवास निर्माण कार्य जल्द शुरू करने की बात कही गई। मौके पर स्वयंसेवक सुरेंद्र यादव, अनिल पाल, प्रदीप उरांव, कविता भारती, ब्रजेश कुमार सहित पीएम आवास के लाभुक मौजूद थे।

## कुएं से युवक का शव बरामद

**रमना।** थाना क्षेत्र के चुंदी गांव के गड़ई टोला निवासी कमलेश चंद्रवंशी के 25 वर्षीय पुत्र ओमप्रकाश चंद्रवंशी उर्फ गुडु का शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार रविवार सुबह ग्रामीणों ने खेदु सिंह के पानी भरे कुएं में शव देखने के बाद आस पास के लोगों को जानकारी दिया। कुएं में शव देखे जाने की सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ घटनास्थल पर इकट्ठा हो गई। मृतक के पिता होमगार्ड के जवान कमलेश चंद्रवंशी ने बताया कि तीन दिन पूर्व अपने दो दोस्तों के साथ घर से निकला था। उसके बाद अचानक टोला के कुआं से शव मिला। घटना के सूचना पाकर थाना प्रभारी सुधांशु कुमार व एसआई विवेक पंडित पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा स्थित सदर अस्पताल भेजते हुए अनुसंधान आरंभ कर दिया।

## जीएन कॉन्वेन्ट का स्काउट गाइड कैंप का समापन

**गढ़वा।** शहर के जीएन कॉन्वेन्ट (10+2) स्कूल के स्काउट गाइड प्रशिक्षण कैम्प के समापन समारोह में ध्वजारोहण और स्काउट गाइड प्रार्थना के पश्चात कैम्प के सभी बच्चों को योगाभ्यास से होने वाले सभी प्रकार के फायदे बताए गए। कैम्प मास्टर विकास कुमार ने कैडेटों को योग अपनाने के लिए प्रेरित किया और कहा कि नियमित योग करने से बीमारियों से बचा जा सकता है। उन्होंने योग व विभिन्न आसन उनके उपयोगों को बताया। वहीं रंगोली प्रतियोगिता व सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आगाज रहा। कैम्प फायर की भी प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर निदेशक मदन प्रसाद केशरी ने कहा कि यह प्रशिक्षण जीवनोपयोगी गतिविधि उन्हें सर्वांगीण रूप से विकास कर स्थानीय, राष्ट्रीय, अन्तरराष्ट्रीय समुदाय का उत्तरदायी नागरिक बनने में मदद करती है। उन्होंने विश्वास जताया कि कैडेट्स नि:स्वार्थ भाव से राष्ट्र एवं मानव सेवा के पथ पर हमेशा की तरह निरंतर सक्रिय रहेंगे तथा प्रतिस्पर्धा की विशुद्ध भावना का परिचय देते हुए अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन कर अपनी संस्था का नाम रौशन करेंगे। निदेशक ने कहा कि कैडेट्स देंगे अनुशासनशीलता का परिचय। प्रशिक्षण के दौरान लिए गये शिक्षा का उपयोग आप अपने जीवन में करेंगे।

# नगर निकाय चुनाव को लेकर जिला स्तर पर किया गया 15 कोषांग का गठन

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** नगर निकाय चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर जिला स्तर पर कोषांग का गठन कर दिया गया है, कुल 15 कोषांग बनाए गए हैं। जिसमें निर्वाचन कोषांग का वरीय पदाधिकारी उप विकास आयुक्त एवं नोडल पदाधिकारी उप निर्वाचन पदाधिकारी पारसनाथ यादव को बनाया गया है। वहीं सहायक कर्मी के रूप में 11 लिपिकों को प्रतिनियुक्त किया गया है। इसी प्रकार से चुनाव को लेकर एनआईसी कोषांग का वरीय पदाधिकारी उप विकास आयुक्त व नोडल पदाधिकारी जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रमोद राम, वाहन कोषांग के वरीय पदाधिकारी डीटीओ भागीरथ प्रसाद, मतपत्र कोषांग के वरीय पदाधिकारी जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रमोद राम, वज्रगृह कोषांग के वरीय पदाधिकारी अपर समाहर्ता अनिल कुमार तिर्की, ईवीएम एवं वीवीपैट कोषांग के वरीय पदाधिकारी अपर समाहर्ता, सामग्री कोषांग के वरीय पदाधिकारी उप विकास आयुक्त, कंप्यूटरीकरण कोषांग के वरीय पदाधिकारी अपर समाहर्ता, प्रशिक्षण कोषांग के वरीय पदाधिकारी जिला परिवहन पदाधिकारी, प्रेक्षक कोषांग के वरीय पदाधिकारी जिला आपूर्ति पदाधिकारी, पर्यवेक्षण कोषांग के वरीय पदाधिकारी राज्यकर आयुक्त कंचन बरवा, स्वीप कोषांग के वरीय पदाधिकारी एसडीओ संदीप कुमार मीणा, सोशल मीडिया कोषांग के पदाधिकारी एसडीओ संदीप कुमार मीणा, आदर्श आचार संहिता के वरीय पदाधिकारी एसडीओ संदीप कुमार मीणा एवं नजारत कोषांग के वरीय पदाधिकारी उप विकास आयुक्त को बनाया गया है। सभी कोषांग में वरीय पदाधिकारी के अलावा नोडल पदाधिकारी सहित आवश्यकता अनुसार लिपिकों की प्रतिनियुक्ति की गई है। चुनाव को लेकर सभी संबंधित तैयारियां शुरू कर दी गई है।

## ग्रिजली महाविद्यालय में बीएड प्रशिक्षुओं को दी गयी विदाई



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** ग्रिजली महाविद्यालय परिसर में रविवार को बीएड. सत्र 2020-22 की प्रायोगिक परीक्षा आयोजित की गयी। परीक्षा के उपरांत विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें बीएड. 2021-23 के प्रशिक्षुओं ने सत्र 2020-22 के प्रशिक्षुओं को विधिवत विदाई दी।

2021-23 के प्रशिक्षुओं ने सेल्फी प्वाइंट बनाया ताकि सभी याद्गार तस्वीर अपने साथ ले कर जाएं। महाविद्यालय प्रांगण में आयोजित विदाई समारोह में सभी प्रशिक्षुओं की समूह तस्वीर ली गयी। वहीं महाविद्यालय की उपनिदेशिका डॉ. संजीता कुमारी ने सभी प्रशिक्षुओं को अपने लक्ष्य के प्रति निरंतर प्रयासरत रह कर अपने लक्ष्य को पूरा करने का संदेश दिया। साथ ही महाविद्यालय परिवार के तरफ से उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं प्राचार्य डॉ बीसी स्वेन ने अपने शुभ संदेश में कहा कि सभी प्रशिक्षु शिक्षक बनने के जिन उद्देश्यों से महाविद्यालय में नामांकन करवाए थें अब उनको पूरा करने का समय आ गया, सभी अच्छे शिक्षक बनकर एक अच्छा समाज का निर्माण करने में अपनी अहम भूमिका निभाएं। मौके पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षक एवम शिक्षकेतर कर्मचारीगण, 2020-22 के समस्त प्रशुक्षुगण एवम 2021-23 के प्रशिक्षु सुरज, विकाश, पवन, विक्रम, स्वेता, पूजा, भीम, प्रदीप, वकील, राहुल उपस्थित थे।

## शिक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** परियोजना बालिका उच्च विद्यालय सभागार में रविवार को दूसरे दिन भी उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सवित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना व स्कूलों में विकास/बदलाव लाने को लेकर शिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं कार्यक्रम में उपायुक्त ने सभी शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि सवित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसका लाभ पात्रता रखने वाले हर बच्चियों को देना है। स्कूल के हर बच्चियों को लाभ मिले, इस पर कार्य करना है। वहीं उपायुक्त ने शिक्षकों को निर्देश दिये कि बच्चियों को इस योजना से आच्छादित करें, इस योजना के तहत कक्षा 8वीं और 9वीं के बच्चियों को 2500 रूपये, कक्षा 10वीं, 11वीं और 12वीं के बच्चियों को 5000 रूपये और 18 से 19 वर्ष की आयु की किशोरी को एक मुश्त 20 हजार रूपये का अनुदान दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक बच्चियों का आवेदन प्राप्त कर उन्हें योजना का लाभ दें। मौके पर डीएसई नयन कुमार, गिरेंद्र टुटी, सारांश जैन, शिव मल्लिक, राजदेव महतो व अन्य मौजूद थे।

## एकमुश्त ऋण समझौता योजना का लाभ उठायें : शाखा प्रबंधक

**मरकच्चो (कोडरमा)।** बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक संतोष कुमार आनन्द ने बताया कि उपभोक्ता, सरकार के द्वारा चलाई जा रही एकमुश्त ऋण समझौता योजना का लाभ उठाये। इसके लिए 17 नवम्बर को 11 बजे से बैंक ऑफ इंडिया मरकच्चो के समीप शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## कीप स्माइलिंग हिंदुस्तान द्वारा शहीद स्मारक पर चलाया स्वच्छता अभियान

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** झुमरीतिलैया अंतर्गत बाईपास रोड निकट तिलैया बस्ती बाजार समिति के पास फ्लाई ओवर के समीप स्थित शहीद स्मारक पर रविवार की सुबह जिले के सामाजिक संस्था कीप स्माइलिंग हिन्दुस्तान द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। वहीं संस्था से सचिव विशाल सिंह, कोषाध्यक्ष रोहित बरनवाल, सदस्य अरुण कुमार, यतेंद्र कुमार, प्रशांत तिवारी, दीपक कुमार, द रोरिंग पिस्टन के अर्जुन कुमार, रंजीत कुमार समेत कई अन्य आम नागरिक भी कार्यक्रम में शामिल होकर शहीद स्मारक को स्वच्छ बनाने में अपना योगदान दिया।

## टंडवा में हाथियों ने मचाया उत्पात, सात पशुओं की मौत

**टंडवा (चतरा)।** शनिवार देर रात्रि प्रखंड क्षेत्र के ड़हु पंचायत स्थित बानपुर के परसातरी टोला में आदिवासी परिवारों पर कई जंगली हाथियों ने कहर बरपाते हुए जबरा भगत के तीन दुधारू पशु एवं तीन बैल एवं साधना भगत के एक गाय को पटक-पटक कर मार डाला। वही उक्त दोनों व्यक्तियों के घरों समेत जयराम भगत व प्रभु उरांव के आशियाना को पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया गया। इस हड़कंप से डरे सहमे ग्रामीण किसी तरह रात गुजारे हैं। पर अब उन्हें रहने खाने की चिंता सताने लगी है। ग्रामीणों ने सीसीएल एवं वन विभाग के प्रति आरोप लगाते हुए कहा कि जंगल को उत्खनन कर सुदूरवर्ती गांव में रह रहे हैं हम गरीब ग्रामीणों की आशियाना को जंगली हाथियों से कुचलवाने में तुले हैं। यदि पूर्व की भांति अभी भी पेड़ - पौधा वृहद पैमाने पर लगा रहता तो हम सभी को यह दिन देखने की आवश्यकता नहीं पड़ता। इसलिए गरीब परिवारों की आशियाना क्षतिग्रस्त एवं पशुओं की मौत का क्षतिपूर्ति मुआवजा वन विभाग अभिलंब मुहैया करवाएं, जिसकी मांग परिजनों ने किया है।

जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से किया ट्रांसफॉर्मर का उद्घाटन

## हर गांव-कस्बा में कायम हो रही सुदृढ़ बिजली व्यवस्था : ईश्वर



खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत धनगड्डा पंचायत के बीरबीर दारीदाग गांव के बेलवारी में 63 केवीए ट्रांसफॉर्मर का उदघाटन सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय, विधायक प्रतिनिधि अक्षयवट पांडेय एवं मुखिया अरविन्द कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से किया। बीते एक माह से बेलवारी के लोगों को ट्रांसफॉर्मर खराब रहने के कारण काफी परेशानी एवं बच्चों को पठन-पाठन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। करीब 40 घर के लोगों की बिजली आपूर्ति खराब हुए 25 केवीए ट्रांसफॉर्मर से होता था। इसकी सूचना सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय को वहां के ग्रामीणों के द्वारा देते हुए ट्रांसफॉर्मर बदलवाने का आग्रह किया। जिसके बाद सांसद प्रतिनिधि ने त्वरित रूप में संबंधित विभाग के अधिकारियों के संज्ञान में देते हुए ट्रांसफॉर्मर लगाने के लिए कहा गया। बिजली विभाग के कनीय अभियंता नित्यानंद रॉय ने शीघ्रता से पहल करते हुए ट्रांसफॉर्मर उपलब्ध कराया।

63 केवीए का ट्रांसफॉर्मर मिलने पर ग्रामीणों ने हर्ष जताते हुए सांसद प्रतिनिधि व विधायक प्रतिनिधि, मुखिया एवं बिजली विभाग के अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। मौके पर विशेष रूप में भाजपा टंडवा मंडल अध्यक्ष गोविंद तिवारी, भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रमोद कुमार सिंह, भागवत प्रसाद गुप्ता, सहदेव चौबे, उपेन्द्र कुमार चौबे, दयानन्द चौबे, दिगेश्वर चौबे, सुधीर कुमार चौबे, उदय कुमार चौबे, मनोज साव, व अन्य उपस्थित थे।

## पतरातू-मैक्लुस्कीगंज रोड के लिए जमीन अधिग्रहण करेगी सरकार

**चतरा।** पतरातू-हेन्देगीर से मैक्लुस्कीगंज तक बनाई जाने वाली सड़क के लिए होसीर गांव (थाना-पिपरवार, थाना सं-86, अंचल-टंडवा, चतरा) में जमीन ली जानी है। वहां 5.39075 एकड़ यानि 2.18161 हेक्टेयर जमीन जिला प्रशासन लेगा। इसके लिए जमीन चिन्हित कर ली गयी है। जिन परिवारों, रैयतों से इसे लिया जायेगा, उसकी सूची भी तैयार कर ली गयी है। अब जमीन अधिग्रहण के क्रम में रैयतों या भू स्वामियों को मुआवजा और बाकी प्रक्रिया भी पूरी होगी। डीसी अबू इमरान की ओर से सार्वजनिक सूचना जारी करते बताया गया है कि पतरातू-मैक्लुस्कीगंज सड़क बनाने के क्रम में होसीर गांव के 64 परिवारों, भूस्वामियों की जमीन ली जानी है। जिनकी जमीन ली जा रही है, उनके पुनर्व्यवस्थापन की भी व्यवस्था होगी। चिन्हित की गयी जमीन के मामले में जानकारी के लिए जिला भू अर्जन पदाधिकारी के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन संपर्क किया जा सकता है। फिलहाल जिला प्रशासन के पास जमीन अधिग्रहण के मामले में किसी तरह का दावा पिछले 2 माह से प्राप्त नहीं हुआ है।

## आम आदमी पार्टी की बैठक संपन्न, मनोज साहू बने अध्यक्ष



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिमरिया।** फल्गु नदी स्थित आम आदमी पार्टी का बैठक की गई। बैठक में पंचायत स्तरीय कमेटी का गठन किया गया। जिसमें मनोज साहू को पंचायत अध्यक्ष प्रदीप लाल को उपाध्यक्ष दिनेश यादव को सचिव और अनिल ठाकुर को सबानो पंचायत के कोषाध्यक्ष सर्व सहमति से बनाया गया। बैठक आम आदमी पार्टी के सिमरिया विधानसभा अध्यक्ष कमलेश दास एवं जिला अध्यक्ष अंकित जयसवाल के निदेर्शानुसार सिमरिया प्रखंड अध्यक्ष शत्रुघ्न चौधरी की अध्यक्षता मे की गई। मनोज साहू ने कहा कि मेरे कंधे पर बहुत बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है मैं निष्ठा और ईमानदारी पूर्वक अपने कर्तव्यों का पालन करूंगा। मौके पर प्रखंड सचिव सत्येंद्र सिंह, सुगन भुइंया, प्रकाश साहू के अलावा अन्य कई लोग उपस्थित थे।

## प्रांतीय, क्षेत्रीय व राष्ट्रीय स्पर्धा के विजेता प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता



**इटखोरी।** स्थानीय इंदुमती टिबड़ेवाल सरस्वती विद्या मंदिर उच्च विद्यालय में समारोहपूर्वक राष्ट्रीय, क्षेत्रीय व प्रांतीय प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। समारोह का शुभारंभ हजारीबाग विभाग के विभाग प्रमुख ओमप्रकाश सिन्हा, विद्यालय प्रबन्धकार्य कारिणी समिति के अध्यक्ष संतन पांडेय, कैलाश रॉय सरस्वती विद्या मंदिर के प्राचार्य व प्रांतीय सह विज्ञान प्रमुख शमेंद्र कुमार साहू,झुमरी तिलैया सरस्वती विद्या मंदिर के प्राचार्य रमेश कुमार उपाध्याय, स्थानीय विद्यालय के प्राचार्य पवन कुमार दास ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन कर किया। कार्यक्रम में अतिथि परिचय शिवनंदन शर्मा, विषय प्रवेश अयोध्या प्रसाद सिंह व वृत कथन सह पुरस्कर वितरण संदीप कुमार के द्वारा किया गया। अतिथियों ने भोपाल में आयोजित अखिल भारतीय विज्ञान मेला में भैया आरव राज व शौर्य राज को प्रशस्ति पत्र, मेडल व रेंजर साईकिल देकर सम्मानित किया गया। वही किशनगंज,बिहार में क्षेत्रीय विज्ञान मेला व औरंगाबाद, बिहार में आयोजित प्रांतीय विज्ञान प्रश्नमंच प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया। आशीर्वचन के रूप में बच्चों को संबोधन में अतिथियों ने अपने अपने विचार भी रखे। इसके बाद स्थानीय विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधि, परिसर में स्वच्छता खेलकूद व अन्य सुविधाओं की बिंदुवार जांच की गई।

एक नजर में

## वार्ड नंबर 12 और दो में पीसीसी सड़क का शिलान्यास

**गढ़वा।** नगर परिषद के वार्ड नंबर 12 में रविवार को नगर परिषद अध्यक्ष पिंकी केशरी ने 24 लाख 77 हजार 900 रूपये की लागत से बनने वाली पीसीसी सड़क का शिलान्यास पूजा अर्चना कर किया। इस पीसीसी सड़क का निर्माण पिपराकला सुंदर लज के समीप शशि द्विवेदी के घर से लेकर बाबूलाल दुबे के घर तक तथा सुरजीत सिंह के घर से रामनाथ बैठा के घर तक किया जाएगा। वहीं नगर परिषद के वार्ड नंबर दो उंचरी शरीफ मोहल्ला में वसीर मास्टर के घर से मस्जिद तक पीसीसी रोड का शिलान्यास नगर परिषद के अध्यक्ष पिंकी केशरी एवं वार्ड पार्षद नरगिस बानो ने संयुक्त रूप से पूजा अर्चना कर किया। मौके पर पूर्व वार्ड पार्षद पूनमचंद, वार्ड पार्षद आलोक रंजन, अध्यक्ष प्रतिनिधि संतोष केशरी अनामिका कश्यप, वार्ड पार्षद सतीश बालों आदि उपस्थित थे।

## डीलर का लाइसेंस रद्द करने के लिए उठाई आवाज

**मझिआंव।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत तलसबरिया में लीलावती स्वयं सहायता समूह के डीलर द्वारा राशन में मनमानी एवं राशन कटौती कर लाभुकों को दी जाती है। जिसे लेकर दर्जनों लाभुकों ने समूह का लाइसेंस रद्द करने की मांग प्रखंड खाद आपूर्ति पदाधिकारी से की है। इस दौरान लाभुक विश्वनाथ पासवान हरिहर यादव, शिवरतन राम, भूटान राम, सरस्वती कुंवर, रामचंद्र राम, मुख देव राम, नानूराम, फेकू पासवान, कृष्णा पासवान, रामनाथ पासवान, राजेंद्र पासवान, संजय पासवान, शंभू पासवान, जनेश्वर यादव सहित अन्य कई लोगों ने प्रखंड खाद आपूर्ति पदाधिकारी को देने के लिए एक लिखित आवेदन लिखा है। उक्त आवेदन के माध्यम से लाभुकों ने कहा है कि लीलावती स्वयं सहायता समूह के संचालक के द्वारा मनमानी तरीके से राशन वितरण के साथ हम सभी लाभुकों को 20 किलो में एक किलो ग्राम राशन कटौती कर लिया जाता है। साथ ही कहा है कि जन वितरण प्रणाली संचालक के पति संतोष पासवान के द्वारा अभद्र भाषा का भी प्रयोग किया जाता है। अगर लाभुकों द्वारा आवाज उठाया जाता है तो उन लाभुकों का नाम इस समूह से कटवा कर दूसरे जगह भेजवाने का काम किया जाता है। लेकिन इनकी मनमानी रवैया निरंतर चला आ रहा है और इससे यहां अकेला भी काफी परेशान हैं। वही सभी लाभुकों ने प्रखंड खाद आपूर्ति पदाधिकारी से आग्रह किया है कि इससे बेहतर होगा कि यहां से नाम हटाकर हम सभी लाभुकों को अधौरा गरीबा राम के यहां दिलाने का काम किया जाए।

## दहेज उत्पीड़न का फरार आरोपी गिरफ्तार

**गढ़वा।** जिले के मेराल पुलिस ने रविवार को थाना कांड संख्या 92/22 के फरार प्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गेरूआ गांव के करियई जरही टोला निवासी राजेश भुईयां के पुत्र विनोद कुमार भुईयां (21) पर दहेज प्रतिशेध अधिनियम के विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। केस के अनुसंधान के क्रम में फरार चल रहे विनोद कुमार भुईयां को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

## 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के लिए यज्ञ महा कमेटी गठित



बैठक करते लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शान्तिकुंज हरिद्वार के निर्देशन में गढ़वा जिले के मझिआंव प्रखंड मुख्यालय के चन्द्री स्थित नवनिर्मित गायत्री शक्तिपीठ में मां गायत्री की प्रतिमा की प्राणप्रतिष्ठा के अवसर पर एक मार्च से पांच मार्च तक आयोजित 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के लिए यज्ञ महा कमिटी का गठन किया गया। गायत्री परिवार के जिला संयोजक विनोद पाठक के निर्देशन में सर्व सम्मति से राकृष्ण मंदिर के महंत श्री श्री 1008 श्री बाबा केशव नारायण दास को संरक्षक बनाया गया। जबकि सेवानिवृत शिक्षक शिव प्रसाद को यज्ञ महा कमिटी का अध्यक्ष बनाया गया। इसी तरह सेवानिवृत प्रधानाध्यापक महेंद्र नाथ दुबे, सुदेश सिंह, हरिशंकर सोनी, सुनील सिंह, पवन कुमार जायसवाल, अशोक साह, बिरेन्द्र प्रसाद एवं सन्नी चंद्रवंशी को उपाध्यक्ष बनाया गया। साथ ही बिजय कमलापुरी को सचिव तथा अशोक चौरसिया एवं सेवानिवृत अवर निरीक्षक बेचन राम को कोषाध्यक्ष बनाया गया। यज्ञ महा कमिटी में यज्ञशाला की देख रेख के लिए अनिल कमलापुरी की अध्यक्षता में, विनय पाठक, महिला मंडल अध्यक्ष सुनीता चौरसिया, उपाध्यक्ष संतोषी देवी, रिंकी देवी, धर्मशीला देवी सहित महिला मंडल को संयुक्त रूप से यज्ञ शाला का प्रभार सौंपा गया।

## तार के फांसे में फंसने से जानवर घायल



घायल जानवर को देखते रेंजर व अन्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत मकरी पंचायत के दूधमनिया जंगल के बहेरवाखाड़ी में ग्रामीणों के द्वारा जंगली जानवरों को तार के बने फांसे में फंसा कर मारने के लिए लगाए गये फांसे में बीती रात एक स्ट्राप हाईमा जानवर फंसने से बुरी तरह घायल हो गया है। मीडिया ने इसकी सूचना रेंजर प्रमोद कुमार ठाकुर को दी। रेंजर प्रमोद ठाकुर के नेतृत्व में वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। बड़ी मुश्किल से फंदे में फंसे जानवर को निकाला गया। फंदे में फंसने से स्ट्राप हाईमा का पैर एवं गर्दन पूरी तरह जख्मी हो गया है। समाचार लिखे जाने तक गंभीर रूप से घायल जानवर का इलाज वन विभाग द्वारा किया जा रहा था। वहीं क्लच तार से बनाए गए फंदे को जप्त कर लिया गया है। मौके पर वन विभाग के प्रभारी फरेस्टर ओम प्रकाश उरांव, राहुल सिंह, सचित कच्छप, सुनील राय, दयाशंकर सिंह, अरविंद मेहता, निशांत कुमार आदि उपस्थित थे।

**वन्यजीवों की सुरक्षा पर खड़े हुए सवाल :** स्ट्राप हाईमा के फंदे में फंसने की इस ताजा घटना में वन्यजिवों की सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए। इस घटना से साफ है कि जंगल और गांव के सीमाओं पर फंदा लगाकर वन्यजीवों का ड़ल्ले से शिकार किया जा रहा है। इससे पूर्व में भी कैलान, बरवारी, घागरा, लहरहा के जंगलो में फंदा लगाकर जानवरों का शिकार किया जा चुका है। वन विभाग द्वारा शिकारियों को जेल भेजा गया है। इस संबंध में रेंजर ने कहा कि घटनास्थल पर क्लच तार से बनाए गए फंदे किसी वन्यजीवों के शिकार के लिए लगाए गए थे। उन्होंने बताया कि मामले की जांच कर जो भी दोषी होंगे उन पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## स्पीड न्यूज

### वार्ड पार्षद ने किया कंबलों का वितरण

**लातेहार।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 13 मे वार्ड पार्षद इंद्रदेव उरांव ने असहाय व जरूरतमंदों के बीच 50 कंबलों का वितरण किया। मौके पर श्री उरांव ने कहा कि वार्ड के हर जरूरतमंदों के बीच कंबलों का वितरण किया जायेगा। उन्होने कहा कि वार्ड की जनता किसी भी समस्या के समाधान के लिए उनसे संपर्क कर सकती है। उन्होने आगे बताया कि आगामी 14 नवंबर को वार्ड के अमवाटीकर स्कूल में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया जायेगा। उन्होने इस शिविर का लाभ उठाने की अपील की।

### कुएं से मिला युवक का शव

**चंदवा।** चंदवा प्रखंड के अलौदिया पंचायत के शिवाटोली सरना बगीचा के नजदीक खेत में बने कुएं में एक शव होने की बात की सनसनी फैल गयी। सूचना मिलते ही अलौदिया मुखिया प्रतिनिधि संदीप टोप्पो घटनास्थल पर पहुंच कर शव को निकलवाया। आसपास के लोगों ने इस शव की शिनाख्त की, मृतक की पहचान प्रमोद नायक पिता स्व. विमल नायक के रूप में हुई। स्थानीय लोगो द्वारा घटना की सूचना दिए जाने के बाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी मदन कुमार शर्मा सदल बल घटनास्थल पर पहुंचे। शव को अपने कब्जे में लेकर अंत:परीक्षण के लिए लातेहार भेज दिया और अग्रतर कार्रवाई में जुट गए। बताते चलें कि प्रमोद नायक हाल में ही अपनी पत्नी की हत्या के मामले में 10 साल की सजा काटकर नवंबर माह में ही जेल से छूटा है।

### बाइक सहित ट्रैक्टर में लगी बैट्री को अज्ञात चोरों ने चोरी की


जानकारी देता प्रमोद।

**बारियातू।** प्रखंड के बालूभांग पंचायत अंतर्गत हेरनहोपा ग्राम निवासी प्रमोद यादव पिता हरी यादव का बिते रात अज्ञात चोरों ने बाईक व सोनालिका ट्रैक्टर मे लगी बैट्री को चोरी कर लिया। चोरी संबंध मे प्रमोद यादव ने बताया की घर के चारो ओर चारदिवारी दिया हुआ है। चार दीवारी के अंदर हीरो होंडा बाईक एच आर 24एस 3056 खड़ा था। वहीं सोनालिका ट्रेक्टर जेएच 13 ई 9983 भी था। बाईक चोरी करने के साथ साथ ट्रेक्टर का भी बैट्री चोरी कर लिया गया। बाईक व ट्रेक्टर की बैट्री चोरी होने की लिखित शिकायत बारियातू टीओपी मे दे दी गई है। पुलिस हर पहलु पर जाँच कर रही है।

### दुर्घटना में दो घायल, रिम्स रेफर


घायल युवक।

**बालूमाथ।** बालूमाथ-मनिका मुख्य पथ पर हेरहंज थाना क्षेत्र के बिदिर ग्राम के पास सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल हो गये। घायलों में दीपक लोहरा 30 वर्ष पिता सुरेश लोहरा ग्राम साल्वे बारियातु और अवधेश लोहरा 25 वर्ष पिता बिलोखन लोहरा ग्राम बिदिर थाना हेरहंज निवासी शामिल है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार दीपक लोहरा अपने दोस्त अवधेश के साथ अपने ससुराल हेरहंज जा रहा था। इसी दौरान बिदिर ग्राम के पास बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराया और दोनो घायल हो गये। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से दोनो घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेश राम की देखरेख में प्राथमिक उपचार किया गया। वही बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया। दुर्घटना में में दोनो युवकों का पैर टूट गया है।

### पूर्वी जिप सदस्य व प्रमुख ने निर्माण कार्य का लिया जायजा


जायजा लेते जीप सदस्य।

**चंदवा।** रविवार को जिला परिषद सदस्य प्रतिमा देवी प्रमुख मनीषा उरांव, पूर्व पंचायत समिति सदस्य राजू उरांव एवं सामाजिक कार्यकर्ता रोहित यादव, जिला सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र यादव ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल परिसर में बन रहे चहारदीवारी निर्माण, पेवर ब्लॉक बिछाने का काम, अस्पताल के ऊपरी तल्ले में अतिरिक्त कमरे का निर्माण का गहनता पूर्वक जायजा लिया।अस्पताल परिसर में बने भवन को जर्जर बताकर गिराने संबंधी मामले की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान जिला परिषद सदस्य एवं प्रमुख ने कहा कि निर्माण कार्य में काफी अनियमितता दिख रही है। यहां इस परिसर में प्रतिदिन सैकड़ों लोग महिलाएं व बच्चे भी पहुंचते हैं। ऐसे में घटिया निर्माण कार्य कभी भी घातक हो सकता है। इस दौरान जिपस के पति श्री यादव ने विभाग के कनीय अभियंता से दूरभाष पर बात भी की। निर्माण कार्य में अनियमितता की जानकारी ली। इस दौरान संवेदक से भी उन लोगों ने बात की। साथ ही एस्टीमेट की छाया प्रति लेकर अस्पताल परिसर में जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करने की बात कही। इस दौरान जिपस ने स्पष्ट कहा कि तब तक काम बंद रखा जाए। प्रभारी को इससे संबंधित निर्देश भी दिया। मौके पर प्रभारी नंद कुमार पांडे के अलावे चिकित्सा कर्मी एवं मीडिया कर्मी भी मौजूद थे।

## चंदवा के चकला प्लांट के परिसमापन (स्क्रैप उठाव) मामले में आया नया मोड़

# आज होगी दिल्ली उच्च न्यायालय में मामले की सुनवाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

> ➲ दिल्ली उच्च न्यायालय में रैयतों एवं बकायेदारों की ओर से दायर की गयी याचिका

**लातेहार।** जिले के चंदवा प्रखंड के चकला (बाना) स्थित लंबे समय तक बंद रहने व अब चल रहे परीसमापन (स्क्रैप उठाव) मामले में नया मोड़ ले लिया है। उक्त मामले में स्थानीय रैयत दीपू कुमार सिन्हा तथा बकायदार धीरज जायसवाल ने लीगल सॉलिसिटर कंपनी के सौरभ श्रीवास्तव के माध्यम से दिल्ली उच्च न्यायालय में वहां की प्रतिष्ठित कानूनी कंपनी इक्विकॉर्प एसोसिएट्स के साथ मिलकर अपने अधिवक्ताओं आनंद श्रीवास्तव, आशीष श्रीवास्तव तथा समझयोर लेपचा न्यू दिल्ली के माध्यम से याचिका दायर कर दी है। रविवार को दी कार्निवल होटल लातेहार में प्रेस वार्ता आयोजित कर जानकारी देते हुए याचिकाकर्ता दीपू सिन्हा, धीरज जायसवाल, असगर खान, अयूब खान, सौरभ श्रीवास्तव व अन्य ने बताया कि बाना चकला गांव में 2000 मेगावाट का पावर प्लांट अभिजीत ग्रुप द्वारा लगाया जाना था। राज्य सरकार से एमओयू करने के बाद कंपनी को भारत सरकार द्वारा कोल ब्लॉक का आवंटन भी किया गया था। राज्य सरकार से मिले एनओसी कॉल ब्लॉक एवं जमीन के आधार पर उक्त कंपनी ने विभिन्न बैंकों से करोड़ों रुपए का कर्ज लेकर प्लांट निर्माण का कार्य प्रारंभ किया था। कंपनी को आवंटित चकला कोल ब्लॉक रद्द हो जाने के कारण कंपनी का यह निमार्णाधीन पावर प्लांट बंद हो गया और अंततः अपने बकाया रुपए की वसूली हेतु बैंकों ने इंसोल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड 2016 कानून के तहत नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल


प्रेस वार्ता कर जानकारी देते।

(एनसीएलटी) कोर्ट के कोलकाता बेंच में आवेदन करते हुए मामला दायर किया। एनसीएलटी कोर्ट ने उक्त मामले के निष्पादन और बैंक के बकाए की रिकवरी के लिए 10 अक्टूबर 2018 को पंकज धानुका को रिजोल्यूशन प्रोफेशनल (आरपी) नियुक्त किया। मामले का हल नहीं निकलने पर एनसीएलटी कोर्ट ने 8 अक्टूबर 2021को प्लांट की नीलामी की प्रक्रिया का आदेश देते हुए पंकज धानुका को रिजोल्यूशनल प्रोफेशनल से लिक्विडेटर बना दिया। 12 अप्रैल 2022 को (आईबीबीआई) की डिसीप्लिनरी कमिटी ने पंकज धानुका को एक अन्य कंपनी (डीटीटीएलएलपी) के सलाहकार के पद पर होने के कारण 1 साल तक किसी भी तरह के असाइनमेंट को करने से रोकने का आदेश पारित किया। उक्त आदेश को चुनौती देते हुए लिक्विडेटर पंकज धानुका ने दिल्ली उच्च न्यायालय में अर्जी दी जिस पर 12 अप्रैल 2022 को उच्च न्यायालय ने दोनों पक्षों के दलीलों को सुनने की बात कहते हुए मामले की अगली तारीख 14 नवंबर 2022 तय की। कोर्ट में सुनवाई जारी रहते हुए ही बिना कोई स्पष्ट आदेश के लिक्विडेटर पंकज धानुका ने नाटकीय रूप से प्लांट के परिसंपत्तियों के परीसमापन (स्क्रैप) की प्रक्रिया को आगे बढ़ाना शुरू कर दिया। पंकज धनुका के द्वारा इस बाबत आनन-फानन में पारदर्शिता न बरतते हुए कोलकाता के अंग्रेजी अखबारों में प्लांट के स्क्रैप का टेंडर जारी कर दिया। लिक्विडेटर पंकज धानुका द्वारा अपारदर्शी प्रक्रियाओं के तहत मनमाने ढंग से बिना टेंडर सक्सेसर का आदेश सार्वजनिक किए हुए 17 अक्टूबर 2022 से प्लांट के स्क्रैप का उठाव शुरू कर दिया गया। उक्त मनमाने और गैर कानूनी प्रक्रिया के दौरान लिक्विडेटर पंकज धानुका के द्वारा स्थानीय रैयतो, बकायेदारों एवं कामगारों तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों को बिना विश्वास में लिए हुए निरंतर स्क्रैप उठाव का काम किया जा रहा है। पंकज धानुका के द्वारा इस तरह से किए जा रहे स्क्रैप के उठाव से स्थानीय लोग, रैयत, जनप्रतिनिधि एवं हितधारकों में भारी रोष व्याप्त है और इस प्रक्रिया के खिलाफ निरंतर विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। उक्त मामले में स्थानीय रैयत दीपू कुमार सिन्हा तथा बकायदार धीरज जायसवाल ने लीगल सॉलिसिटर कंपनी के सौरभ श्रीवास्तव के माध्यम से दिल्ली उच्च न्यायालय में वहां की प्रतिष्ठित कानूनी कंपनी इक्विकॉर्प एसोसिएट्स के साथ मिलकर अपने अधिवक्ताओं आनंद श्रीवास्तव, आशीष श्रीवास्तव तथा समझयोर लेपचा न्यू दिल्ली के माध्यम से याचिका दायर कर दी है। माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय में उक्त मुकदमे की सुनवाई 14 नवंबर 2022 को निर्धारित है जिसमें दीपू कुमार सिन्हा और धीरज जायसवाल को इंटरवेनर मानते हुए उक्त मामले की सुनवाई होनी है। माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय में दायर इस याचिका से स्थानीय कामगारों, रैयतों और बकायेदारों को बड़ी राहत मिलने तथा अपारदर्शी तरीके से प्लांट में हो रहे स्क्रैप उठाव के बंद होने की संभावना है।

श्री सिन्हा और धीरज जायसवाल के दिल्ली उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर देने से हाशिए पर धकेल दिए जा रहे रहे रैयतों, कामगारों, जनप्रतिनिधियों एवं बकायेदारों में हर्ष व्याप्त है। उक्त मामले का केस नंबर जो माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय में सूचीबद्ध किया गया है वह धीरज जायसवाल और दीपू कुमार सिन्हा के मामले में क्रम से 1868662/2022 एवं 1868682/2022है।

## मानव जीवन ईश्वर का महान प्रसाद है: विज्ञानदेव महाराज

# विहंगम योग समारोह के दूसरे दिन हुआ 11 सौ कुंडीय विश्व शांति वैदिक महायज्ञ


भक्तों को संबोधित करते संत।


विहंगम योग समारोह में उपस्थित लोग।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** प्रखंड के लुकुईया स्थित महर्षि सदाफल देव आदर्श गोशाला परिसर चल रहे दो दिवसीय विहंगम योग समारोह के दूसरे दिन रविवार को 1101 कुंडीय विश्व शांति वैदिक महायज्ञ का आयोजन किया गया। महा यज्ञ में 5 हजार से भी अधिक की संख्या में भक्तजन शामिल हुए। इस मौके पर मौजूद भक्तों को सम्बोधित करते हुए संत प्रवर विज्ञान देव महाराज ने कहा कि मानव जीवन ईश्वर का महान प्रसाद है। विश्व के केन्द्र में मनुष्य ही है जो यह जान सकता है कि यह जीवन है क्या? हम जीवन कहें या सत्य कहें बात एक है। जीवन को ठीक-ठीक जान लिया, इसका अर्थ है हमने परमसत्य का साक्षात कर लिया। वहीं संत प्रवर श्री ने जय स्वर्वेद कथा के दौरान कहा कि आज मन पर नियंत्रण न होने से समाज में विसंगतियाँ बढ़ रहीं हैं। उन्होंने बताया कि विहंगम योग की वैज्ञानिक क्रियात्मक साधना के द्वारा हम अपने अशान्त मन को क्रमशः नियंत्रित और संयमित करते हैं। इसके पूर्व प्रातः6 से 8 बजे तक शारीरिक आरोग्यता के निमित्त आश्रम से आए कुशल योग प्रशिक्षकों द्वारा आसन प्राणायाम एवं ध्यान का सत्र संचालित हुआ। दिन में 11 बजे से 1101 कुंडीय विश्वशांति वैदिक महायज्ञ का शुभारंभ संत प्रवर श्री विज्ञान देव महाराज के द्वारा अ अंकित श्वेत ध्वजारोहण कर दीप प्रज्जवन के साथ हुआ।कार्यक्रम में विहंगम योग संत समाज झारखंड के उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, महामंत्री ललित सिंह, परामर्शक विष्णुकांत खेमका, कन्हैयालाल अग्रवाल, शोभाराम यादव, जिला संयोजक नवाहिर उरांव, उपेंद्र मिश्रा, मिथिलेश सिंह समेत हजारों लोग उपस्थित रहे।

### बीएस कालेज की सुधा द्वितीय झारखंड छात्र संसद में लातेहार का करेगी प्रतिनिधित्व


छात्रा सुधा कुमारी।

**लातेहार।** बनवारी साहु महाविद्यालय की छात्रा सुधा कुमारी आगामी 24 नवंबर को आहुत द्वितीय झारखंड छात्र संसद में लातेहार जिला का प्रतिनिधत्व करेगी। बीएस कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविका सुधा कुमारी सदर प्रखंड के कुलगड़ा गांव की रहने वाली है। उसका चयन 12 नवंबर को द्वितीय झारखंड छात्र संसद के लिए किया गया है। वहीं सुधा ने कहा कि झारखंड छात्र संसद में उसका चयन होने से वह बहुत खुश है। उसे कोई सपना सच होने जैसा लग रहा है। उसने कहा कि वह एनएसएस की एक स्वयंसेविका है। एनएसएस में छात्रों को राष्ट्रीय भावना से देश व समाज का काम करना सीखाया जाता है। वह भी समाज के लिए कुछ करना चाहती है। खास कर बच्चों की शिक्षा देना एवं जरूरमंदों की मदद करना उसे अच्छा लगता है। सुधा के इस उपलिब्ध पर महाविद्यालय शासी निकाय के सचिव अंजू गुप्ता, प्राचार्य पीके तिवारी व एनएसएस के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो नवल किशोर प्रसाद आदि ने शुभकामनायें दी है।

# तैलिक साहू समाज की बैठक संपन्न

## बालूमाथ कमेटी का किया गया पुनर्गठन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** बालूमाथ के गेरुआ टाड़ सामुदायिक भवन में तैलिक साहु समाज की एक बैठक आदित्य नारायण साहू की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष गोविंद प्रसाद साहू एवं पलामू प्रमंडल युवा अध्यक्ष विशाल चंद्र साहू उपस्थित थे। बैठक में बालूमाथ कमिटि का पुर्नगठन किया गया। सर्वसम्मति से आदित्य नारायण साहू को प्रखंड अध्यक्ष मनोनित किया गया। जबकि कार्यकारी अध्यक्ष महेश्वर साहू व राजेंद्र साहू (चावल) को बनाया गया। इसके अलावा अरुण साहू जिला उपाध्यक्ष, व उपेंद्र रंगीला को युवा प्रखंड उपाध्यक्ष बनाया गया. बैठक का संचालन रंजीत प्रसाद साहू ने किया। इससे पहले बैठक का शुभारंभ दानवीर भामाशाह और मां कर्मा बाई के


बैठक करते तैलिक समाज के लोग।

चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर किया गया। जिला अध्यक्ष गोविंद प्रसाद ने कहा कि राष्ट्र व समाज के निर्माण में तैलिक साहु समाज के योगदानों को भूलाया नहीं जा सकता है। लेकिन उन्हें वह हक व अधिकार नहीं मिला, जिसके वे वास्तविक हकदार हैं। प्रमंडलीय युवा अध्यक्ष विशाल चंद साहू ने युवाओं को संगठित होने की अपील की। बैठक में प्रेम प्रसाद गुप्ता, युवा जिला अध्यक्ष विजय प्रसाद, जिला उपाध्यक्ष देवनंदन प्रसाद, जिला महासचिव सूरज शाह, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष त्रिवेणी साहू, राम कुमार गुप्ता, बलेश्वर साव, वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता, रविंद्र प्रसाद गुप्ता, बबलू प्रसाद साव, सुनील कुमार गुप्ता, राजेश कुमार गुप्ता, धर्मदेव प्रसाद गुप्ता, रामदेव प्रसाद, हरि साव, अमीत कुमार गुप्ता, मुंशी साव अशोक साव, अर्जुन साव, त्रिवेणी साव, जगन साव, वासुदेव साव, दिनेश कुमार, योगेंद्र प्रसाद, जयप्रकाश गुप्ता, ईश्वरी साव, अर्जुन साव व अशोक साव समेंत कई लोग उपस्थित थे।

## एक नजर में

### पोखरी में युवा समाजसेवी ने मृतक के परिजनों को खाद्य सामग्री व सहायता राशि करायी मुहैया


मृतकों के परिजनों को खाद्य सामग्री देते समाजसेवी व अन्य।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत स्थित मनिका पंचायत के ग्राम पोखरी में युवा समाजसेवी अभिषेक कुमार सिंह के द्वारा पोखरी के मृतक बाबूलाल सिंह के परिजनों को कामकाज के लिए खाद सामग्री एवं नगद सहायता राशि भी मुहैया करवाया गया। ताकि मृतक व्यक्ति के कामकाज में परिवार वालों को सहयोग मिल सके। बताते चलें कि युवा समाजसेवी अभिषेक सिंह के द्वारा अपने पंचायत क्षेत्र में लगातार इस तरह का समाज सेवा का कार्य किया जाता है। मौके पर अभिषेक कुमार सिंह ने कहा कि हमारे पंचायत क्षेत्र के ग्रामीणों को कोई भी दुख तकलीफ होता है तो हमें बताएं हम आपके साथ हमेशा निस्वार्थ भाव से खड़ा रहेंगे। मौके पर घनश्याम सिंह, ग्राम प्रधान पोखरी सुखलाल सिंह, राम प्रसाद सिंह, उदय भुइया, गुप्तेश्वर यादव, कमलेश सिंह, गणेश यादव, उमेश यादव, गोविंद यादव, सुरेंद्र ठाकुर, अंकित कुमार, शंभू पासवान, रामचंद्र सिंह, एवं मृतक के परिजन भी उपस्थित थे।

### मुखिया की अगुवाई में ग्रामीणों ने श्रमदान से की मरमर नदी के पास पथ की मरम्मत


श्रम दान कर सड़क बनाते ग्रामीण।

**चंदवा।** चंदवा प्रखंड के माल्हन पंचायत अंतर्गत मरमर गांव के ग्रामीणों ने मुखिया जतरु मुंडा की अगुवाई में श्रमदान कर मरमर नदी के समीप नदी के छोर पर क्षतिग्रस्त हुए ग्रामीण पथ को मरम्मती की। बता दें की यह सड़क मरमर गांव को चंदवा प्रखंड मुख्यालय को जोड़ती है। बरसात मे नदी के नदी के बहाव के कारण किनारे चढ़ान में लोगों को आवागमन करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। नदी में पुल नहीं होने के कारण बरसात मे मुख्यालय से संपर्क टूट जाता है व दूसरे गांव मे रात गुजरना पड़ता है ' मौके पर मुखिया जतरू कुमार मुंडा ने ग्रामीणों को आश्वासन देते हुए कहा कि समस्या को ध्यान में रखते हुए उक्त स्थान पर पीसीसी पथ निर्माण का प्रयास किया जाएगा। मुखिया श्री मुंडा ने मरमर के ग्रामीणों को श्रम दान जैसे महान कार्य करने पर साधुवाद देते हुये कहा कि ग्रामीण चाहे तो श्रम दान से बड़े बड़े कार्य कर सकते है, बस एकता की जरूरत है। मौके पर गोविंद भोगता, दीनू मुंडा, रघु गंझु, सूरज गंझु, सुरेश गंझु, राजेंद्र गंझु, पार्शनाथ गंझु, विकास गंझु, सुभाष गंझु, विशु लोहरा, विजय लोहरा, राजमोहन गंझु, अर्जुन गंझु, दर्शन गंझु, बालकीशोर भोगता समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

### डीएमओ के नेतृत्व में की गयी वाहन चेकिंग


वाहन जांच करते अधिकारी व अन्य।

> ➲ नियम के विपरित वाहन में चिप्स ले जाते तीन वाहन पकड़ाया
>
> ➲ वाहनों को सुरक्षा अभिरक्षा के तहत थाना को किया गया सुपूर्द

**मनिका।** मनिका प्रखंड के थाना के समीप दिन रविवार को प्रात: दस बजे लातेहार जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार के नेतृत्व में वाहन चेकिंग किया गया। वाहन चेकिंग के दौरान नियम के विपरित चिप्स ले जाते तीन वाहन को पकड़ा गया एवं पकड़े गए वाहनों को सुरक्षा अभिरक्षा के तहत थाना को सुपूर्द कर दिया। जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने बताया कि अवैध खनन एवं परिवहन के रोक थाम को लेकर मनिका थाना के समीप थाना प्रभारी शुभम कुमार के साथ वाहनों की जांच की गयी,जांच के क्रम में तीन वाहनों को नियम के विरूद्ध चिप्स ले जाते हुए पकड़ा गया,जिसमें वाहन संख्या जेएच 03 एजी 8509 में चिप्स लदा हुआ था,जब चालक से कागजात की मांग की गयी तो कोई भी कागजात नहीं दिखा गया,जबकि वाहन संख्या जेएच 03 एएच 9442 एवं जेएच 19 सी 9337 में चलान से अधिक चिप्स पाया गया। जिस पर कार्रवाई करते हुए वाहनों को सुरक्षा अभिरक्षा के तहत थाना को सुपूर्द कर दिया। जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने कहा है कि अवैध खनन,भंडारण एवं परिवहन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा,अवैध खनन भंडारण एवं परिवहन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर थाना प्रभारी शुभम कुमार,एएसआई परमानंद सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।

## सड़क निर्माण में पुल और पुलिया के कार्य में संवेदक द्वारा बरती जा रही है अनियमितता

# जमीन की सतह से नीचे बनाये जा रहे है कलवर्ट

**नहीं हो पाएगी पानी की निकासी**

> ➲ नावाडीह से अमवाटीकर के बीच पड़ने वाले पुल में पिलर की गहराई जांच का विषय

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** सुदूरवर्ती क्षेत्रों में निवास करने वाले ग्रामीणों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत सड़कों का निर्माण कराया जाता है। लेकिन निर्माण कार्य के दौरान संबधित अधिकारियों की अनदेखी के कारण संवेदक द्वारा मानक को ताक पर रख कर निर्माण कार्य पूर्ण करा दिया जाता है। जिससे की सड़कों और पुल-पुलिया की स्थिति निर्माण के बाद से ही काफी दयनीय हो जाती है। ताजा मामला बरवाडीह प्रखंड के चुंगरू पंचायत से आया है। जहां लाभर से नावाडीह होते हुए अमवाटीकर तक हो रहे सड़क निर्माण कार्य में संवेदक द्वारा अनियमितता बरते जाने का जीता जागता प्रमाण देखने को मिल रहा है।


कलवर्ट के निर्माण में गुणवत्ता की हो रही अनदेखी।

### क्या कहते हैं कार्यपालक अभियंता

वहीं इस संबंध में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यपालक अभियंता दीपक कुमार से दूरभाष पर बात की गई तो उन्होंने कहा कि मामले को गंभीरता से देखा जाएगा। क्योंकि यह महत्वपूर्ण सड़क है। उन्होंने यह भी कहा कि जो भी कमियां होगी उसे अविलंब दूर कराया जाएगा।

### निर्माण में की जा रही है तकनीकी खामियां

जानकारी देते चले कि लाभर से अमवाटीकर सड़क निर्माण के दौरान चूड़रवा के पास बरसाती पानी पार होने के लिए बनाए जा रहे छोटे-छोटे पुलियों के निर्माण में संवेदक द्वारा अनियमितता बरती जा रही है। पुलियों में पानी निकासी के लिए बनाए जा रहे कल्वर्ट मिट्टी के सतह के नीचे दब गए हैं। जिसको लेकर ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के समय बरसाती पानी सड़क के इस ओर से उस ओर पार नहीं हो पाएगा। जिस वजह से किसानों को समस्या का सामना करना पड़ सकता है। वहीं बरसाती पानी से सड़क को भी नुकसान हो सकता है। लेकिन पैसे बचाने के लिए संवेदक द्वारा पुलिया निर्माण में बड़ी तकनीकी खामियां की जा रही है। जिससे कई गांवों को जोड़ने वाली इस महत्वपूर्ण सड़क की लाइफ खराब हो जायेगी।

### बरसात में खतरे में पड़ जायेगा पुल का भविष्य

वहीं नावाडीह से अमवाटीकर के बीच पड़ने वाली वह नदी जिसमें बरसात के दिनों में पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण पानी का बहाव काफी तेज हो जाता है। संवेदक द्वारा इसमें पुल का निर्माण कराया जा रहा है। जिसमें नींव की गहराई काफी कम खोदी जा रही है। स्थानीय लोगों का मानना है कि पहली बरसात में ही पानी का बहाव तेज होने पर यह पुल पूरी तरह ध्वस्त हो जायेगी। इसकी नींव कम से कम दस से पन्द्रह फिट होनी चाहिए लेकिन संवेदक द्वारा वर्तमान में महज छह से सात फिट ही खुदाई की गई हैं। जिसमें एक पिलर की ढलाई का कार्य लगभग जमीन लेबल तक कर दिया गया है, जो कि जांच का विषय है।

स्पीड न्यूज

## गोमो में रेल पटरी से शव बरामद,जांच में जुटी पुलिस

**गोमो।** हरिहरपुर पुलिस ने रविवार की सुबह गोमो आद्रा लाइन के पोल संख्या 353 13 और 14 के बीच से एक अज्ञात युवक का शव बरामद किया है। मृतक सादा रंग का शर्ट,जैकेट तथा काले रंग का फूल पैंट पहने हुए है। रेल पटरी पर शव मिलने की सूचना पर काफी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे तथा उसके पहचान करने का प्रयास किया लेकिन शव की पहचान नहीं हो सकी। खबर की सूचना पर महुदा आरपीएफ के सहायक अवर निरीक्षक मनोज कुमार दास भी पहुंचे और मामले की जानकारी ली।

## बीएसएल में क्वेंचिंग कार का उद्घाटन

**बोकारो।** सीओ एवं सीसी विभाग के बैटरी संख्या 3 एवं 4 के क्वेंचिंग लोको.01 का कैपिटल रिपेयर के उपरान्त ईडी ;वर्क्सद्धबी के तिवारी द्वारा उद्घाटन किया गया।मौके पर सीओ व सीसी विभाग के सीजीएम राकेश कुमारएजीएम ए जी रावएअशोक कुमारएपी एस कुमारएबी एन मंडलएआर एन बिस्वासएएस दास सहित अन्य वरीय अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।क्वेंचिंग लोको.01 सीओ एवं सीसी विभाग का अहम् उपकरण है जिसका कैपिटल रिपेयर विभाग के कर्मियों ने आंतरिक संसाधनों से पूरा किया। इस लोको के रिपेयर हो जाने से इसकी कार्य क्षमता में वृद्धि होगी एवं परिचालन में समग्र रूप से बेहतरी आएगी।

## 3 वार्ड और 11 पंचायत में कार्यक्रम आज

**धनबाद।** राज्य सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आपकी योजना – आपकी सरकार – आपके द्वार कार्यक्रम के द्वितीय चरण में सोमवार को 3 वार्ड व 11 पंचायत में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सोमवार को धनबाद प्रखंड के सियालगुदरी पंचायत भवन, पूर्वी टुण्डी उकमा पंचायत भवन, कलियासोल उरमा पंचायत भवन, निरसा उपचुरिया पंचायत सचिवालय के सामने, बाघमारा में तेतुलिया – 2, खरखरी, टुण्डु व आकाशकिनारी के पंचायत मुख्यालय, एग्यारकुण्ड शिवलीबाड़ी पूरब पंचायत भवन, गोविन्दपुर तिलावनी व कलदर पंचायत भवन, धनबाद नगर निगम वार्ड 44 में गुजराती स्कूल झरिया, वार्ड 46 में हाई स्कूल कुजामा व वार्ड 49 में विवाह भवन नुनूडीह में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।
उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री संदीप सिंह निरसा के उपचुरिया में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## विधायक राज सिन्हा ने अस्पताल के बंद लिफ्ट को चालू कराया

**धनबाद।** धनबाद विधायक राज सिन्हा ने शहीद निर्मल महतो चिकित्सा मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में विधायक निधि से लगायी गई लिफ्ट को चालू कराया।

## कोयला चुराने के दौरान चार युवक झुलसे

**धनबाद ।** बीसीसीएल कुसुंडा क्षेत्र के ऐना फायर प्रोजेक्ट (आरके माइनिंग) के कोल डंप से कोयला चुराने गए चार युवक बुरी तरह से झुलस गए।आनन-फानन में उनके अन्य साथियों ने किसी तरह से चारों को उठा कर झरिया के एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया, जहां से चिकित्सक ने चारों को स्थिति गंभीर देख धनबाद एसएनएमएमसीएच रेफर कर दिया। घायल युवकों में शिमलाबहाल बस्ती के सन्नी कुमार (22), शाहबाज (20), राजू (17) एवं मुस्तकीम (35) हैं। झुलसने की खबर मिलते ही पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही सभी के परिजन अस्पताल पहुंचे।

## कन्वेयर बेल्ट की चपेट में आने से मजदूर घायल

**झरिया।** बीसीसीएल के पाथरडीह कोल वाशरी स्थित जेएसडब्ल्यू मोनेट में रविवार को कार्य के दौरान कन्वेयर बेल्ट की चपेट में आने से पुरुषोत्तम महतो नामक मजदूर घायल हो गया। उसे तत्काल सीएससी चास नाला लाया गया।जहां से धनबाद रेफर किया गया है।

# शासन और जनता के बीच पारदर्शिता लाना संगठन का उद्देश्य: समिद खान

खबर मन्त्र संवाददाता



**कतरास / महुदा ।** अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के महिला विंग की जिला अध्यक्ष सुमन वासान एवं झा. प्रदेश महासचिव सुभाष वासान की अध्यक्षता में एक बैठक रविवार को कतरास स्थित भगत मोहल्ला में संगठन की जिला स्तरीय बैठक संपन्न हुई। वहीं बैठक में मुख्य अतिथि के रूप झा. प्रदेश अध्यक्ष समिद खान उपस्थित हुए और जिला स्तरीय कमिटी विस्तार की जानकारी लिया। इस बैठक मे राज्य स्तरीय तथा जिला स्तरीय पदाधिकारियो सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोगो ने हिस्सा लिया। बैठक मे संगठन के विस्तार और उद्देश्य को लेकर चर्चा हुई है। इस बीच 10 दिसंबर को विश्व मानवाधिकार दिवस पर होने वाले कार्यक्रम को लेकर भी चर्चा हुई। बैठक के दौरान अफसरशाही अधिकारी-कर्मचारियों का आम लोगों के प्रति व्यवहार अस्पतालों एवं विभिन्न सरकारी संस्थानों में लोगों के साथ दुर्व्यवहार, गरीबी रेखा से नीचे जीवन-यापन करने वाले लोगों को बीपीएल कार्ड जारी करवाने, पीएम आवास एवं अन्य जन हितैषी योजनाओं का पात्र परिवारों को लाभ देने के विषय पर चर्चा हुई। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष समिद खान, प्रदेश महासचिव सुभाष वासान, ज़िला अध्यक्ष सुमन वासान, उपाध्यक्ष कंचन चौरसिया, उपाध्यक्ष अमित भगत, महासचिव रविंद्र विजन, सचिव सुमन गुप्ता, सचिव विपिन लाल, कार्यकारी सदस्य रीता विजन उपस्थित थे। मुख्य अतिथि समिद खान ने कहा इस संगठन के माध्यम से हम शासन और जनता के बीच पारदर्शिता लाने अर्थात शासन की योजनाओं को जनता तक सरल तरीके से पहुँचाने का काम करेंगे। इसके साथ हमे इस संगठन में मजबूती से काम करने के लिए सदस्यों और पदाधिकारियो की संख्या पूरी करनी है और बढानी है। ताकि राज्य के प्रत्येक जिले में संगठन मजबूती से काम कर सके इन्हीं मुद्दों पर चर्चा हुई है। जिला अध्यक्ष सुमन वासान ने कहा इस संगठन का उद्देश्य आम लोगों के अधिकारो को लेकर जागरूक करना, उनके साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ आवाज उठाना ही संगठन का उद्देश्य है।

### हर्ल सिंदरी गेट पर धरना अब 23 को

**सिन्दरी ।** पूर्वघोषित कार्यक्रम के अनुसार भारतीय उर्वरक श्रमिक संघ ने 14 नवंबर को हर्ल गेट पर होने वाले एकदिवसीय धरना को स्थगित करते हुए रविवार को बैठक में बताया कि दूसरे राजनीतिक दल द्वारा कार्यक्रम को लेकर एकदिवसीय महाधरना आगामी 23 नवंबर को हर्ल मुख्य द्वार आयोजित होगा। कल्याण केन्द्र में आयोजित बैठक में भारतीय मजदूर संघ जिलाध्यक्ष बलदेव महतो ने युवाओं को जोश भरते हुए कहा कि हर्ल में स्थायी नियोजन लड़कर लेना होगा। उन्होंने कहा कि बरौनी व गोरखपुर हर्ल खाद कारखाना में सिन्दरी के स्थानीय लोगों को नियोजन नहीं दे रही है।बैठक में जिलाध्यक्ष बलदेव महतो, भाउश्रसं सिन्दरी नगर अध्यक्ष शिवलाल रजवार, समीर बाउरी, जयदेव महतो, शिवलाल रजवार, निताई रजवार, धीरज सिंह, विजय कुमार नाहा, धर्मवीर चालक, गौतम डे, प्रदीप गोराई, संजय बाउरी, मनोज बाउरी, कन्हया मोदक, विजय पॉल, रजक बाउरी, मनोज बाउरी, गणेश टुडू, राजू महतो, विजय महतो आदि उपस्थित थे।

## रेजांगला बलिदान दिवस पर 18 नवंबर को निकलेगी रैली

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** 18 नवंबर को रेजांगला बलिदान दिवस को भव्य रूप से मनाए जाने को लेकर प्रदेश यादव महासभा के द्वारा आज धनबाद के विभिन्न क्षेत्रों जनजागरण अभियान चलाया गया। इस अवसर पर युवा यादव महासभा के जिला अध्यक्ष राकेश रंजन उर्फ चुन्ना यादव ने जानकारी देते हुए कहा कि अधिक से अधिक संख्या में यादव समाज केंदुआ चिल्ड्रेन पार्क में उपस्थित होंगे। वहां से रेजांगला शौर्य यात्रा रैली निकाली जायेगी जो शहर के मुख्य मार्ग से होकर धनबाद रणधीर वर्मा चौक पहुंचेगी और फिर वहाँ से एक प्रतिनिधि मंडल अहीर रेजिमेंट की मांग को लेकर उपायुक्त महोदय को ज्ञापन सौपेगा। मौके पर उपस्थित अशोक यादव ने बताया कि रेजांगला के वीर अहीर धाम से देश की पवित्र मिट्टी लाई गयी है उस मिट्टी को नमन करते हुवे रेजांगला बलिदान दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर सुधीर यादव, बाबूलाल सांवरिया, विक्रांत यादव, मुकेश यादव, अशोक यादव, बलराम यादव, मिथुन यादव, कामेश्वर यादव, उमाशंकर यादव, चंदन यादव, रोहित यादव ,राजेश यादव, छोटू यादव, पिंटू यादव सहित दर्जनों लोग जनजागरण में शामिल रहे। जनजागरण अभियान मुख्य रूप मुख्य रूप से मटकुरिया, धनसार, बैंक मोड़, गांधी नगर, भूली आदि क्षेत्रों में चलाया गया जिसमें यादव समाज के लोगों को रेजांगला शौर्य यात्रा में शामिल होने का आमंत्रण दिया गया।

## सबका साथ सबका विकास प्राथमिकता: रानी

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिन्दरी ।** धनबाद नगर निगम के वार्ड नं 55 पार्षद प्रत्याशी रानी कन्डुलना ने युवाओं को रोजगार दिलाने की योजना को प्राथमिकता दी। वर्ष 2015 के नगर निगम चुनाव में 1103 वोटों से द्वितीय स्थान पर रहने वाली पार्षद प्रत्याशी ने जोरदार वादों के साथ धनबाद नगर निगम चुनाव में अपनी जीत को दर्ज कराने की बात कही है।

उन्होंने अपने आवासीय कार्यालय पर प्रेसवार्ता के दौरान कही कि सिन्दरी के युवाओं को रोजगार दिलाने में कोई कसर बाकी नहीं रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि वार्ड नं 55 क्षेत्र में बिजली, सड़क, महिलाओं को नगर निगम से मिलने वाली सुविधाएँ, ओडीएफ मुक्त क्षेत्र सहित कई अन्य समस्याएँ वर्ष 2015 की तरह अभी भी ज्वलंत मुद्दों में शामिल है। उन्होंने क्षेत्र की जनता को आश्वस्त किया है कि पार्षद बनते ही क्षेत्र का विकास को भी प्राथमिकता के पाएदान पर रखेगी। उन्होंने पिछले चुनाव में वार्ड नं 55 में द्वितीय स्थान पर पहुँचाने के लिए क्षेत्र की जनता को धन्यवाद देते हुए कहा कि विकास के लिए आपका साथ जरुरी है। उन्होंने अपने चुनाव कार्यक्रम के लिए सबका साथ सबका विकास के उद्घोष को प्राथमिकता दी है।



### प्रेसवार्ता में थे शामिल

प्रेसवार्ता में उमेश प्रसाद, इंद्रमोहन सिंह, पवन शर्मा, दिवास बेहरा, रंजन सिंह, मनीष सिन्हा, अंकित कुमार सिंह, जगदेव सिंह, मुन्ना सिंह, सत्येंद्र सिंह, दीपक चौरसिया, दीपक डे, प्रकाश कुमार, संजय प्रसाद, इंदुबाला देवी, उमा देवी, नीतू सिंह, सरिता देवी, प्रतिमा गोप, काजल मुखर्जी, उमा शर्मा, अनिता श्रीवास्तव, रेखा देवी, नीरु खोसला, सरस्वती देवी सहित वार्ड नं 55 के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## मुखिया ने चार को हज के लिए किया रवाना

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/फुसरो।** पेटरवार प्रखंड अंतर्गत चलकरी उत्तरी पंचायत के चार हाजीयों युसूफ अंसारीए समरूद्दीन अंसारीए महबूब अंसारी और उनकी अहल्या मैरून निशा को पंचायत के मुखिया अकलेश्वर ठाकुर व पंसस इन्द्रजीत कुमार मंडल के नेतृत्व में हज के लिए रवाना किया गया। हज के लिए रवाना होने से पूर्व हाजीयों ने पूरे पंचायत में भ्रमण कर लोगों से दुआ सलाम किया। इस दौरान उनके साथ लोगों का पूरा हुजुम चल रहा थाण गाँव भ्रमण करने के बाद हाजीयों ने पंचायत एवं क्षेत्र के लोगों के लिए अमन.चैन के लिए दुआ कियाण साथ ही हाजियो को पंचायत के मुखिया एवं पंसस सहित दर्जनो की संख्या में लोग बोकारो स्टील सिटी स्टेशन रवाना करने गये। मौके पर अंजुमन के सदर वाजिद अलीए सेक्रेट्री हैदरए कटहल टोला के सदर निजाम अंसारी ए सेक्रेट्री कलीम अंसारीए अशोक मंडल आदि मौजूद थे।



### खैराचातर में जीपीडीपी ग्राम सभा

**कसमार।** कसमार प्रखंड के खैरा चातर पंचायत के गरैयांकुदर गांव में जीपीडीपी के तहत विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा की अध्यक्षता खैराचातर पंचायत के मुखिया विजय कुमार जयसवाल ने की। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं को जमीनी स्तर पर लाने के लिए पंचायत में ग्राम सभा किया जाएगा।

## बोकारो: कोटपा धारा के तहत लगे अर्थदंड की वसूली

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** माराफारी थाना प्रभारी उज्जवल कुमार के निर्देश में सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम.2003 ;ब्व्ज्च्.2003द्ध की धारा 4 य 6ए 6बी के तहत छापामारी माराफारी थाना क्षेत्र के झोपडी कालोनीए रितुडीहए आजाद नगरए सिवनडीह बोकारो में की गईए जिसमें कुल 12 दुकानों व व्यक्तियों का चालान काटकर 2400 रुपये अर्थदंड की वसूली की गई। यह सभी लोग कोटपा कानून का उल्लंघन करते हुए पाए गए जिसमें कोटपा 2003 की धारा 4ए 6ए एवं 6बी के तहत अर्थदण्ड लिया गया।जिला परामर्शी मो० असलम द्वारा बताया गया कि कोटपा 2003 की विभिन्न धाराओं का अनुपालन करने हेतु बोकारो जिला के सभी थाना क्षेत्र में लगातार अभियान जारी है। कोटपा 2003 की विभिन्न धारा के तहत कानूनी कार्रवाई करने सहित सभी दुकानदारों को सख्त निर्देश दिया गया कि किसी भी तम्बाकू उत्पाद का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से विज्ञापन करना प्रतिबन्धित है।इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि मो० असलम जिला परामर्शी तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रमए माराफारी थाना का छापामारी दस्ता उपस्थित थे।

## बास्केटबॉल प्रतियोगिता में सिंदरी कॉलेज का कब्जा

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिन्दरी।** सिन्दरी कॉलेज सिन्दरी द्वारा कल्याण केन्द्र बास्केटबॉल कोर्ट में आयोजित बीबीएमकेयू तीसरे अंतरकॉलेजीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता का समापन सिन्दरी कॉलेज सिन्दरी पुरुष वर्ग द्वारा आर भी एस कॉलेज बोकारो को 68-49 से पराजित कर संपन्न हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि बीबीएमकेयू उपकुलपति सुखदेव भोई ने महिला व पुरुष खिलाड़ियों में उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल से आत्मविश्वास बढ़ता है और देश व समाज की तरक्की होती है। शनिवार को महिला वर्ग के फाइनल मैच में गुरुनानक कॉलेज धनबाद ने एकतरफा खेल का प्रदर्शन करते हुए सिन्दरी कॉलेज सिन्दरी को 13-0 से हराकर प्रतियोगिता पर अपना कब्जा जमाया था। पुरुष वर्ग के फाइनल मैच में सिन्दरी कॉलेज सिन्दरी ने आर भी एस कॉलेज बोकारो को 68-49 से हराकर प्रतियोगिता के समापन का आगाज किया। सिन्दरी कॉलेज सिन्दरी के प्राचार्य डॉ नकुल प्रसाद ने बताया कि विजेता व उपविजेता टीम को कप व प्रतिभागियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया है।

## लोक अदालत में 62873 वादों का निपटारा

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार बोकारो कुमारी रंजना अस्थाना के निदेर्शानुसार आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन पीडीजे सह अध्यक्षए जिला विधिक सेवा प्राधिकार बोकारो द्वारा न्याय सदन में उपायुक्त सह. उपाध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार बोकारो कुलदीप चौधरीए पुलिस अधीक्षक सह सदस्य जिला विधिक सेवा प्राधिकार बोकारो चन्दन कुमार झा की उपस्थिति में किया गया । इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीशए कुटुम्ब न्यायालय आलोक कुमार दुबेए पीठासीन पदाधिकारी श्रम न्यायालय अनुज कुमारए जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम बोकारो पवन कुमारए जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश तृतीय बोकारो राजीव रंजनए जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश चतुर्थ बोकारो योगेश कुमार सिंहए मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी बोकारो दिव्या मिश्राए अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी बोकारो लूसी सोसेन तिग्गाए सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार बोकारो निभा रंजना लकड़ाए प्रभारी न्यायाधीशए व्यवहार न्यायालय बोकारो मौजूद थे।

## खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन विधायक ने किया उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोमो।** बिनोद बिहारी महतो इंटर महिला कॉलेज मदेयडीह तोपचाँची में आयोजित चार दिवसीय प्रखंड स्तरीय वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता सह बाल दिवस समारोह -2022 का दूसरा दिन पर मुख्य अतिथि अतिथि मथुरा प्रसाद महतो (विधायक टुंडी सह पूर्व मंत्री झारखण्ड सरकार ), विशिष्ट अतिथि डॉ. आर. पी. मिश्रा पूर्व प्राचार्य राजगंज इंटर कॉलेज राजगंज, विशिष्ट अतिथि डॉ बाल्मीकि कुमार यूनिट हेड टाटा, जगदीश चौधरी (विधायक प्रतिनिधि) के कर कमलों के द्वारा खेल का शुभारंभ किया गया । दौड़ में प्रथम स्थान बेबी कुमारी, द्वितीय स्थान स्थान में आयशा, तथा तृतीय स्थान में पूजा कुमारी, रिले रेस खेल में प्रथम स्थान बेबी ग्रुप, द्वितीय स्थान में आरती ग्रुप, तथा तृतीय स्थान में लक्ष्मी ग्रुप, थ्री लेग रेस में प्रथम स्थान रानी एवं सुनीता कुमारी, द्वितीय स्थान में अंजली कुमारी एवं कुमकुम कुमारी तथा तृतीय स्थान में तनु कुमारी एवं कविता कुमारी, बोरा दौड़ में प्रथम स्थान में राखी कुमारी, द्वितीय स्थान मे सुनीता रानी तथा तृतीय स्थान में सुनीता कुमारी, एवं सुई धागा खेल में नरगिस परवीन, द्वितीय स्थान में राखी कुमारी तथा तृतीय स्थान में एवं कुमकुम कुमारी पर हैं।

### मौके पर थे मौजूद

मौके पर प्राचार्य उत्तम कुमार महतो, प्राचार्य डॉ नरेंद्र सिंह, प्राचार्य कार्तिक कुमार महतो, राज कुमार महतो (प्रीत साहूबहियार ), खूब लाल महतो, ओम प्रकाश महतो, धीरजू प्रसाद महतो, बनेश्वर टुडू, सरिता गुप्ता, राजेश कुमार महतो, बलदेव प्रसाद महतो, बबिता कुमारी, मंजु कुमारी, फरहत अंजुम, रूपा कुमारी, रेणुका कुमारी,अनिल रजवार, शिवा महतो, इकबाल अंसारी, आरती देवी, भिखनी देवी इत्यादि थे ।

एक नजर में

## बुटिक ऑफ इंडिया प्रदर्शनी का उद्घाटन



**धनबाद।** दो दिवसीय बुटिक्स ऑफ इंडिया प्रदर्शनी के दूसरे संस्करण का उद्धघाटन रविवार को धनबाद के होटल वेडलॉक ग्रीन्स में किया गया। इस प्रदर्शनी का उद्धघाटन मुख्य अतिथि निर्मला तुलसियान,प्रांतीय पूर्व अध्यक्ष, मारवाड़ी महिला समिति, झारखंड व पूर्व अध्यक्ष भारत विकास परिषद व बुटिक्स ऑफ इंडिया के संस्थापक एवं सीईओ संजय अग्रवाल द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस दो दिवसीय प्रदर्शनी में 40 स्टॉल लगाए गए हैं, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों के डिजाइनर ज्वेलरी, कपड़े, घरेलू सजावट उत्पाद, फुटवेयर्स आदि ग्राहकों के लिए उपलब्ध हैं। बुटिक्स ऑफ इंडिया के संस्थापक एवं सीईओ संजय अग्रवाल ने बताया कि हम ग्राहकों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए इस प्रदर्शनी को यहाँ लेकर आए हैं। यहाँ ग्राहक विभिन्न प्रकार के उत्पादों की खरीदारी कर अपनी जरूरतों को पूरा कर सकते हैं। फैशन में स्थानीय पसंद को ध्यान में रखते हुए देश भर से ब्रांडों को चुनते हुए पूरे देश से प्रीमियम ब्रांडों को इस प्रदर्शनी के लिए चयनित किया गया है।

## शिविर में मतदाता सूची में जोड़े गये नाम



**बोकारो।** जिला प्रशासन की ओर से बोकारो के सभी मतदान केंद्रों में विशेष शिविर का आयोजन किया गया जिसमें बीएलओ सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक मौजूद रहे। शिविर में मतदाता सूची में नाम जुड़वाने से संबंधित आवेदन दस्तावेजों के साथ प्रपत्र छह भर कर बीएलओ द्वारा लिया गया।मतदाता सूची में नाम जोड़ने के अलावा आमजन ने मतदाता सूची से अपना नाम विलोपनए संशोधनए स्थानांतरण आदि के लिए भी आवेदन दिया ।जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने सभी बीएलओ को पूर्व में इस बाबत निर्देश जारी किया था।

## 75 वर्षीय कुंती देवी को मिली पेंशन

**बोकारो।** मुख्यमंत्री के निदेर्शानुसार पूरे सूबे में संचालित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जरूरतमंद लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। इसी कड़ी में बोकारो जिले के कसमार प्रखंड के बरईकलां पंचायत में आयोजित शिविर में पहुंची 75 वर्षीय कुंती देवी पति मेहीलाल महतो को सर्वजन पेंशन योजना के तहत वृद्धा पेंशन की स्वीकृति दी गई।उन्होंने बताया कि उम्र ज्यादा होने के कारण वह प्रखंड एवं जिला मुख्यालय नहीं जा सकती थी। आज पंचायत क्षेत्र में शिविर आयोजन की जानकारी मिलने पर वह अपने परिजन के साथ मौके पर पहुंची। जहां कुंती देवी को वृद्धा पेंशन स्वीकृति पत्र सौंपा गया।

## बाघमारा प्रखंड सभागारमें जिला विधिक सेवा प्राधिकार कार्यक्रम का आयोजन

**बाघमारा।** रविवार को बाघमारा प्रखण्ड कार्यालय सभागार कक्ष में जिला विधिक सेवा प्राधिकार (धनबाद) का प्रखण्ड विकास पदाधिकारी श्री सुनील कुमार प्रजापति के अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में न्यायिक दंडाधिकारी श्री सिद्धांत तिग्गा, विशिष्ट अतिथि जिला सांसद प्रतिनिधि श्री रामा शंकर तिवारी, प्रखण्ड प्रमुख श्रीमती गीता देवी, अंचलाधिकारी श्री कमल किशोर सिंह, पेनल अधिवक्ता श्री जय राम मिश्रा एवं श्री गौतम गोप उपस्थित थे। संबोधन में वक्ताओं ने कहा कि संविधान से हम सभी को सामाजिक जीवन जीने के लिए बहुत सारे अधिकार प्राप्त है परंतु कानूनी जानकारी के अभाव में अधिकांश लोग न्यायिक लाभ लेने से वंचित रह जाते हैं इसका मुल कारण है कि आम लोगों को संविधान और न्यायिक प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त नहीं हो पाना। वक्ताओं ने कहा कि इस तरह की विधिक सेवा प्राधिकार जागरूकता कार्यक्रम अधिकांश गांव – कस्बों में कराने की आवश्यकता है जिससे आम नागरिक सीधा लाभ उठा सकते हैं। इस अवसर पर पेंशन योजना, जॉब कार्ड, अंबेडकर भवन एवं ट्राई साइकिल दर्जनों लाभुकों के बीच स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किया गया। मौके पर दर्जनों ग्राम पंचायत मुखिया, पंचायत समिति सदस्य एवं महानुभाव शामिल थे।

## पेज एक का शेष

### स्थापना दिवस के...

राष्ट्रपति के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से लेकर राजभवन तक की दूरी तय की गयी। इस दौरान रांची डीसी, एसपी समेत कई पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

**राष्ट्रपति का देवघर दौरा भी रद्द :** राष्ट्रपति बनने के बाद वह पहली बार झारखंड आ रही हैं। राष्ट्रपति का दो दिवसीय (14-15 नवंबर) दौरा था जिसमें संसोधन किया गया है। रांची में आयोजित स्थापना दिवस के विशेष कार्यक्रम में शामिल होने से पहले वे देवनगरी देवघर में बाबा का दर्शन करने के बाद देवघर एयरपोर्ट से रांची एयरपोर्ट के माध्यम रांची पहुंचने वाली थीं लेकिन अब उनका देवघर दौरा रद्द कर दिया गया है।

### सीएम देंगे कई योजनाओं ...

जी प्लस आठ भवन वाले इस अस्पताल भवन को बीते दिनों ही सिविल सर्जन को हैंडओवर किया गया था। प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं को सरकार तीन योजनाओं की सौगात देगी। इसमें गुरुजी क्रेडिट कार्ड, मुख्यमंत्री शिक्षा प्रोत्साहन योजना, एकलव्य प्रशिक्षण योजना शामिल हैं। मुख्यमंत्री सारथी योजना को भी लॉच किया जायेगा। इसके तहत युवाओं को कौशल प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षण के तीन माह के भीतर रोजगार नहीं मिलने पर सरकार युवाओं को प्रतिमाह 1000 रुपये और युवतियों एवं दिव्यांगों को प्रतिमाह 1500 रुपये भत्ता देगी।नगर विकास विभाग की ओर से बनाये गये लालपुर वेजिटेबल मार्केट का सीएम उदघाटन करेंगे। डिस्टलरी पुल तक सड़क किनारे सब्जी बेचने वाले फुटपाथी दुकानदारों को नगर निगम की इसमें शिफ्ट करेगी। देवघर में राज्य के सबसे खूबसूरत और अत्याधुनिक सुविधा से लैस इंटरस्टेट बस अड्डा उदघाटन किया जायेगा। फिर इसे देवघर नगर निगम को हैंडओवर कर दिया जायेगा। प्रोजेक्ट भवन के पास नेहरु पार्क का उदघाटन, कई नगर निकायों में वाटर सप्लाई योजना का शिलान्यास होगा। इंडस्ट्रियल पार्क एंड लॉजिस्टिक पॉलिसी 2022 लागू होगा। परियोजना लागत का 50 प्रतिशत तक सब्सिडी दिये जाने का प्रावधान है। 10 एकड़ में पांच यूनिट क्षमता के पार्क बनाने पर सात करोड़ रुपये सब्सिडी मिलेगा। 15 एकड़ में छह यूनिट क्षमता के पार्क बनाने पर 9.55 करोड़, 25 एकड़ में आठ यूनिट क्षमता के पार्क बनाने पर 14.65 करोड़, 40 एकड़ में 11 यूनिट की क्षमता पर 22.30 करोड़ व 75 एकड़ में 18 यूनिट क्षमता के पार्क बनाने पर 40 करोड़ रुपये तक सब्सिडी मिलेगी। इलेक्ट्रिकल व्हीकल पॉलिसी 2022 व झारखंड इंथेनॉल प्रोडक्शन पॉलिसी-2022 लॉच किया जायेगा।

# राम मंदिर के साथ बनेगी अयोध्या की धन्नीपुर मस्जिद

## दिसंबर 2023 तक तैयार हो जायेगा ढांचा

एजेंसी



**लखनऊ।** सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर अयोध्या में मुसलमानों को दी गई जमीन पर मस्जिद का निर्माण दिसंबर 2023 तक पूरा होने की उम्मीद है। यह जानकारी मस्जिद निर्माण का कार्य कर रहे ट्रस्ट ने दी। मस्जिद का निर्माण करा रहे 'इंडो-इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन ट्रस्ट' के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। अगर ऐसा हुआ तो यह एक संयोग होगा कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण मुकम्मल होने के आसपास ही मस्जिद के ढांचे की तामीर भी पूरी हो जाएगी।

जिस जमीन पर इस मस्जिद का निर्माण कराया जाएगा वह राम जन्मभूमि बाबरी मस्जिद मामले में उच्चतम न्यायालय द्वारा सुनाए गए आदेश के अनुपालन में मुस्लिम पक्ष को दी गई है। उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड ने मस्जिद निर्माण के लिए इंडो इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन ट्रस्ट का गठन किया है। ट्रस्ट के सचिव अतहर हुसैन ने रविवार को बताया कि हमें इस महीने के आखिर तक अयोध्या विकास प्राधिकरण से मस्जिद, अस्पताल, सामुदायिक रसोई, पुस्तकालय और रिसर्च सेंटर का नक्शा मिल जाने की उम्मीद है। उसके फौरन बाद हम मस्जिद का निर्माण कार्य शुरू कर देंगे। उन्होंने कहा, ₹वैसे तो फाउंडेशन मस्जिद के साथ बाकी चीजों का भी निर्माण शुरू कराएगी लेकिन क्योंकि मस्जिद छोटी है इसलिए उसके जल्द बनकर तैयार हो जाने की संभावना है। हालांकि इसके निर्माण की कोई समय सीमा नहीं तय की गई है मगर उम्मीद है कि (दिसंबर 2023 तक हम मस्जिद का ढांचा तैयार कर लेंगे। हुसैन ने बताया कि मस्जिद और अन्य सुविधाओं का निर्माण उसी डिजाइन के अनुरूप किया जाएगा जो ट्रस्ट ने पहले जारी किया था।

### राम मंदिर में भी शुरू हो जाएगी पूजा-अर्चना

**मौलवी शाह के नाम पर जाना जाएगा कॉम्प्लेक्स :** उन्होंने बताया कि मस्जिद का नाम 'धन्नीपुर अयोध्या मस्जिद' होगा जबकि मस्जिद तथा अन्य सभी सुविधाओं के पूरे परिसर को 'मौलवी अहमदुल्लाह शाह कॉम्पलेक्स' के तौर पर जाना जाएगा। उन्होंने कहा कि अहमदुल्लाह शाह महान स्वतंत्रता सेनानी थे। गौरतलब है कि श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने अयोध्या में राम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर का निर्माण दिसंबर 2023 तक मुकम्मल हो जाने की बात कही है। संभावना है कि मस्जिद का निर्माण भी इसी समय तक पूरा हो जाएगा। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने पिछली 25 अक्टूबर को बताया था कि मंदिर का निर्माण दिसंबर 2023 तक पूरा कर लिया जाएगा और जनवरी 2024 में मकर संक्रांति के बाद मंदिर में विधिवत दर्शन-पूजन शुरू कर दिए जाएंगे। सुप्रीम कोर्ट ने नौ नवंबर 2019 को अयोध्या के अरसे पुराने मामले में फैसला सुनाते हुए विवादित स्थल की 2.77 एकड़ जमीन मंदिर बनाने के लिए हिंदू पक्ष को देने का आदेश दिया था। साथ ही मुसलमानों को अयोध्या में ही किसी प्रमुख स्थान पर मस्जिद निर्माण के लिए पांच एकड़ जमीन देने का हुक्म जारी किया था। न्यायालय के आदेश के अनुपालन में जिला प्रशासन ने सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड को धन्नीपुर गांव में जमीन दी थी।

**मस्जिद परिसर में अस्पताल, रसोई, लाइब्रेरी :** बोर्ड द्वारा मस्जिद निर्माण के लिए गठित इंडो इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन ट्रस्ट ने इस जमीन पर एक मस्जिद के साथ-साथ एक अस्पताल, सामुदायिक रसोई पुस्तकालय और एक शोध संस्थान के निर्माण का फैसला किया था। फाउंडेशन के सचिव हुसैन ने बताया कि शुरू में यह चैरिटेबल अस्पताल 100 बेड का होगा, जिसे बाद में बढ़ाकर 200 बेड का किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके अलावा सामुदायिक रसोई में शुरूआती चरण में रोजाना 1000 लोगों के लिए भोजन तैयार किया जाएगा।

**2 हजार लोगों के लिए बनेगा रसोई घर :** उन्होंने बताया कि बाद में उसकी क्षमता को बढ़ाकर 2000 किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सामुदायिक रसोई में अस्पताल के मरीजों और तीमारदारों के साथ-साथ कोई भी जरूरतमंद मुफ्त में भोजन कर सकेगा। उन्होंने बताया कि फाउंडेशन ने प्रगतिशील सोच के साथ इंडो इस्लामिक रिसर्च सेंटर और एक पुस्तकालय के निर्माण का भी फैसला लिया है ताकि क्षेत्र के लोगों को इसका फायदा मिले। हुसैन ने बताया कि करीब एक महीने पहले मस्जिद तथा अन्य सुविधाओं के लिए अग्निशमन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र हासिल करने के आवेदन पर हुई पड़ताल के दौरान विभाग ने मस्जिद की ओर जाने वाला रास्ता कम चौड़ा होने को लेकर आपत्ति की थी। उन्होंने कहा कि इस बारे में फौरन जिला प्रशासन को सूचित किया गया और प्रशासन ने इस पर तत्काल कदम उठाते हुए रास्ता चौड़ा करने के लिए दी जाने वाली अतिरिक्त जमीन की नाप-जोख की प्रक्रिया पूरी कर ली है।

## स्पीड न्यूज

### स्काईरूट का रॉकेट प्रक्षेपण 18 तक टला

**नयी दिल्ली।** हैदराबाद स्थित अंतरिक्ष स्टार्टअप स्काईरूट एयरोस्पेस ने रविवार को कहा कि खराब मौसम की वजह से भारत के पहले निजी तौर पर विकसित रॉकेट विक्रम-एस का उप-कक्षीय 18 नवंबर तक स्थगित हो गया है। स्काईरूट एयरोस्पेस के प्रवक्ता ने कहा, ह्लखराब मौसम के पूवार्नुमान के कारण, हमें श्रीहरिकोटा से हमारे विक्रम-एस रॉकेट प्रक्षेपण के लिए 15-19 नवंबर तक एक नयी विंडो दी गई है, जिसकी सबसे संभावित तारीख 18 नवंबर को सुबह 11:30 बजे है।

### मुंबई हवाई अड्डे पर 32 करोड़ का सोना जब्त

**मुंबई।** मुंबई स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने अलग-अलग अभियानों में 32 करोड़ रुपये मूल्य का 61 किलोग्राम सोना जब्त किया है, जो विभाग द्वारा एक दिन में हवाई अड्डे पर जब्त इस बहुमूल्य धातु की सर्वाधिक मात्रा है। यह जानकारी एक अधिकारी ने रविवार को दी। अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार को सोना जब्त किये जाने के साथ कम से कम सात यात्रियों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें दो महिलाएं भी शामिल हैं।

### थलसेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे फ्रांस रवाना

**नयी दिल्ली।** थलसेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे तेजी से बदल रही भू-राजनीतिक स्थिति के बीच भारत तथा फ्रांस की सेनाओं में विश्वास के बंधन को और मजबूत करने के उद्देश्य से चार दिवसीय दौरे पर रविवार को फ्रांस रवाना हो गए। जनरल पांडे फ्रांस के शीर्ष सैन्य अधिकारियों के साथ व्यापक बातचीत करेंगे, जिनमें चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ, थलसेना प्रमुख और लैंड कॉम्बैट फोर्सेज के कमांडर शामिल हैं।

### हिमाचल में 74.61 प्रतिशत मतदान

शिमला। हिमाचल प्रदेश की 68 सदस्यीय 14वीं विधानसभा के लिये शनिवार को हुये चुनावों के अब तक प्राप्त आंकड़ों के अनुसार लगभग 74 .61 प्रतिशत मतदान हुआ है लेकिन अभी बैलेट से किये गये मतदान के आंकड़े आने बाकी है और इस तरह मतदान 75 प्रतिशत तक या इसे भी पार कर सकता है। अब देखना यह है कि क्या इस बार मतदान 2017 के 75 .57 प्रतिशत के रिकार्ड को ध्वस्त कर देगा। राज्य में इससे पहले वर्ष 2012 में 72 .69 प्रतिशत और वर्ष 2007 में 71.61 प्रतिशत मतदान हुआ था। निर्वाचन आयोग ने राज्य में इस बार 80 प्रतिशत मतदान का लक्ष्य रखा था। अनेक केंद्रों पर शनिवार रात्रि 10 .30 बजे के बाद तक मतदान होता रहा।

# भारत शांति का पक्षधर, यदि कोई आंख दिखायेगा तो करारा जवाब देंगे : राजनाथ

### सेना को अत्याधुनिक और स्वदेशी हथियारों से किया जा रहा है लैस : रक्षा मंत्री

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारत शांति का पक्षधर है लेकिन कमजोर नहीं है और यदि कोई हमारी ओर आंख उठाकर देखेगा तो उसे इसका करारा जवाब दिया जायेगा।

रक्षा मंत्री ने रविवार को हरियाणा के झज्जर में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जोर देकर कहा कि राष्ट्रीय हितों की रक्षा करना सरकार का मुख्य फोकस है और देश को भविष्य की चुनौतियों से बचाने के लिए सेना को अत्याधुनिक और स्वदेशी रूप से विकसित हथियारों तथा उपकरणों से लैस किया जा रहा है।

उन्होंने देश को आश्वस्त किया कि सशस्त्र बल भारत पर बुरी दृष्टि रखने वाले किसी को भी मुंहतोड़ जवाब देने के लिए पूरी तरह से सुसज्जित हैं। उन्होंने कहा कि भारत अब निर्बल देश नहीं है। हम शांति में विश्वास रखते हैं, लेकिन अगर कोई हमें नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा तो हम उसका मुंहतोड़ जवाब देंगे. हमारे जवानों ने इसे बार-बार साबित किया है। 2016 सर्जिकल स्ट्राइक, 2019 बालाकोट एयरस्ट्राइक और गालवान घाटी की घटना के दौरान हमारे सैनिकों द्वारा दिखाई गई बहादुरी हमारे कौशल और



तैयारियों का प्रमाण है। रक्षा मंत्री ने भारत की वैश्विक छवि का उल्लेख करते हुए कहा कि विश्व अब भारत को उत्सुकतापूर्वक सुनता है। सरकार के प्रयासों के कारण भारत अब विश्व की शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि आने वाले समय में देश शीर्ष तीन बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देशों में शामिल होगा।श्री सिंह ने इस बात पर भी बल दिया कि सरकार ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस, पृथ्वीराज चौहान और मराठा योद्धा छत्रपति शिवाजी जैसी हस्तियों से प्रेरणा ली है और अपनी सांस्कृतिक विरासत की रक्षा करते हुए भारत की आकांक्षाओं को साकार करने के लिए काम कर रही है। उन्होंने इस वर्ष लाल किले की प्राचीर से स्वतंत्रता दिवस के संबोधन के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा परिकल्पित 'नए भारत' के संकल्प 'अमृत काल के पंच प्राण' का भी उल्लेख किया। रक्षा मंत्री ने कहा कि औपनिवेशिक मानसिकता से छुटकारा पाने के लिए सरकार ने राजपथ का नाम बदलकर कर्तव्य पथ करने सहित इंडिया गेट परिसर में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की भव्य प्रतिमा की स्थापना, मराठा योद्धा छत्रपति शिवाजी से प्रेरित पताका से नौसेना को ससज्जित करने और ब्रिटिश काल से चले आ रहे करीब 1500 निर्थरक कानूनों को समाप्त करने सहित कई पहल की हैं।

श्री सिंह ने 2023 में भारत के जी-20 की अध्यक्षता के लोगो में कमल के फूल के होने पर कुछ लोगों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि कमल राष्ट्रीय फूल है, जो भारत की सांस्कृतिक अस्मिता से जुड़ा है।

## इजराइल के राष्ट्रपति ने नेतन्याहू को सरकार बनाने का दिया आमंत्रण



**यरुशलम।** इजराइल के राष्ट्रपति आइजैक हर्जोग द्वारा रविवार को नयी सरकार बनाने के लिए आधिकारिक तौर पर आमंत्रित किए जाने के बाद बेंजामिन नेतन्याहू ने वादा किया कि वह सभी लोगों के प्रधानमंत्री होंगे। एक नवंबर को हुए चुनाव के कुछ दिन बाद राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि नेसेट (इजराइल की संसद) के 64 सदस्यों का समर्थन हासिल करने वाले नेतन्याहू को अगली सरकार बनाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पिछले चार वर्षों में देश में यह पांचवां चुनाव था। हर्जोग ने राष्ट्रपति निवास पर एक बैठक के दौरान नेतन्याहू को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया। इजराइल के सबसे लंबे समय तक सेवारत नेता रहे नेतन्याहू (73) देश के 74 साल के इतिहास में किसी भी अन्य प्रधानमंत्री से ज्यादा-पांच बार चुनाव जीतकर नेतृत्व कर चुके हैं। नेतन्याहू के पास सरकार बनाने के लिए 28 दिन का समय होगा। यदि समय बढ़ाने की जरूरत होती है, तो राष्ट्रपति के पास चौदह अतिरिक्त दिन तक का समय देने का कानूनी अधिकार है।

## राष्ट्रपति पर अपमानजनक टिप्पणी मामले में मंत्री के खिलाफ प्राथमिकी

**कोलकाता।** टीएमसी के नेता और पश्चिम बंगाल के मंत्री अखिल गिरि की मुश्किल बढ़ी।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पर की विवादित टिप्पणी को लेकर मंत्री पर बंगाल में भाजपा ने पूर्वी मिदनापुर जिले के नंदीग्राम थाना में प्राथमिकी के बाद, अभिनेत्री से राजनेता बनी हुगली सीट सांसद लॉकेट चटर्जी ने नई दिल्ली में एक पुलिस स्टेशन में भी प्राथमिकी दर्ज कराई। सांसद के अनुसार, राष्ट्रपति के खिलाफ इस तरह की अपमानजक टिप्पणी न केवल महिलाओं का अपमान है, बल्कि देश के पूरे आदिवासी समुदाय का अपमान है, क्योंकि द्रौपदी मुर्मू उस समुदाय की पहली भारतीय राष्ट्रपति हैं। लॉकेट चटर्जी ने कहा कि टीएमसी की वास्तविक कल्चर है। उनके नेता महिलाओं का अपमान करने में आगे हैं, खासकर अगर वह महिला आदिवासी समुदाय से आती हैं। वे बंगाल में आदिवासी विकास के बार में बड़े-बड़े दावे करते हैं, लेकिन टीएमसी के नेता की ओर इस तरह की अपमानजनक टिप्पणी, जो एक मंत्री और उनके नेताओं की वास्तविक मानसिकता को दर्शाता है।

## मंत्री गडकरी आज झारखंड और बिहार को जोड़ने वाले पंडुका पुल का करेंगे शिलान्यास

### कोईलवर से भोजपुर फोरलेन सड़क का भी करेंगे लोकार्पण

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना ।** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी सोमवार को बिहार में कई योजनाओं का करेंगे उद्घाटन और शिलान्यास। कोईलवर से भोजपुर फोरलेन सड़क का करेंगे लोकार्पण। इस सड़क की लंबाई 44 किलोमीटर है और निर्माण लागत 1662 करोड़ रुपये है। इस सड़क के माध्यम से पूर्वांचल एक्सप्रेस वे की संपर्कता मिल रही है। लखनऊ के रास्ते दिल्ली आना-जाना होगा आसान। दिल्ली पहुंचने में 15 घंटे की जगह अब 10 घंटा लगेगा। इसके अलावा आरा शहर में लगने जाम से भी



मुक्ति मिलेगी। इस सड़क के लिए 37 अंडरपास, पांच बड़े पुल और 13 छोटे पुल बनाए गए हैं।

दूसरी सड़क भोजपुर से बक्सर के बीच की है। कोईलवर से भोजपुर आनेवाली फोरलेन सड़क इससे मिल रही है। भोजपुर-बक सर फोरलेन सड़क को एनएच-84 के नाम से जाना जाता है। इसकी लंबाई किलोमीटर और निर्माण लागत 1728 करोड़ रुपये है। दोनों सड़क पटना-बक्सर फोरलेन के पैकेज में शामिल है। इन दोनों सड़कों का उद्घाटन बक्सर के अहरौली में होगा। गडकरी रोहतास के नौहट्टा में पंडुका पुल का शिलान्यास करेंगे। इसकी लागत 210 करोड़ रुपये है। इस पुल के बनने से पंडुका से झारखंड के गढ़वा की दूरी 200 किलोमीटर से घटकर 63 किलोमीटर हो जाएगी। इस पुल बन जाने सासाराम, डेहरी ऑनसोन और औरंगाबाद के लोगों को जाम से भी मिलेगी मुक्ति। बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश के लोगों को सहज संपर्कता उपलब्ध होगी।

## रॉकी व रानी की प्रेम कहानी 28 अप्रैल को होगी रिलीज




**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह और अभिनेत्री आलिया भट्ट की जोड़ी वाली फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी 28 अप्रैल 2023 को रिलीज होगी। करन जौहर निर्मित रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में रणवीर सिंह,आलिया भट्ट ,धर्मेंद्र, जया बच्चन और शबाना आजमी की अहम भूमिका है।

करण जौहर ने इस फिल्म की डेट अनाउंस करते हुए लिखा कि आखिरकार वक्त आ गया है अपने घर यानी सिनेमाघरों में लौटने का। ये बहुत प्राउड फील करने की बात है। मैंने एक नहीं बल्कि कई बेहतरीन स्टार्स के साथ काम किया। रॉकी और रानी की प्रेम कहानी एक फैमिली ड्रामा है, जो हमारी परंपराओं की जड़ों से जुड़ा है। इस फिल्म की कहानी परंपराओं की जड़ों तक जाती है। इसमें बहुत ही शानदार म्यूजिक है। अपनी फैमिली और फ्रेंड्स के साथ पॉपकॉन खरीदे और प्यार से फिल्म को देखें। मैं और मेरी टीम काफी एक्साइडेट है। ये बताते हुए कि हमारी फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी सिनेमाघरों में आएगी 28 अप्रैल 2023 को।




## जानकी ने जीता दिल, टी-20 वर्ल्ड कप की क्लोजिंग सेरेमनी में दिया कमाल का परफॉर्मेंस

मेलबर्न। भले ही भारत टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में नहीं पहुंच सका है। लेकिन, उसका जलवा मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर रविवार को भी रहा। यहां फाइनल मुकाबले से पहले भारतीय मूल की जानकी ने मनमोहक प्रस्तुतियां दी। 13 साल की जानकी ने मेलबर्न के मैदान पर 90 हजार दर्शकों के सामने रॉकबैन्ड आईसआउस के साथ परफार्म किया। उन्होंने 'वी कैन गेट टुगेदर' गाया। इस प्रस्तुति में जिम्बाब्वे के थांडे सिकविला ने भी उनका साथ दिया। जानकी कलाकृति स्कूल ऑफ म्यूजिक से कर्नाटक संगीत की शिक्षा हासिल कर रही हैं। उन्हें मशहूर संगीतकार शोभा शेखर ने संगीत की शिक्षा दी है। जानकी का परिवार भारतीय मूल का है और पिछले 15 साल से ऑस्ट्रेलिया में रह रहा है।



जानकी का परिवार भारतीय मूल का है और 15 साल से ऑस्ट्रेलिया में रह रहा है। उनके पिता अनूप दिवाकरन और मां दिव्या रवींद्रन केरल को कोझीकोड़ की रहने वाली हैं। जानकी को ऑस्ट्रेलिया में पिछले साल लोकप्रियता लोकप्रिय म्यूजिक रियलिटी शो द वॉइस ऑस्ट्रेलिया से मिली थी। वे वर्ल्ड कप की क्लोसिंग सेरेमनी में हिस्सा लेने वाले ऑल टाइम सबसे कम उम्र की कंटेस्टेंट हैं। वे इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न, इंडियन फैशन वीक ऑस्ट्रेलिया में गा चुकी हैं। उनके पारंपरिक दक्षिण भारतीय परिधानों ने ऑस्ट्रेलिया के लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। क्छ्उ एक ऐसा कार्यक्रम करना चाहता था, जिसमें सभी पीढ़ी और संस्कृति के लोग शामिल रहें और इस लिहाज से जानकी उनकी कसौटी पर खरी उतरीं और उन्हें ये बड़ा मंच अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने के लिए मिल गया।

**6 साल से संगीत सीख रही हैं :** संगीतकारों के परिवार से ताल्लुक रखने वाली जानकी को महज 6 साल की उम्र में कर्नाटक संगीत सीखने का मौका मिला। जानकी ने बताया, उनके पिता और दोनों भाई गायक हैं। पिता के छोटे भाई अरुण गोपन एक प्रोफेशनल सिंगर हैं। पिता के चाचा केवी शिवदास एक गायक, कंपोजर और संगीत शिक्षक हैं। मेरी मां को भी संगीत का बड़ा शौक है।

## श्रीलंका में होगा 2024 अंडर-19 मेंस वर्ल्ड कप

नयी दिल्ली। 2024 अंडर-19 मेंस वर्ल्ड कप श्रीलंका में आयोजित किया जाएगा। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आइसीसी ) ने 2024 से 2027 के बीच अंडर-19 के होने वाले वर्ल्ड कप के मेजबान देशों की घोषणा कर दी है। वहीं 2026 की मेजबानी जिम्बाब्वे और नामीबिया को संयुक्त रूप से सौंपी गई है। वहीं 2025 का अंडर-19 विमेंस वर्ल्ड कप मलेशिया और थाईलैंड संयुक्त रूप से आयोजित करेगा। जबकि 2027 में होने वाले वर्ल्ड कप की जिम्मेदारी बांग्लादेश और नेपाल को संयुक्त रूप से सौंपी गई है।

**2027 वनडे वर्ल्ड कप के लिए कैसे क्वालीफाई करेंगी टीमें**

आइसीसी ने 2027 में साउथ अफ्रीका और जिम्बाब्वे में होने वाले वर्ल्ड कप के लिए के लिए क्वालिफिकेशन को स्पष्ट कर दिया है। इस वर्ल्ड कप में 14 टीमें भाग लेंगी। साउथ अफ्रीका और जिम्बाब्वे होस्ट कंट्री होने की वजह से डायरेक्ट क्वालीफाई करेंगी। जबकि 8 टीमें उस समय के वनडे वर्ल्ड रैंकिंग के आधार पर क्वालीफाई करेंगी। वहीं 4 टीमें क्छ्उ के ग्लोबल क्वालिफायर टूनार्मेंट के तहत चुनी जाएंगी।

**2024 विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप में 10 टीमें भाग लेंगी :** आइसीसी ने 2024 में महिलाओं के होने वाली टी-20 वर्ल्ड कप के लिए भी टीमों के क्वॉलिफिकेशन की घोषणा कर दी है। इस वर्ल्ड कप में 10 टीमें खेलेंगी। इनमें से 8 टीमें 27 फरवरी 2023 के वर्ल्ड रैंकिंग के आधार पर डायरेक्ट क्वालीफाई करेंगी। जबकि 2 टीमें का चयन आइसीसी के ग्लोबल क्वॉलिफायर के आधार पर किया जाएगा।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० रॉंची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 120 | Hindi | ₹ 100 |
| English | ₹ 120 | English | ₹ 120 |
| Mathematics | ₹ 120 | Mathematics | ₹ 120 |
| Science | ₹ 120 | Science | ₹ 120 |
| Social Science | ₹ 120 | Social Science | ₹ 120 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 80 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran – II | ₹ 100 | Hindi Vyakaran – II | ₹ 100 |
| English Grammar– II | ₹ 100 | English Grammar– II | ₹ 100 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 70 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 70 |
| Hindi Practical | ₹ 50 | Hindi Practical | ₹ 50 |
| English Practical | ₹ 50 | English Practical | ₹ 50 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 60 | Science Practical | ₹ 55 |
| S. Science Practical | ₹ 60 | S. Science Practical | ₹ 60 |
| Sanskrit Practical | ₹ 50 | Sanskrit Practical | ₹ 50 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 60 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 60 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !